kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-244 ❑ मंगलवार, 07 अक्टूबर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



इस वर्ष अयोध्या में दीपोत्सव के दौरान 26 लाख से अधिक दीये एक साथ प्रज्वलित कर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी की जा रही है। इस आयोजन में 33 हजार स्वयंसेवक भगवान श्रीराम के नाम पर दीप जलाएंगे। **जयवीर सिंह**

नौसेना के नए पोतों का नामकरण होगा छत्तीसगढ़ की नदियों के नाम पर 11

मुख्यमंत्री वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में हुए एनडीएमसी के कार्यक्रम में शामिल हुईं 12

## संक्षेप

### लखनऊ नगर निगम ने सहारा शहर को किया सील

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित सहारा शहर में सोमवार सुबह से नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया है। नगर निगम की तरफ से यह कार्रवाई शर्तों के उल्लंघन और लीज की समय सीमा के समाप्त होने को देखते हुए की गई है। आज सुबह करीब 11 बजे ही नगर निगम की टीम पूरी तैयारी के साथ सहारा शहर पहुंची और सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान सहारा के कुछ कर्मचारियों ने इसका विरोध भी किया। उनका आरोप है कि उनमें से कुछ का समान अदंर है, जिसे निकालने का मौका तक नही मिला। अधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों को सामान और फाइलें बाहर निकालने का अवसर दिया गया है। कार्रवाई के दौरान कुछ कर्मचारियों ने वेतन न मिलने और बिना पूर्व सूचना के हटाए जाने को लेकर विरोध जताया। कुछ कर्मचारियों ने नारेबाजी की, लेकिन मौके पर पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह ने बताया कि यह जमीन नगर निगम की है, जिसे पहले लीज पर सहारा को दी गई थी। लीज शर्तों का उल्लंघन किए जाने पर निगम ने इसे अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू की है। शाम तक पूरा सहारा शहर खाली कराकर सील कर दिया जाएगा। दरअसल, पूरा सहारा शहर 170 एकड़ की जमीन में फैला हुआ है, इसको 1994 में 30 साल की लीज पर दिया गया था। इसमें सहारा समूह को जमीन पर आवासीय योजना और ग्रीन बेल्ट को विकसित करने के लिए पांच साल दिए गए थे, लेकिन 1995 में आवासीय योजना के संबंध में सहारा शहर को नोटिस दिया गया था और यह नोटिस काम ठीक से न होने के कारण दिया गया था। तब नगर निगम की तरफ से यह पूछा भी गया था कि ऐसे में क्यों ना लीज निरस्त कर दी जाए। इसके बावजूद सहारा शहर की तरफ से कोई सही जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद सहारा शहर को लेकर नगर निगम के साथ कानूनी विवाद चल रहा था। अब जब 2024 में 30 साल के बाद लीज समाप्त हो गई है और उसका नवीनीकरण नहीं हुआ जिसके बाद यह एक्शन लिया जा रहा है।

### बसपा अकेले दम पर लड़ेगी बिहार विधानसभा चुनाव: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का स्वागत करते हुए स्पष्ट किया है कि उनकी पार्टी चुनाव में अकेले अपने दम पर सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतरेगी। बिहार में दो चरणों में छह और 11 नवंबर को मतदान कराया जाएगा। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा ल्ल आयोग को सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और धन व बाहुबल के प्रभाव से मुक्त हों, साथ ही पुलिस व सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से भी बचाए जाएं।

# बिहार में दो चरणों में वोटिंग

## 6-11 नवंबर को वोटिंग, 14 नवंबर को नतीजे

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों में छह और 11 नवंबर को कराये जायेंगे तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी।

चुनाव आयोग द्वारा सोमवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा किये जाने के साथ ही राज्य में तत्काल प्रभाव से आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है। राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा की 121 सीटों पर पहले चरण में और 122 सीटों पर दूसरे चरण में मतदान कराया जाएगा। पहले चरण में राज्य के मध्यवर्ती क्षेत्र की सीटों और दूसरे चरण में नेपाल और पड़ोसी राज्यों से लगे क्षेत्रों की सीटों पर चुनाव कराया जा रहा है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छह नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी की जायेगी और नामांकन 17 अक्टूबर तक कराये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 18 अक्टूबर को होगी और नाम 20 अक्टूबर तक वापस लिए जा सकेंगे।

दूसरे चरण में 11 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जायेगी और नामांकन 20 अक्टूबर तक किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को होगी तथा 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। श्री कुमार ने बताया कि दोनों चरणों की मतगणना एक साथ 14 नवंबर को की जाएगी और चुनाव प्रक्रिया 16 नवंबर तक पूरी कर ली जायेगी। इसके साथ ही बिहार में आज से आदर्श चुनाव संहिला लागू हो गयी है। इस चुनाव में राज्य के कुल 7.42 करोड़ मतदाता 90712 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे।




❑ इस बार 7.43 करोड़ मतदाता वोट डालेंगे, जिनमें 14 लाख नए वोटर शामिल

आयोग चुनाव व्यवस्था संभालने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों, अन्य पर्यवेक्षकों , दो लाख से अधिक सुरक्षाकर्मियों समेत साढे आठ लाख कर्मियों की तैनाती करेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डॉ विवेक जोशी तथा सुखबीर सिंह संधु के अलावा आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने आज छह राज्यों और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर की आठ विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव के कार्यक्रम की भी घोषणा की जो बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के साथ 11 नवंबर को कराये जाएंगे।

राजस्थान की अंता विधानसभा सीट, झारखंड की घाटशिला, तेलंगान की जुबली हिल्स, पंजाब की तरनतारन , मिजोरम की दम्पा और ओडिशा की नौपाड़ा सीट तथा जम्मू-कश्मीर कीबडगाम और नगरोटा सीटों के उप चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी तथा मतगणना 14 नवंबर को ● शेष पेज 11 पर

### आठ विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव 11 नवंबर को

नयी दिल्ली। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की दो और छह राज्यों की छह विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के साथ 11 नवंबर को होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर की बडगाम और नगरोटा सीटों के अलावा राजस्थान की अन्ता, झारखंड की घाटशिला, तेलंगाना की जुबिली हिल्स, पंजाब की तरन तारन, मिजोरम की डंपा और ओडिशा की नौपाड़ा विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान

# अदालती कार्यवाही के दौरान जूता फेंकने की कोशिश

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में सोमवार सुबह एक असामान्य घटनाक्रम में वकील की पोशाक पहने एक व्यक्ति ने अदालती कार्यवाही के दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.आर.गवई पर कथित रूप से जूता फेंकने की कोशिश की।

अदालत कक्ष के अंदर नारे लगाने वाले व्यक्ति को सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत पकड़ लिया और कक्ष से बाहर ले गए। इस व्यवधान के कारण अदालत की कार्यवाही कुछ देर तक बाधित रही लेकिन बाद में स्थिति सामान्य हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अदालत कक्ष से बाहर निकाले जाने के दौरान उस व्यक्ति ने चिल्लाते हुए कहा, ''सनातन धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान''। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि उसने जूता फेंकने की कोशिश की जबकि अन्य ने कहा कि वह कागज़ का एक रोल था।

मुख्य न्यायाधीश गवई ने संयम दिखाते हुए व्यवधान के तुरंत बाद कार्यवाही फिर से शुरू की। उन्होंने वकील से बहस जारी रखने का आग्रह करते हुए शांतिपूर्वक कहा, ''ध्यान मत भटकाइए। हम इससे विचलित नहीं हैं। घटना के बाद अदालत कक्ष के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई।

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर सुप्रीम कोर्ट के अंदर हुए हमले की विपक्षी दलों ने आलोचना की है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर हमला सिर्फ उन पर ही नहीं, बल्कि संविधान पर भी हमला है।



❑ सोनिया गांधी ने की निंदा, कहा- सीजेआई पर हमला, संविधान पर हमले जैसा

❑ ये दिखाता है कि नफरत कितनी गहरी हो गई: खरगे

सोनिया गांधी ने एक बयान में कहा, सर्वोच्च न्यायालय में भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले की निंदा करने के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है। यह न केवल उन पर, बल्कि हमारे संविधान पर भी हमला है। मुख्य न्यायाधीश गवई बहुत दयालु रहे हैं, लेकिन पूरे देश को गहरी पीड़ा और आक्रोश के साथ उनके साथ एकजुटता से खड़ा होना चाहिए।

कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सीजेआई पर हमले की निंदा करते हुए इसे शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि यह नासमझी भरा कृत्य दर्शाता है कि समाज में नफरत और कट्टरता किस कदर व्याप्त है। सोशल मीडिया पोस्ट में खरगे ने लिखा, यह शर्मनाक और घृणित है। यह हमारी न्यायपालिका और कानून के शासन की गरिमा पर हमला है। यह एक ऐसे व्यक्ति को धमकाने और अपमानित करने के प्रयास को दर्शाता है जिसने संविधान की रक्षा के लिए सामाजिक बाधाओं को तोड़ा है। कंाग्रेस की ओर से, मैं इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। हमारी न्यायपालिका की सुरक्षा सर्वोपरि है। न्याय और तर्क की जीत हो, धमकी की नहीं। केरल के ● शेष पेज 11 पर

### बीसीआई ने वकील राकेश किशोर को किया निलंबित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को अदालती कार्यवाही के दौरान न्यायमूर्ति गवई की ओर कथित तौर पर जूता उछालने की कोशिश करने वाले वकील राकेश किशोर को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने अदालतों में प्रैक्टिस करने से तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वकीलों के अनुसारयह घटना उस समय घटी, जब प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ वकीलों द्वारा उल्लेख किए गए मामलों की सुनवाई कर रही थी।

# रघुवीर लाल कानपुर के नए पुलिस कमिश्नर बने

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। शासन ने सोमवार को चार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इसमें एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल को कानपुर का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। काफी समय से इस पद पर नए पुलिस कमिश्नर की तैनाती का इंतजार किया जा रहा था। एडीजी रघुवीर लाल बसपा सरकार में लखनऊ में सृजित नए पद एसएसपी कानून-व्यवस्था बनाए गए थे। उस समय कप्तान के रूप में डीआईजी/एसएसपी एनके श्रीवास्तव तैनात थे। हालांकि बाद में एसएसपी कानून-व्यवस्था पद को खत्म कर दिया गया था। डीजी पद पर प्रोन्नत होने के बाद बिनोद कुमार सिंह को सीआईडी का डीजी बनाया गया है। इसके साथ ही उनके पास साइबर क्राइम के डीजी का अतिरिक्त कार्यभार रहेगा। आईजी लखनऊ रेंज तरुण गाबा को आईजी सुरक्षा बनाया गया है। हालांकि उनके पास आईजी लखनऊ रेंज का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। इसी तरह दीपेश जुनेजा अब अभियोजन के डीजी रहेंगे। उनके पास अभी तक सीआईडी के डीजी का अतिरिक्त कार्यभार था।

❑ बिनोद कुमार सिंह को डीजी सीआईडी बनाया गया

❑ चार आईपीएस अफसरों का तबादला




# जयपुर के अस्पताल में आग लगने से आठ मरीजों की मौत

एजेंसी

जयपुर। जयपुर के सरकारी सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार देर रात आग लगने से गंभीर रूप से बीमार कम से कम आठ मरीजों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि जब स्टोर रूम में आग लगी, तब न्यूरो गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में 11 मरीजों का इलाज हो रहा था। उन्होंने बताया कि आग लगने का संभावित कारण 'शॉर्ट सर्किट' माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस त्रासदी पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राजस्थान के जयपुर में एक अस्पताल में आग लगने की घटना में हुई, जान-माल की हानि अत्यंत दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हादसे में आठ लोगों के मरने की रिपोर्ट है लेकिन डॉ. धाकड़ और एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने कहा कि आग की घटना में छह लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान पिंटू (सीकर निवासी), दिलीप (आंधी, जयपुर निवासी), श्रीनाथ, रुक्मिणी, खुरमा (सभी भरतपुर निवासी) और बहादुर (सांगानेर, जयपुर निवासी) के रूप में हुई है। डॉ. धाकड़ ने बताया कि आईसीयू में 11 मरीज भर्ती थे इनमें से आठ की मौत हो गई। उन्होंने कहा, अन्य मरीजों को एक अलग आईसीयू में भर्ती कराया गया था और सभी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। राज्य सरकार ने घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। आग लगने से इमारत में अफरा-तफरी मच गई, धुआं तेजी से ● शेष पेज 11 पर

❑ राज्य सरकार ने घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की



## पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी और बेटे समेत तीन पर केस

लखीमपुर खीरी। यूपी के लखीमपुर खीरी में दो साल पुराने मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी और बेटे आशीष समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। तिकुनिया कांड में गवाह को गवाही से रोकने और उसे धमकाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने ये मुकदमा दर्ज किया है। गवाह ने इससे पहले थाने में कई बार टेनी और उसके बेटे और निघासन ब्लॉक प्रमुख पति अमनदीप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कोशिश की थी लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। मुकदमा दर्ज न होने पर गवाह ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने यूपी पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया। खीरी कंाड के गवाह बलविंदर सिंह ने आरोप लगाया था कि 16 अगस्त 2023 को निघासन ब्लाक प्रमुख पति अमनदीप सिंह ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी के इशारे पर उन्हें धमकी दी। बलविंदर सिंह का कहना है कि अमनदीप सिंह ने उन्हें खीरी कंाड के मुकदमे में गवाही ● शेष पेज 11 पर

# निलम्बित आईएएस अभिषेक के करीबी निकांत जैन को फिर नोटिस

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। ईडी ने निलम्बित आईएएस अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन को फिर से नोटिस भेजा है। जमानत पर बाहर आने के बाद से उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। ईडी को उससे कई सवालों के जवाब लेने हैं। ईडी के छापे में उसे जमानत मिलने का पता चला था। ईडी निकांत के भाई सुकांत जैन की सम्पत्ति का ब्योरा भी जुटा रही है। जल्दी ही इस मामले में एक और कार्रवाई करने का दावा किया जा रहा है।

सोलर संयत्र लगाने के लिए यूपी आई कम्पनी के प्रतिनिधि विश्वजीत ने 20 मार्च को गोमतीनगर में निकांत जैन के खिलाफ आईएएस के कहने पर कमीशन मांगे जाने की एफआईआर दर्ज कराई थी। बयान में उसने आरोप लगाया था कि इन्वेस्ट यूपी के तत्कालीन सीईओ अभिषेक प्रकाश के कहने पर निकांत ने रिश्वत मांगी। एफआईआर दर्ज होने के बाद ही निकांत को गिरफ्तार कर लिया गया था। सात अगस्त को ईडी ने निकांत जैन के पांच ठिकानों पर छापा मारा तब पता चला था कि निकांत जैन जमानत पर बाहर आ चुका है। इस बारे में किसी को पता तक नहीं चला था। इस पर ही ईडी ने निकांत की तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला। अब ईडी ने उसे फिर से नोटिस भेजा है। ईडी सूत्रों के मुताबिक उसकी कई सम्पत्तियों के बारे में पता चला है। पर, ये कई अन्य लोगों के नामों पर है। दावा किया जा रहा है कि निकांत ने ही इस जमीन को दूसरे के नाम पर खरीदा है। ऐसे ही कई बिन्दुओं पर ईडी निकांत जैन से पूछताछ करेगी। इसलिए ही उसे नोटिस भेजा गया है। ईडी को निकांत की कम्पनी के निदेशक सौरभ सेठ के घर से छापे में भी कई दस्तावेज मिले थे। इस बारे में भी पूछताछ की जानी है।

❑ जमानत मिलने के बाद लापता हो गया निकांत, भाई सुकांत जैन की सम्पत्ति का ब्योरा भी तैयार किया ईडी ने

## भविष्य में संस्कृत ही एक-दूसरे की संस्कृति से जोड़ने की भाषा होगी : मुख्यमंत्री

# नारी गरिमा के साथ स्वावलंबन का भी हो रहा कार्य : योगी

एजेंसी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में नारी गरिमा के साथ उनके स्वावलंबन का कार्य भी हो रहा है।

दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे योगी ने शिवपुर स्थित अन्नपूर्णा मंदिर ट्रस्ट के अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम में आयोजित समारोह में लगभग 250 छात्राओं को प्रमाण पत्र, सिलाई-कढ़ाई मशीनें और लैपटॉप वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा, '' हमारी संस्कृति में नारी की गरिमा और सम्मान को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। भारत में धरती को मां और पवित्र गंगा नदी को माता का दर्ज़ा दिया गया है। मां अन्नपूर्णा का प्रसाद ही अन्न के रूप में प्राप्त होता है। भाजपा सरकार में कोयले और गोबर के उपलों से माताओं-बहनों को मुक्ति मिली है। काशी में आज पाइपलाइन के जरिए गैस पहुंच रही है। गांवों में महिलाओं के नाम पर जमीन दी जा रही है।



शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के हर क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ाया जा रहा है। नारी गरिमा के साथ स्वावलंबन का कार्य भी हो रहा है। एक सिलाई मशीन पूरे परिवार का भरण-पोषण कर सकती है। कृषि के बाद वस्त्र उद्योग सबसे बड़ा क्षेत्र है।ङ्क

उन्होने कहा ल्ल मां अन्नपूर्णा की कृपा और बाबा विश्वनाथ की धरा पर 108 वर्षों की पावन विरासत के मार्गदर्शन में मेरा सौभाग्य है। आज के कार्यक्रम में 250 से अधिक बेटियों और बहनों को सिलाई मशीनें और कंप्यूटर प्रदान किए गए। सभी बधाई के पात्र हैं। सनातन धर्म ही सबकी सुरक्षा और शांति का मार्ग है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', शौचालय और मकान जैसे अभियानों के माध्यम से माताओं, बहनों और बेटियों को सशक्त बनाने का कार्य शुरू किया। उन्होने बताया, ''एक जनपद एक उत्पाद योजना के जरिए इतने ऑर्डर आते हैं कि आपूर्ति करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। यहां की महिलाएं कपड़े बनाएंगी और दुनिया उन्हें पहनेगी। सरकार वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कबीरदास जी के नाम पर पार्क विकसित कर रही है, जहां प्रशिक्षण सहित सभी कार्य होंगे। योगी ने संस्कृत भाषा पर जोर देते हुए कहा, ''देववाणी संस्कृत के लिए अभियान चल रहा है। संस्कृत और सनातन धर्म ही दुनिया को जोड़ेगा। संस्कृत के बिना किसी का काम नहीं चलेगा। संस्कृत पढ़ने वाले बच्चों के लिए स्कॉलरशिप शुरू की गई है और भविष्य में उनके रहने-खाने की व्यवस्था भी की जाएगी। यह केवल विज्ञान की भाषा नहीं, बल्कि दिव्य ज्ञान की भाषा है।

### स्वच्छता कर्मियों का अब कोई नहीं कर सकेगा शोषण, सीधे खाते में जाएंगे 16 से 20 हजार रुपये

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के स्वच्छता कर्मियों का अब कोई व्यक्ति शोषण नहीं कर पाएगा। स्वच्छता कर्मियों के खाते में बिना किसी रुकावट सीधे उनके कार्य की धनराशि जाएगी। स्वच्छता कर्मियों के खाते में सीधे 16 हजार से 20 हजार रुपये पहुंचाने की ऑनलाइन व्यवस्था बनाई जा चुकी है। साथ ही पांच लाख का आयुष्मान कार्ड भी स्वच्छता कर्मियों के लिए बनेगा। जो सबके स्वास्थ्य को ठीक रखते हैं, उनके लिए आयुष्मान कार्ड होना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को वाराणसी दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के सरोजा पैलेस में आयोजित स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। वाराणसी दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री योगी ● शेष पेज 11 पर

# गोरखपुर के मठिया ग्राम में गूंजे हर-हर महादेव के जयघोष

**भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति की त्रिवेणी में डूबा ग्राम**

**कलश शोभायात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। जब भोर की अरुणिमा ने क्षितिज को स्पर्श किया, तभी पिपराइच क्षेत्र के मठिया ग्राम की गलियाँ भक्ति के सुरों से भर उठीं। ल्लहर हर महादेवङ्क, ल्लबोल बमङ्क और ल्लजय श्रीरामङ्क के निनाद से वायु पुलकित हो उठी।

ग्राम के प्राचीन शिव मंदिर से आरंभ हुई श्री श्री रुद्र महायज्ञ की दिव्य कलश शोभायात्रा ने सम्पूर्ण वातावरण को पावन कर दिया। ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वयं हिमालय से उतरकर गंगाजल कलशों में बह चला हो और हर द्वार शिवमय हो उठा हो।सैकड़ों श्रद्धालु, जिनमें परंपरागत परिधान में सजी-संवरी कन्याएँ सिर पर जल-कलश धारण किए थीं, जब कतारबद्ध होकर चलीं तो दृश्य अलौकिक बन पड़ा। उनके पदचापों के साथ ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखध्वनियाँ और मंत्रोच्चारण का नाद मिलकर मानो एक स्वर्गिक संगीत रच रहे थे। हवा में उड़ते पुष्प, आकाश में लहराते भगवा ध्वज और श्रद्धा से झुके हुए मस्तक – यह दृश्य केवल भक्ति नहीं, संस्कृति का जीवंत रूप था।यह शोभायात्रा मठिया शिव मंदिर से निकलकर मोटेश्वर शिव मंदिर और लखेसरा शिव मंदिर से होती हुई पुनः मठिया के प्राचीन शिवधाम पहुँची। मार्ग भर ग्रामवासियों ने पुष्पवर्षा और आरती से यात्रियों का स्वागत किया। कहीं महिलाएँ मंगलगीत गा रही थीं, तो कहीं बच्चे ल्लहर हर महादेवङ्क के स्वर में लय मिला रहे थे। हर द्वार पर दीप जलाए गए, मानो शिव स्वयं हर घर में विराजमान हों।

ग्राम प्रधान श्री चंद्रिका सिंह के नेतृत्व में ग्रामवासियों की सहभागिता ने आयोजन को एक सांस्कृतिक महोत्सव का रूप दे दिया। युवाओं ने मंदिर मार्गों को पुष्पमालाओं, तोरणद्वारों और भगवा पताकाओं से सजाया। महिलाओं ने कलशों की सजावट और पूजा सामग्री का सूक्ष्म प्रबंध किया, जबकि बुजुर्गों ने वैदिक मंत्रों से वातावरण में पवित्रता घोली। कहीं चंदन की सुगंध बह रही थी, कहीं घंटियों की ध्वनि और बीचोंबीच बहती श्रद्धा की धारा ने सबको एक सूत्र में बाँध दिया।

चंद्रिका सिंह ने कहा यह शोभायात्रा केवल धर्म का आचरण नहीं, हमारी परंपरा का पुनर्ज़ागरण है। जब समाज आस्था में एकजुट होता है, तब हर ग्राम तीर्थ बन जाता है और हर व्यक्ति साधक।रास्ते भर सेवा शिविर, जलपान केंद्र और भक्ति संगीत के साथ यह यात्रा एक चलती-फिरती संस्कृति बन गई। बच्चों के चेहरे पर उल्लास, युवाओं में उत्साह और बुजुर्गों में संतोष की झलक थी। सूरज की किरणें जब कलशों पर पड़तीं, तो जल के कणों में उगते इंद्रधनुष मानो यह कह रहे थे – जहाँ आस्था है, वहीं परमात्मा का वास है।कलश यात्रा में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान चंद्रिका सिंह, पूर्व प्रधान बिजहरा प्रदीप गुप्ता, सूरज जायसवाल, गिरधारी पाण्डेय, श्रवण सिंह,अशोक सिंह, रमेश सिंह, दुर्गविजय यादव, नकुल यादव, अंगद निषाद,सुधाकर गुप्ता,संजय गुप्ता, सुनील सिंह, श्यामू गुप्ता,रणविजय यादव, बलिराम यादव, अशोक सिंह, रामलक्षण निषाद, ओम प्रकाश सिंह, विकास चौधरी, श्यामू गुप्ता, लखेन्दर गुप्ता, नवरंग सिंह, रामनरायण मल्ल, मदन सिंह, सुरजनाथ सिंह, रामदयाल यादव,बाबूराम यादव,राजू यादव सहित हज़ारों लोग उपस्थित रहे।

# इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने की अंतिम तिथि 6 नवम्बर तक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का क्ख्न-गधफ्ध पुनरीक्षण कार्य अर्हता दिनांक 01 नवम्बर 2025 के आधार पर किया जा रहा है। इस क्रम में आयुक्त, झांसी मण्डल झांसी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 30 सितम्बर 2025 को लोक सूचना का प्रकाशन करते हुए पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस अभियान का उद्देश्य योग्य स्नातक मतदाताओं के नाम निर्वाचक सूची में सही ढंग से सम्मिलित करना है। निर्वाचन विभाग द्वारा इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए हैं ताकि कोई पात्र व्यक्ति नाम जुड़वाने से वंचित न रह जाए।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रारूप-18 या 19 में आवेदन करने की अंतिम तिथि 06 नवम्बर 2025 (गुरुवार) तय की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सुसंगत अभिलेखों सहित दावा फार्म सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, संबंधित उप जिलाधिकारी कार्यालय अथवा निर्धारित मतदान केन्द्रों पर जमा कर सकते हैं। इसके बाद निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 25 नवम्बर को किया जाएगा तथा दावे और आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक निर्धारित है। दावों और आपत्तियों के निस्तारण उपरांत अनुपूरक सूची तैयार कर 25 दिसम्बर को प्रकाशित की जाएगी। अंततः निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 30 दिसम्बर 2025 (मंगलवार) को किया जाएगा। अधिकारी ने सभी पात्र स्नातक मतदाताओं से अपील की है कि वे समय पर अपने आवेदन प्रस्तुत कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बनें।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर पांच मंदिरों में होगा अखण्ड रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन

**प्रयागराज।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 07 अक्टूबर को जनपद के पांच चिन्हित मंदिरों में अखण्ड रामायण पाठ, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में संत परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रसार को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम के लिए जिन पांच मंदिरों को चिन्हित किया गया है, उनमें माता शांता-श्रृंग ऋषि मंदिर आश्रम (श्रृंगवेरपुर धाम), बड़े लेटे हनुमान जी मंदिर (त्रिवेणी संगम), श्री हनुमत निकेतन मंदिर (सिविल लाइंस), महर्षि वाल्मीकि मंदिर (लकटहा पनासा, करछना) और श्रीराम जानकी मंदिर (बाबा बेलनाथ धाम, बरौत, हंडिया) शामिल हैं। इन सभी स्थानों पर कलाकारों और भजन मंडलियों द्वारा अखण्ड रामायण पाठ के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।अपर जिलाधिकारी नगर ने सभी नामित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कार्यक्रमों को भव्यता और श्रद्धा के साथ सम्पन्न कराया जाए तथा चिन्हित स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि आयोजन के दौरान किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न बरती जाए, ताकि महर्षि वाल्मीकि जयंती का उत्सव शांति, सौहार्द और गरिमा के साथ सम्पन्न हो सके।

## प्रदेश सरकार के संरक्षण से बढ़ा वन और वन्यजीवों का विस्तार, 8 वर्षों में 242 करोड़ वृक्षारोपण

**प्रयागराज ।** प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित हरित पहल और वन संरक्षण नीतियों के परिणामस्वरूप पिछले आठ वर्षों में वन और वन्यजीवों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में अब तक 242 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण किया जा चुका है, जबकि चालू वर्ष में 37.21 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। इससे प्रदेश के वनावरण और हरीतिमा में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। अनेक कृषि-जलवायु क्षेत्रों वाले उत्तर प्रदेश में जलवायु विविधता के कारण जैव विविधता समृद्ध हुई है। प्रदेश में एक राष्ट्रीय उद्यान (दुधवा), चार टाइगर रिजर्व, दो हाथी रिजर्व, एक संरक्षण रिजर्व (ब्लैक बक कंजर्वेशन रिजर्व, मेजा, प्रयागराज) तथा 26 वन्यजीव विहार हैं। राज्य के वन क्षेत्रों में 550 से अधिक पक्षियों की, 150 से अधिक तितलियों की, और अनेक दुर्लभ प्राणियों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं। प्रदेश में लगभग 11.45 लाख हेक्टेयर वेटलैंड्स हैं, जहाँ मगर, घड़ियाल, डॉल्फिन, बारहसिंघा, सारस सहित प्रवासी पक्षियों की अनेक प्रजातियाँ विचरण करती हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून की रिपोर्ट 2023 के अनुसार उत्तर प्रदेश का वनावरण 23,996.72 वर्ग किमी तक बढ़ गया है, जिससे राज्य देश में वनावरण वृद्धि की दृष्टि से द्वितीय स्थान पर है। वहीं बाघों की संख्या 173 से बढ़कर 205 हो गई है और राज्य पक्षी सारस की संख्या भी 19,918 दर्ज की गई है। प्रदेश सरकार द्वारा किए गए निरंतर संरक्षण प्रयासों के फलस्वरूप आज उत्तर प्रदेश वन, वन्यजीव और पारिस्थितिक संतुलन की दिशा में देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है।

## सेंट्रल एकेडमी स्कूल झूंसी में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**प्रयागराज।** साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज की पुलिस टीम ने सोमवार को सेंट्रल एकेडमी स्कूल झूंसी में कक्षा-12 के छात्रों और शिक्षकों के लिए साइबर बुलिंग और साइबर ग्रूमिंग पर कार्यशाला आयोजित की। पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में तथा सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर) के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य छात्रों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के उपायों के प्रति जागरूक करना था।कार्यशाला में छात्रों को बताया गया कि कैसे ऑनलाइन अपराधी इंटरनेट या मोबाइल के माध्यम से असभ्य संदेश, ब्लैकमेल और डराने-धमकाने की गतिविधियाँ करते हैं। छात्रों को निर्देश दिया गया कि सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड्र रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, व्यक्तिगत जानकारी जैसे पता, जन्मतिथि, फोन नंबर साझा न करें और सोशल मीडिया अकाउंट में प्राइवेसी सेटिंग व टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें।साइबर क्राइम टीम ने छात्रों को बताया कि किसी भी साइबर फ्रॉड या अपराध की स्थिति में नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। साथ ही, मजबूत पासवर्ड, अनजान लिंक पर क्लिक न करना और पब्लिक वाई-फाई का उपयोग न करना जैसी सुरक्षा उपायों के बारे में भी छात्रों को जानकारी दी गई। पुलिस ने कहा कि साइबर जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है और सभी से साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने की अपील की।

## नैनी सेंट्रल जेल: अली अहमद से मिलने के मामले में भाई की नौ मुलाकातें उजागर

**प्रयागराज।** पांच करोड़ की रंगदारी मांगने और उमेश पाल हत्याकांड में साजिश के आरोपित माफिया अतीक के बेटे अली अहमद के साथ उसके छोटे भाई आबान की नौ बार मुलाकात के मामले का खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार, करीब 90 दिनों में आबान नैनी सेंट्रल जेल जाकर अपने बड़े भाई अली से सलाखों के पीछे लंबी बातचीत करता रहा।जेल अधिकारियों के मुताबिक, आबान साधारण वेशभूषा में आता था और उसके साथ वकील भी रहते थे। जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों से परिवार और अधिवक्ताओं के मिलने की अनुमति होती है। नैनी सेंट्रल जेल के वरिष्ठ अधीक्षक विजय विक्रम सिंह ने बताया कि बंदी अली से हफ्ते में तीन बार मिलने का नियम है, जिसके तहत ही मुलाकातें कराई गईं।डीआइजी जेल राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि सभी मुलाकातें एलआईयू (लोकल इंटेलिजेंस यूनिट) की रिपोर्ट और नियमों के अनुसार हुई हैं। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद चर्चा तेज हो गई है।

## बहला फुसलाकर जमीन की रजिस्ट्री कराने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के अवरुस गांव की शोभा देवी ने आईजीआरएस व एसएसपी से शिकायत कर गांव के तीन लोगों पर बहला फुसलाकर उसके जमीन की रजिस्ट्री कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 318(4) 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसकी पच्चीस डिसमिल जमीन साधना पत्नी धनंजय धनंजय पुत्र जितेंद्र व जितेंद्र पुत्र स्व चिखुरी ने बहला फुसलाकर झूठा वादा करके व धोखे में रखकर रजिस्ट्री अपने नाम करवा लिया। जब मैनें शंका जाहिर किया तो वे जान से मारने की धमकी देने लगे। इस संबंध में थानाध्यक्ष राहुल शुक्ला ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## बिजली के चपेट में आने से मजदूर की मौत

**गोरखपुर।** क्षेत्र के ग्राम उनौला दोयम निवासी मंटू सिंह के मकान में सोमवार को सफाई का काम कर रहा मजदूर बिजली के चपेट में आ गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी अनुसार जिला कुशीनगर के थाना क्षेत्र के ग्राम पिपराही निवासी राजेश प्रसाद का बेटा मनीष 26 उनौला दोयम निवासी मंटू सिंह के यहां मजदूरी कर रहा था । उसी समय विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आ गया। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां उसकी मौत हो गई। इस बारे में थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मंटू सिंह की बहन अनामिका सिंह के सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

# महाकुंभ के दौरान फर्जी वेबसाइट बनाकर ऑनलाइन ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**प्रयागराज।** साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज की टीम ने महाकुंभ के दौरान फर्जी वेबसाइट बनाकर तीर्थयात्रियों से ऑनलाइन ठगी करने वाले एक वांछित आरोपी शिवांशु भारद्वाज (33 वर्ष) को मेरठ से गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में तथा सहायक पुलिस आयुक्त (क्राइम) के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। आरोपी के खिलाफ कोतवाली कुम्भ में FIR संख्या 308/2025 के तहत आईटी एक्ट और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज था।पुलिस ने बताया कि आरोपी ने महाकुंभ में तीर्थयात्रियों के लिए कॉटेज, टेंट और होटल बुकिंग के नाम पर फर्जी/डुप्लीकेट वेबसाइट तैयार की थीं। इन वेबसाइटों पर आकर्षक प्रलोभन देकर तीर्थयात्रियों को गुमराह किया गया और कुल 18 लाख 90 हजार रुपये की ठगी की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपनी योजनाबद्ध ठगी स्वीकार की।गिरफ्तारी के समय आरोपी के पास एक मोबाइल फोन, चार सिम कार्ड और पांच एटीएम कार्ड बरामद हुए। पुलिस ने फर्जी ईमेल आईडीज़ की जानकारी भी साझा की: tezzinfraacity@gmail.com और shivanshu2222@ gmail.com। पुलिस टीम ने कहा कि साइबर अपराध के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। किसी भी ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराध की स्थिति में नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या www. cybercrime .gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्र0नि0 अनिल कुमार वर्मा, का0 रणवीर सिंह सेंगर, का0 अतुल त्रिवेदी, का0 प्रदीप कुमार यादव, का0 रूप सिंह और का0 अनुराग यादव शामिल थे।

# पौधे का श्रृंगार होते हैं पुष्प: न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह

**खुसरोबाग, प्रयागराज में दो दिवसीय पान प्रोत्साहन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । प्रदेश में गुणवत्ता युक्त पान उत्पादन को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र, खुसरोबाग प्रयागराज में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति माननीय सुरेंद्र सिंह ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि पौधे का श्रृंगार उसका पुष्प होता है, जैसे पौधे इस धरा को सुंदर बनाते हैं वैसे ही पुष्प पौधों को शोभा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पान उत्पादन करने वाले कृषक बाजार की मांग को देखते हुए उन्हीं प्रजातियों का चयन करें जिनकी मांग अधिक और मूल्य अच्छा प्राप्त हो सके।तकनीकी सत्र में प्रसार निदेशालय, कृषि विश्वविद्यालय नैनी के वैज्ञानिक डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह ने पान बरेजा के निर्माण एवं आवश्यक संसाधनों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पान की फसल लगाने से पूर्व भूमि का शोधन 'बोर्ड मिश्रण' से करना आवश्यक है ताकि रोगों से बचाव हो सके। कीट विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ. अनुराग तायडे ने पान की फसल में लगने वाले प्रमुख कीट – सफ़ेद मक्खी एवं मिली बैग की पहचान एवं नियंत्रण उपायों की जानकारी दी। उन्होंने नीम की खली अथवा नीम तेल के प्रयोग को प्रभावी बताया।डॉ. सर्वेंद्र कुमार ने पान की फसल में ट्राइकोडर्मा के प्रयोग, रोग नियंत्रण एवं अधिक उत्पादन के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की।इसके अलावा जिला उद्यान अधिकारी प्रयागराज के प्रतिनिधि लालजी पाल एवं मोहम्मद अयाज सिद्दीकी ने भी तकनीकी जानकारियाँ साझा कीं।कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण प्रभारी वी. के. सिंह द्वारा किया गया।

# गोरखपुर चिड़ियाघर में बब्बर शेर 'भरत' की मौत

**सच्चाई जानने पहुंचे पत्रकारों से गार्ड ने की बदसलूकी, गेट पर ही रोका गया प्रवेश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। गोरखपुर के चिड़ियाघर में सोमवार को बब्बर शेर भरत की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही समाचार कवरेज के लिए पहुंचे स्थानीय पत्रकारों को गेट पर ही रोक दिया गया। पत्रकारों के साथ मौजूद कैमरा पर्सन से चिड़ियाघर के गार्डों ने अभद्रता और धक्का-मुक्की की, जिसका वीडियो कैमरे में कैद हो गया है।सूत्रों के अनुसार, चिड़ियाघर प्रशासन ने पत्रकारों को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी और मीडिया को घटना से संबंधित किसी भी जानकारी से दूर रखा गया। इस दौरान पत्रकारों के साथ हुई बदसलूकी से मीडिया जगत में आक्रोश है।स्थानीय लोगों का कहना है कि चिड़ियाघर के गार्ड आए दिन आम नागरिकों के साथ भी दुर्व्यवहार करते हैं और कई बार मारपीट की घटनाएँ सामने आ चुकी हैं। बब्बर शेर 'भरत' की मौत पर पशु चिकित्सक दल द्वारा जांच की जा रही है, लेकिन अभी तक मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित

महराजगं,रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर खंड महराजगंज में पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम कस्बे के पूरे सुखई स्थित स्वदेश सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से यह पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जो पूरे कस्बे में मुख्य मार्गो से होते हुए कस्बे का भ्रमण किया गया, पथ संचलन रंधवा रोड से पैगंबर नगर होते हुए रुद्र नगर से चंद्रपुर चौराहा से पुणे पुलिस चौकी तिराहे से विद्यालय में कार्यक्रम का समापन किया गया इस दौरान संघ का गीत ''संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो''...... गाते हुए पथ संचलन का कारवां आगे बढ़ता गया।

# मानव जीवन कर्तव्यों का भण्डार है,इनको पूर्ण करने से जीवन में आत्मिक शांति एवं यश मिलता है: मनोज गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । अगर आप कोई नई चीज सीखते हैं तो आपको ज्ञान मिलता है। ज्ञान से आपके अंदर आत्मविश्वास आता है और आत्मविश्वास से आपके जीवन में उत्साह बढ़ जाता है। उत्साह और दृढ़ता के साथ मेहनत करने पर सफल बन जाते हैं, यही जीवन है।कर्तव्य के प्रति आदर भाव रखना होता है। मानव को यथाशक्ति और आवश्यकतानुसार कार्य करना ही उसके अच्छे कर्तव्य होने की पहचान है। मानव जीवन कर्तव्यों का भंडार है। उसके कर्तव्य उसकी अवस्था अनुसार छोटे और बड़े होते हैं। इनको पूर्ण करने से जीवन में उल्लास, आत्मिक शांति और यश मिलता है।उक्त बातें कौड़ीराम क्षेत्र के ग्राम धस्की निवासी साँई भक्त विनोद गुप्ता ने कही।बता दें कि साँई भक्त श्री गुप्ता ने अपने भतीजा आदवन गुप्ता के आठवें अवतरण दिवस पर लगभग 365 बच्चों अंगवस्त्र देकर आशिर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की मुस्कान ही हमारा खुशी है।वैसे तो साँई भक्त मनोज, विनोद एवं परमात्मा गुप्ता के साथ पूरा परिवार बहुत ही हर्षोल्लास के साथ साल में कई बार बच्चों को भोजन कराकर उनसें आर्शीवाद प्राप्त करते है,जो क्षेत्र में बहुत ही सराहना का विषय रहता है।

# थरवई पुलिस ने 3 वांछित वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । गंगानगर-जोन के थाना थरवई पुलिस टीम ने सोमवार को न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र के आधार पर तीन वांछित वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में पुलिस उपायुक्त और अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के नेतृत्व में काम किया गया।गिरफ्तार अभियुक्तों में बृजलाल (55 वर्ष) पुत्र राजाराम यादव निवासी ग्राम हेतापट्टी, प्रमोद (50 वर्ष) पुत्र राम आसरे उर्फ किलहा निवासी ग्राम प्रेम नगर कोड़सर और अमृतलाल उर्फ सुग्घर (43 वर्ष) पुत्र हुबलाल यादव निवासी देवरिया शामिल हैं। ये गिरफ्तार अभियुक्त संबंधित मु0नं0-659/13, 345/24 और 573/22 के तहत विभिन्न धाराओं के तहत न्यायालय से जारी वारण्टी के आधार पर थे।पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों को उनके निवास के पास से हिरासत में लिया गया और नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में व0उ0नि0 दीपक कुमार, उ0नि0 अरविन्द कुमार, उ0नि0 मोहित कुमार, उ0नि0 सोनू कुमार, अमित कुमार चौबे, उ0नि0 धर्मेन्द्र यादव, हे0का0 सतेन्द्र सिंह और हे0का0 आरिफ खाँ शामिल थे।अपर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ऐसे वांछित अभियुक्तों

# कैंसर जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल एवं शोध संस्थान, गीता वाटिका, गोरखपुर द्वारा अपनी स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसगांव के सहयोग से एवं खंड विकास अधिकारी, बांसगांव की अनुमति से ब्लॉक कार्यालय, बांसगांव में सोमवार को एक दिवसीय कैंसर जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉ0 विमलेश पासवान रहे।उन्होंने अपने संबोधन में स्वास्थ्य एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से आह्वान किया कि वे कैंसर से जुड़ी सही जानकारी को जन-जन तक पहुँचाएं और समाज को भय एवं भ्रांतियों से मुक्त करें।मुख्य वक्ता डॉ0 सी0 पी0 अवस्थी (वरिष्ठ चिकित्सक, कैंसर अस्पताल) ने मुख (ओरल), स्तन तथा गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर के लक्षण, कारण, बचाव एवं समय पर जांच की महत्ता पर विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार,तंबाकू व गुटखा से दूरी, नियमित स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण से कैंसर को रोका जा सकता है। साथ ही उन्होंने महिला स्वास्थ्य कार्यकत्रियों को स्तन कैंसर की स्व-परीक्षण तकनीक सिखाई ताकि वे स्वयं एवं अन्य महिलाओं को समय रहते जांच के लिए प्रेरित कर सकें।इस अवसर पर प्रतिभागियों को जागरूकता सामग्री, पुस्तिकाएं एवं सूचना पत्रक भी वितरित किए गए।इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ0के0 एम0 अग्रवाल, खंड विकास अधिकारी अनिरुद्ध सिंह चौहान, एडीओ पंचायत अजय कुमार सिंह,भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी राय,विनय पाठक,सीडीपीओ सुनीता शुक्ला, आलोक, आयुष श्रीवास्तव, देवेंद्र यादव, रामसूरत सिंह तथा सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य/आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का योगदान सराहनीय रहा।

## बाइक की टक्कर से साधन सहकारी समिति के चौकीदार की मौत

महराजगंज, रायबरेली। बाइक की टक्कर से साधन सहकारी समिति के चौकीदार की मौत, पड़ोसी गंभीर रूप से घायलमहराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कुबना गांव के निकट वर्मा नर्सरी के पास रविवार देर रात करीब नौ बजे हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में साधन सहकारी समिति के एक चौकीदार की मौत हो गई, जबकि उनका पड़ोसी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक,पूरे कुम्हारन मजरे कुबना निवासी भगवती प्रजापति उम्र 55 वर्ष साधन सहकारी समिति टूक में चौकीदारी का काम करते थे। रविवार को वे अपने पड़ोसी सियाराम के साथ राईमऊ मजरे अटरा में एक निमंत्रण से शामिल होकर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे।जैसे ही वे कुबना गांव के पास स्थित नर्सरी मोड़ के पास पहुँचे, उनकी बाइक की टक्कर अचानक एक दूसरी मोटरसाइकिल से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चौकीदार को गंभीर चोटें आईं और सीएचसी पहुंचते पहुंचते उनकी मौत हो गई।

# पीजीआई: गरीब महिला की मदद को आगे आए समाजसेवी दुर्गेश सिंह दीपू

## हॉस्पिटल संचालक ने दिखाई दरियादिली कराया निशुल्क इलाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीजीआई, लखनऊ । मानवता आज भी जिंदा है इसका जीता-जागता उदाहरण पेश किया है समाजसेवी एवं श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने आर्थिक रूप से कमजोर एक गरीब महिला की मदद कर उन्होंने यह साबित कर दिया कि समाज में आज भी ऐसे लोग हैं जो दूसरों के दर्द को अपना दर्द समझते हैं। मिली जानकारी के अनुसार नीलम मूल निवासी लखीमपुर और वर्तमान में लखनऊ के वृंदावन योजना सेक्टर-16 में निवास कर रही हैं। कुछ दिनों पहले सड़क हादसे में घायल होने के बाद उनके पैर में गंभीर चोट आई थी। डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी थी, परंतु परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब होने के कारण इलाज संभव नहीं हो पा रहा था।जब यह खबर समाजसेवी दुर्गेश सिंह दीपू तक पहुँची, तो उन्होंने तुरंत मदद का बीड़ा उठाया। उन्होंने महिला की पूरी स्थिति समझी और खुद के प्रयासों से कल्ली पश्चिम स्थित वरदान हॉस्पिटल के संचालक से संपर्क किया। दुर्गेश सिंह दीपू के आग्रह पर हॉस्पिटल संचालक ने बड़ा दिल दिखाते हुए नीलम का पूरा इलाज और पैर का ऑपरेशन निशुल्क करने का निर्णय लिया। ऑपरेशन डॉ. सुशील कुमार मिश्रा द्वारा पूरी तरह सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। वहीं, इलाज के दौरान आवश्यक दवाओं, देखभाल और अन्य खर्चों की जिम्मेदारी समाजसेवी दुर्गेश सिंह दीपू ने अपने निजी स्तर पर उठाई। इस नेक कार्य की चर्चा पूरे क्षेत्र में है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने दुर्गेश सिंह दीपू और वरदान हॉस्पिटल प्रबंधन की खुले दिल से प्रशंसा की है।

# वैदिक यज्ञ व वैदिक शक्ति जागरण का कार्यक्रम संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । वैदिक विधाओं द्वारा प्रत्येक व्यक्ति , प्रत्येक घर-परिवार, समाज, राष्ट्र से विश्व तक सद्भावना सुख शान्ति लाने के प्रयास हेतु गठित '' आर्यावर्त चिन्तन न्यास '' के तत्वावधान मे न्यास की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा श्रीमती कल्पना वर्मा पत्नी विवेक कुमार वर्मा के आवास देवापुर ,शिवनाम जिला- बाराबंकी मे ग्राम वासियों की सहभागिता से चार दिवसीय वैदिक यज्ञ एवं वैदिक शक्ति जागरण का आयोजन किया गया। सभी ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । मंच संचालन राम सजीवन नेता द्वारा किया गया। वैदिक प्रवचन लखनऊ की अन्तर्राष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता वेदालंकार डा0 निष्ठा , जौनपुर के वेदाचार्य अमित , सुल्तानपुर के भजनोपदेशक राममगन व उनके संगत जिला मिर्ज़ापुर के आनन्द वर्मा , सीतापुर के वेदनिष्ठ केदारी लाल , जनपद अमेठी से वेदनिष्ठ इन्द्र कुमार सिंह द्वारा वैदिक विचारों से दुर्लभ मानव-जीवन के गूढ़ रहस्यों पर प्रवचन किये गये । चौथे दिन पूरे गाँव की कन्याओं का कन्या भोज भी कराया गया ।

न्यास के संस्थापक डा0सोहनलाल वर्मा ने कभी न जगने वाली तथा मानुष्यों द्वारा कल्पि शक्तियों के स्थान पर ईश्वर प्रदत्त वास्तविक नौ शक्तियों-- संचरण शक्ति , श्वसन शक्ति , पोषण-पाचन शक्ति , प्रचलन शक्ति, मेधा शक्ति , शारीरिक शक्ति, दृष्टि शक्ति , श्रावण शक्ति तथा प्रजनन शक्ति को सदैव जागृत रखने अर्थात सशक्त बनाये रखने की बात कही । इन शक्तियों के क्षीण होने से यह दुर्लभ मानव-जीवन ही बेकार हो जाता है । श्री वर्मा की ओर से असली जन्मदात्री माता की सेवा पूजा करने का सुझाव दिया गया। आर्यावर्त चिन्तन न्यास '' की बैठक मे संस्थापक डा0सोहनलाल वर्मा , अध्यक्ष नागेश कुमार, उपाध्यक्ष गुरुदीन नम्बरदार, उपाध्यक्ष रामफ़ेर वर्मा, उपाध्यक्ष केदारीलाल वर्मा , कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार गुप्ता , महासचिव राकेश कुमार वर्मा , मास्टर अनिल कुमार , कमलापति , लल्लूराम आर्य, वेदालंकार निष्ठा , वेदाचार्य अमित आदि ने न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति व प्रगति पर अपने-अपने विचार सामने रखें। न्यास के महासचिव राकेश कुमार वर्मा ने पांच वेदाचार्य गण को अपने आवास ग्राम पूरे जवाहर सिंह ले जाकर वैदिक यज्ञ संपन्न करवाया ।

# खेत में पानी लगा रहे किसान को जहरीले सांप नें काटा, मौके पर मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रहीमाबाद/लखनऊ। खेत में पानी लगा रहे किसान को जहरीले सांप ने काट लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। किसान की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकखेड़ा मवईकलां निवासी संतोष कुमार 55 वर्ष सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे अपने खेत में खड़ी धान की फसल में पानी लगा रहा था। तभी अचानक जहरीले सांप ने किसान संतोष को दो बार काट लिया। किसान ने तुरंत फोन से घरवालों को इसकी जानकारी दी। जब तक किसान संतोष के घर वाले खेत पहुंचते तब तक उसकी मौत हो गई। किसान संतोष की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक किसान संतोष के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मृतक किसान के परिवार में उसकी पत्नी रामरती, तीन पुत्र विशाल 21 वर्ष, मनीष 18 वर्ष, अनीश 16 वर्ष, दो पुत्रियां मौशमी 20 वर्ष व मोहिनी 14 वर्ष का है जिनका रो-रोकर बुरा हाल है।

## दो दिन में दो दर्दनाक हादसे: एक युवक की मौत, दूसरे का पैर कटने की नौबत



दुबग्गा लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने लोगों को दहला दिया है। दो दिन के भीतर हुए दो बड़े हादसों में एक युवक की जान चली गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार, दो दिन पूर्व मछली मंडी के पास रोडवेज बस की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं, सोमवार दोपहर करीब 2 बजे दुबग्गा थाने के सामने एक और हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हितेश प्रताप सिंह (उम्र लगभग 35 वर्ष), पुत्र जितेंद्र सिंह, निवासी सूरमाबाद, संडीला (हरदोई) अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनका एक पैर बुरी तरह कुचल गया, जिससे उसे काटने की नौबत आ सकती है। सूचना मिलते ही दुबग्गा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर भेजा। खबर लिखे जाने तक इस मामले में थाने पर कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई थी और न ही मुकदमा दर्ज किया गया था।

# नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश, ठाकुरगंज पुलिस ने चलाया मिशन शक्ति का शंखनाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ठाकुरगंज लखनऊ। योगी सरकार के 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत ठाकुरगंज पुलिस ने सोमवार को न्यू नालंदा एकेडमी, न्यू फरीदीपुर (भूहर चौकी क्षेत्र) में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नारी सशक्तिकरण की बुलंद आवाज़ उठाई।

कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता की शपथ ली। यह आयोजन लखनऊ पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में तथा संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) बबलू कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ।

नारी सशक्तिकरण की ओर ठोस कदम

मिशन शक्ति प्रभारी महिला उप निरीक्षक प्रिया ने बच्चों को नारी सुरक्षा और आत्मरक्षा से जुड़ी अहम जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि आज के दौर में हर लड़की को निडर होकर आगे बढ़ने के लिए सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने छात्राओं को निम्न सेवाओं की जानकारी दी - 112 आपातकालीन पुलिस सेवा 101 अग्निशमन सेवा 108 एंबुलेंस सेवा 1098 चाइल्डलाइन सेवा 181 महिला हेल्पलाइन 102 गर्भवती महिला एवं नवजात शिशुएंबुलेंस सेवा1090 विमेन पावर लाइन 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन महिला उपनिरीक्षक प्रिया ने कहा नारी किसी से कमजोर नहीं, बल्कि समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। सरकार का उद्देश्य है कि हर बेटी सुरक्षित और आत्मनिर्भर बने।

पुलिस टीम ने दी जागरूकता की सीख- इस कार्यक्रम में भूहर चौकी प्रभारी मुदित राय, उप निरीक्षक राजकुमार भदौरिया, महिला हेड कांस्टेबल सीता देवी, तथा कांस्टेबल सुनीता, करिश्मा, आरती और जितेंद्र सिंह मौजूद रहे। सभी ने बच्चों को नारी सुरक्षा के लिए जागरूक रहने और दूसरों को जागरूक करने का संदेश दिया।

विद्यालय प्रबंधन ने किया सराहनीय सहयोग- कार्यक्रम में न्यू नालंदा एकेडमी के प्रबंधक मुकेश कटिहार, मुख्य सलाहकार बीनू कटियार और प्रधानाचार्य सिद्धार्थ पटेल सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने ठाकुरगंज पुलिस की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे।

मजबूत नारी, सशक्त समाज – मिशन शक्ति का यही है संकल्प कार्यक्रम के समापन पर छात्र-छात्राओं ने नारी सुरक्षा और सम्मान के लिए संकल्प लिया । यह आयोजन मिशन शक्ति के तहत नारी जागरूकता और सशक्तिकरण की दिशा में ठाकुरगंज पुलिस की एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।

## दीपावली पर समूह के बनाए उत्पादों से जगमगाएंगे गांव व शहर

लखनऊ । महिला स्वावलंबन व सशक्तिकरण की दिशा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा बहुत ही कारगर कदम उठाये गये हैं। लखपति दीदी के लक्ष्यों की ओर निरन्तर अग्रसर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन उत्तर प्रदेश में त्यौहारों के दृष्टिगत नये कलेवर में काम कर रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित हो रहे स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर बनाए जा रहे उत्पादों को लेकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में एक अलग तरह की रौनक दिख रही है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि हजारों समूह सदस्यों द्वारा बाजार की मांग के अनुसार डिजाइनर दिए एवं मोमबत्तियों के साथ त्योहार से संबंधित विभिन्न तरह के उत्पाद तैयार जा रहे हैं। शहरों के तर्ज पर समूह के बने उत्पादों के अलग-अलग तरह के गिफ्ट हैंपर तैयार कराए जा रहे हैं। बताया कि समूह के उत्पादों को संग्रहित करके एक कॉफी टेबल बुक भी तैयार की जा रही है।

# मंदिर ट्रस्ट की जांच को लेकर भाकियू ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मंदिर ट्रस्ट की जांच को लेकर भाकियू ने गोसाईगंज में चल रहे धरने में अधिकारियों को सारे दस्तावेजों के साथ ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने जांच के बाद बड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। आपको बता दें भाकियू टिकैत द्वारा पिछले 3 तारीख से गोसाईगंज डाक बंगला में धरना प्रारंभ किया था। मुख्य मांग थी गोसाईगंज में चल रहा है मेला लगवाया जाए और ट्रस्ट में जो हेराफ़ेरी की गई है उसकी जांच कराई जाए। सोमवार को मुख्य रूप से धरने में प्रदेश महासचिव गणेश शंकर, जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा के साथ जिला परिषद व सलाहकार महेश प्रधान, जिला संरक्षक किशोरी लाल पटेल, ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिंपल, मोहित वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। भाकियू नेता महेश प्रधान ने कहा कि महावीर मंदिर ट्रस्ट के नाम पर बड़ी अनियमितता बरती गई है और मंदिर की जो जमीन बिक्री की गई है उसकी जांच कर कार्रवाई हो। एसीपी अपूर्वा पांडे के साथ सहकारिता विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत का जन्मदिन मनाने के साथ विधिवत बड़े हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। सभी लोगों ने महात्मा टिकैत के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हवन में आहुति डाली। खाद बीज के साथ ब्लॉक व अन्य तमाम मांगे ज्ञापन में लिखी गई थी। अधिकारियों ने उन पर जल्दी ही ठोस कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# एनीमिया और टीबी उन्मूलन सरकार की प्राथमिकता: ब्रजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। मिशन शक्ति अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान तथा रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से सोमवार को आईएमए भवन, लखनऊ में ल्लमहिला स्वास्थ्य के आयामङ्क विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर 50 टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दीप जलाकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा महिलाओं को प्राथमिकता दी है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों में एनीमिया से बचाव, टीबी उन्मूलन तथा जीवन के हर पहलू में खुशियाँ लाने हेतु अनेक योजनाएँ चलाई हैं। इसी क्रम में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक ल्लस्वस्थ नारी, सशक्त परिवारङ्क अभियान चलाया गया, जिसके तहत महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए हैं, जिससे प्रदेश में महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा दोनों प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की बड़ी संख्या में बेटियाँ पुलिस विभाग में शामिल होकर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षय रोग एक अभिशाप है, परंतु राज्य सरकार ने इसे समाप्त करने के लिए बड़े पैमाने पर रोगियों की पहचान की है। महामहिम राज्यपाल ने टीबी रोगियों को गोद लेने का अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक रोगी को समय से दवा, पोषण और निक्षय पोषण योजना की धनराशि समय पर प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि टीबी के इलाज में दवा के साथ उचित पोषण भी आवश्यक है। इस दिशा में कार्य करने के लिए उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी का आभार व्यक्त किया।

उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे टीबी से पीड़ित 10 वर्षीय बालिका के घर जाकर उसकी स्थिति का आकलन करें, आसपास के क्षेत्र की स्वच्छता की जांच करें तथा लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करें।

लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्ष 2021 में शुरू किया गया मिशन शक्ति अभियान महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने हेतु चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. गीतांजलि ने किशोरी स्वास्थ्य और माहवारी स्वच्छता पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. फातिमा शिबा ने एनीमिया के कारणों एवं निवारण पर प्रकाश डाला, वहीं डॉ. निरूपमा सिंह ने महिलाओं में अस्थि रोग की रोकथाम पर चर्चा की।इस अवसर पर रेडक्रॉस द्वारा स्वास्थ्य विभाग को व्हीलचेयर एवं फोल्डिंग स्ट्रेचर प्रदान किए गए।

# बखारी के अध्यापक संतोष कुमार शर्मा को मिला सर्व पल्ली राधाकृष्णन शिक्षक सम्मान 2025

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोसाईगंज क्षेत्र के गांव बखारी के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक संतोष कुमार शर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लिखित कार्यों के लिए डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह सब विश्व शिक्षक दिवस के मौके पर राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह 2025 के मौके पर चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से मेडिसिटी अस्पताल परिसर कोताना रोड बड़ौत बागपत में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर से करीब 1000 आवेदकों में से उन 100 शिक्षकों का चयन किया गया जिन्होंने शैक्षिक,खेल, मोटिवेशनल टीचिंग, के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।उन्हीं में संतोष कुमार का नाम भी शामिल रहा। कार्यक्रम का आयोजन भगवती तोमर अध्यक्ष केहर सिंह एजुकेशनल एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा किया गया। इनके सहयोग में डॉ आर एस वर्मा अध्यक्ष चयन समिति, डॉक्टर मनीष तोमर सचिव, चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट ,रामपाल सिंह विकास मलिक साथ रहे। सम्मानित किये गए अध्यापक संतोष कुमार विद्यालय में इंचार्ज अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। इन्हें वर्ष 2021 में भी राज्य शिक्षक पुरस्कार मिल चुका है। ये पहले भी कई पुरस्कारों से सम्मानित किये जा चुके है।संतोष कुमार शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा कुछ नया और बच्चों के लिए रुचि पूर्ण शिक्षा देने का काम करते रहते है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केपी मलिक स्वतंत्र एवं कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे। आयोजन में धर्मेंद्र कुमार, हेड पूर्वी रेलवे,विनीत राठी उपनिर्देशक प्रवर्तन निदेशालय, ओमकार शुक्ल,संयुक्त शिक्षा निदेशक,मेरठ मंडल,राघवेंद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक बागपत भी शामिल रहे।

# कर्ज चुकाने के लिए मां की हत्या कर बेटे ने चुराए थे जेवर, गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई रेनू यादव की हत्या का खुलासा पुलिस ने सोमवार को कर दिया है। आनलाइन गेमिंग और बेटिंग के कर्ज में डूबे बेटे ने पेचकस से मां की हत्या के बाद जेवर चुराए थे। पुलिस उपायुक्त दक्षिण निपुण अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि बाबूखेड़ा गांव में रहने वाली रेनू यादव (45) का शव 3 अक्टूबर को संदिग्ध हालत में घर पर पड़ा था। उसी दिन ही मायके से वह अपने घर आयी थी। पति रमेश की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर जांच शुरू कर दी। छानबीन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल की। तमाम साक्ष्य एकत्र करने के बाद पुलिस ने सोमवार को रेनू के बेटे निखिल यादव उर्फ गोलू को फतेहपुर से गिरफ्तार किया है। सख्ती से पूछताछ पर निखिल ने बताया कि वह एक आनलाइन गेम में सट्टा लगाता था। उसमें अधिक पैसे हारने के बाद कई अलग–अलग ऐप से आनलाइन लोन भी लिए। लोन का किश्त समय से पूरा नहीं कर पा रहा था। इसलिए मां के जेवर चुराकर बेचा और उस पैसे से लोन को चुकाया। तीन अक्टूबर को जब मैं मामा के घर से आया तो अलमारी में रखे मां के अन्य जेवर को चुरा रहा था। उसे शक हुआ कि चोरी करते हुए मां ने देख लिया है। कही उसकी पोल न खुल जाए इसलिए मैने पेचकस से कई बार वार करके मां को जमीन पर गिरा दिया। उसे लगा कि वो अभी जिंदा है तो उसने पास में रखे गैस सिलेंडर से मां पर दो तीन बार वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। मैं घबराकर अपने बैग में घर से निकाले हुए गहने और पेचकस रखकर मोटर साइकिल से भाग गया। भागते वक्त अपने बचाव में ?अपने पिता, मामा और दोस्त अरुण को फोन कर झूठी कहानी बनायी कि दो तीन लोग मम्मी को घर में मारपीट रहे हैं। मेरे पीछे भी पड़े हैं और मैं अपनी जान बचाकर भाग रहा हूं। फिर मैने अपना मोबाइल बंद कर लिया था।

## बिहार में मछुआ समाज अपने हित और अनुसूचित आरक्षण के मुद्दे पर करेगा मतदान : डॉ. संजय निषाद

लखनऊ। बिहार का मछुआ समाज अब पूरी तरह जागरूक हो चुका है और वह अपने हित–अहित के साथ–साथ अनुसूचित जाति आरक्षण के मुद्दे को ध्यान में रखते हुए मतदान करेगा। यह बात बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने एक बयान जारी कर कहा। डॉ. निषाद ने सोमवार को कहा कि मछुआ समाज जानता है कि उसके आरक्षण से जुड़ा मुद्दा केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हल कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मछुआ समाज अब किसी के बहकावे में नहीं आएगा और भटकने का काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बहार है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को बिहार की जनता ने हमेशा पसंद किया है। बिहार में विकास, स्थिरता और सुशासन की दिशा में जनता का विश्वास इस बार भी (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) एनडीए के पक्ष में रहेगा।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज धौरहरा में कैरियर मेला 2025 का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा (खीरी) । राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, धौरहरा में सोमवार को ''कैरियर मेला 2025'' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वावलंबी बनाना और उन्हें विभिन्न कैरियर विकल्पों की जानकारी प्रदान करना रहा। इस विशेष आयोजन में जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) खीरी के प्रतिनिधि विनोद कुमार, एसडीएम धौरहरा के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार फिरोजाबाद अखिलेश मौर्या, तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विद्यालय परिवार और स्थानीय प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आयोजित यह मेला छात्राओं के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा का केंद्र बना। छात्राओं ने लगाए स्टॉल, दिखाई उद्यमिता की झलक मेले में छात्राओं ने अपने हाथों से तैयार किए गए उत्पादों जैसे फास्ट फूड, हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुएं, कॉस्मेटिक आइटम, पौधों की नर्सरी और रचनात्मक कलाओं से सजे स्टॉल लगाए। अतिथियों ने इन स्टॉलों का अवलोकन करते हुए छात्राओं की प्रतिभा की सराहना की और उनके आत्मविश्वास की सराहना की। 'पंख पोर्टल' से कैरियर संवारने का संदेश - डीआईओएस प्रतिनिधि विनोद कुमार ने छात्राओं को 'पंख पोर्टल' की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्लेटफ़ॉर्म छात्राओं को स्वयं अपना कैरियर चुनने और संबंधित मार्गदर्शन प्राप्त करने में सहायक है। उन्होंने छात्राओं से भविष्य को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाने की अपील की।

सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन की दी जानकारी- नायब तहसीलदार अखिलेश मौर्या ने छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रशासनिक सेवाओं और विभागीय कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी, जिससे वे जागरूक नागरिक बन सकें। कोतवाली प्रभारी शिवाजी दुबे ने मिशन शक्ति फ़ेज-5, 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपात सेवा, और 1098 बाल सहायता नंबर जैसी कई आवश्यक सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में इन सेवाओं का प्रयोग करने की अपील की।

सुरक्षा जागरूकता के तहत बांटे गए पत्रक- कार्यक्रम के अंत में महिला सुरक्षा और साइबर सुरक्षा से संबंधित जागरूकता पत्रक वितरित किए गए, ताकि छात्राएं किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों से सतर्क रह सकें।

प्रधानाचार्या ने जताया आभार- विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि वर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्राओं को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समझ का विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार दीक्षित, समस्त शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य एवं कक्षा 9 से 12 तक की सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।

# किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता, गन्ना भुगतान में देरी बर्दाश्त नहीं: जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गन्ना पेराई सत्र की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश**

**गन्ना पेराई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : जिलाधिकारी**

सीतापुर (ब्यूरो)। जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में एन0आई0सी0 कक्ष में आगामी पेराई सत्र 2025-26 के सुचारू संचालन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पेराई सत्र प्रारंभ होने से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि गन्ना आपूर्ति व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, यातायात प्रबंधन, तोल केंद्रों की व्यवस्था तथा श्रमिकों की सुरक्षा से संबंधित सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि पेराई कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों का गन्ना समय से तोला जाए तथा भुगतान शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः यह सुनिश्चित किया जाए कि गन्ना किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी द्वारा चीनी मिल प्रतिनिधियों को समय से चीनी मिलों में पेराई प्रारम्भ करने, गन्ना मूल्य भुगतान करने, क्रय केन्द्रों व मिलगेट पर अलाव, पीने हेतु पानी की व्यवस्था, मिलगेट पर कृषकों को बैठने हेतु यार्ड की व्यवस्था करने तथा उसकी नियमित सफाई करने हेतु निर्देश दिये गये। इसके साथ ही गन्ना भरे वाहनों से दुर्घटनाओं को रोकने हेतु उनमें रिफ्लेक्टर लगवाकर उसकी नियमित निगरानी करने, चीनी मिल प्रतिनिधियों को अपने ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक कर ओवरलोडिंग न करने व भरे वाहनों की उँचाई कम रखने हेतु निर्देश दिये गये। चीनी मिल प्रतिनिधियों को कड़े निर्देश दिये गये कि क्रय केन्द्रों पर गन्ना ढुलाई हेतु पर्याप्त ट्रकों की व्यवस्था व गन्ना लोडिंग व अनलोडिंग करने हेतु केन लोडर की व्यवस्था करें जिससे कृषकों को अधिक समय तक गन्ना तौल कराने हेतु प्रतीक्षा न करनी पड़े। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ओवरब्रिजों की सर्विसलेन को दुरूस्त कराया जाये। उन्होंने टी0आई0 को निर्देश दिये कि पेराई सत्र के दौरान वाहन के आवागमन की व्यवस्था दुरूस्त रखें, जिससे ट्रैफिक की स्थिति उत्पन्न न हो। गन्ना से लदे वाहन बिना परमिट के जनपद के बाहर न जायें।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला गन्ना अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**एनआरएलएम के तहत समूहों को मिला वित्तीय सहयोग, जिलाधिकारी ने की पहल की सराहना**

**बैंकर्स और समूहों के बीच बेहतर तालमेल हेतु आयोजित की गई जनपद स्तरीय कार्यशाला**

सीतापुर । राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित समूहों को वित्तीय सहायता (बैंक क्रेडिट लिंकेज) उपलब्ध हेतु सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन पर जनपद स्तरीय बैंकर्स उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें जनपद सीतापुर की समस्त बैंकों के सभी शाखा प्रबंधको, जिला समन्वयकों, अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक सखियों व समूह सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया है।

कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उक्त आयोजित कार्यशाला में जिलाधिकारी द्वारा 10 स्वयं सहायता समूहों को बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही साथ समूहों बैंक क्रेडिट लिंकेज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच शाखा प्रबंधकों (अपूर्व गुप्ता, सत्यमपाल यू0पी0 ग्रामीण बैंक, पुष्कर रस्तोगी बैंक आफ इंडिया, गुंजन मिश्रा स्टेट बैंक, सुधीर कुमार वर्मा इंडियन बैंक) मनोज कुमार अग्रणी जिला प्रबंधक तथा 05 बैंक सखियों (ऊषा देवी रेखा देवी, रेशमा, मधु सिंह, सरोजनी देवी) को प्रशंसा पत्र दिया गया है। उन्मुखीकरण हेतु एन0आर0आई0डी0 से आयी टीम द्वारा बैंकर्स को वित्तीय समावेशन पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। कार्यशाला के माध्यम से समूह और बैंक के मध्य अच्छे पारस्परिक संबंध स्थापित होने की जिलाधिकारी महोदय द्वारा अपेक्षा की गयी है।

## दूध बेंचने गए युवक का पानी में उतराता मिला शव

सांडा/सीतापुर । शाम को दूध बेंचने गए युवक का सड़क किनारे पुलिया के पास पानी में उतराता मिला शव। सकरन थाना क्षेत्र उल्लहा गांव निवासी मोहम्मद नसीम पुत्र जमालुद्दीन उम्र लगभग 60 वर्ष शाम को करीब 6.30 बजे साईकिल से दूध लेकर रसूलपुर दुग्ध डेयरी पर लेकर गए थे। बताया जा रहा वहां से देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोज बीन शुरू किया देर बीती रात करीब दो बजे गाँव के उत्तर सड़क किनारे पुलिया के पास पानी में उतराता शव मिला वहीं पास में ही कुछ दूरी पर मृतक की साईकिल पड़ी मिली ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। प्रकरण पर जब थानाध्यक्ष सकरन नवनीत मिश्रा से बात की गई तो बताया गया कि पीड़ित परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है शव को पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

# अवैध डायग्नोस्टिक सेंटरों का नेटवर्क सक्रिय, कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**सीतापुर में अवैध जांच केंद्रों का जाल**

**प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल**

**ऊँची पहुँच वालों पर मेहरबान विभाग, आम मरीज की जान दांव पर**

**किसकी जिम्मेदारी अगर 'पॉइंट मिस्टेक' ले ले किसी की जान**

**बेखौफ चल रहे बिना मान्यता वाले सेंटर**

**झूठी रिपोर्ट से मरीज की जान पर मंडराया खतरा**

**अर्नव डायग्नोस्टिक सेंटर, सूरजपुर पर फर्जी रिपोर्ट का आरोप**

सीतापुर ब्यूरो। जनपद के विकास खंड मछरेहटा क्षेत्र में बिना पंजीकरण के अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर खुलेआम संचालित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की निगरानी के बावजूद इन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। बताया जा रहा है कि कुछ संचालकों की ऊँची पहुँच और राजनीतिक पकड़ के चलते विभाग के अधिकारी भी कार्रवाई करने से बचते दिखाई दे रहे हैं।

ताज़ा मामला अर्नव डायग्नोस्टिक सेंटर, सूरजपुर का है। सूत्रों के अनुसार एक मरीज यहाँ जांच कराने पहुँचा था, जहां उसे गलत रिपोर्ट दी गई। अब सवाल यह उठता है कि जब जांच रिपोर्ट ही झूठी होगी, तो उसके आधार पर दी जाने वाली दवाइयाँ मरीज के जीवन के लिए खतरा साबित हो सकती हैं। और मरीज अपनी जिंदगी से भी हाथ धो सकता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे कई बिना रजिस्ट्रेशन और बिना मान्यता वाले सेंटर क्षेत्र में बेखौफ चल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता और लापरवाही के चलते आमजन की जान जोखिम में पड़ी हुई है। लोग दबी आवाज यह भी कह रहे कि संचालकों की ऊँची पहुँच के आगे विभाग नतमस्तक नजर आता है।

यदि इस प्रकार की लापरवाही बर्ती जाएगी तो किसी भी मरीज की जान जा सकती, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? यह गंभीर लापरवाही स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रश्नचिन्ह खडे कर रही है। अब देखना यह है कि विभाग इस पर सख्त कदम उठाता है या यह मामला भी अन्य फाइलों की तरह धूल फांकता रह जाएगा।

**क्या बोले जिम्मेदार...**

इस संबंध में जब सीएचसी अधीक्षक मछरेहटा डॉ. कमलेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि,

गलत रिपोर्ट देने की शिकायत मिली थी। जब हम मौके पर पहुँचे तो डायग्नोस्टिक सेंटर बंद मिला। संचालक को तलब किया गया है। संचालक का कहना है कि यह केवल पॉइंट मिस्टेक है।

# एक ही रात्रि में वन विभाग की सरपरस्ती में काटे गए सैकड़ो प्रतिबंधित पेड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन (सीतापुर) । गांजर को हरियाली मुक्त बनाने की ओर अग्रसर रेंजर बिसवां ने थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरन में एक ही रात्रि में विभिन्न गाँवो में धावा बोल कटवा डाले सैकड़ो प्रतिबंधित प्रजाति के हरे भरे पेड़।

थाना क्षेत्र अंतर्गत लालेपुरवा में बगैर किसी परमीशन के लकड़कट्टों ने वन विभाग की मिलीभगत से काट डाले करीब एक सैकड़ा देशी आम व जामुन के पेड़ साथ ही दम्मन बेलवा में 3 देशी आम व 4जामुन के विशालकाय पेड़ों काट कर धराशायी कर डाला गया, ग्रामपंचायत रउवापुर नेवादा में पूर्व प्रधान पुत्ती लाल के द्वारा वृहद वृक्षारोपण के तहत सरकारी निधि से सड़क के किनारे लगवाए कदम्ब के दो विशाल पेड़ों को ग्राम निवासी बांके लाल व भंगहा निवासी एक कथित पत्रकार मिथलेश के द्वारा कटवा कर बेंच लिया गया इसी के साथ ग्राम रुद्रपुर में मो. इक़्बाल खान ने अपने खेत के किनारे लगे 4जामुन के पेड़ों को वन कर्मी अकील अहमद से मिलीभगत कर काट डाला, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बाछेपुर में शिव बबूल(जैती) व पाकड़ के पेड़ों में कमीशन न मिलने के चलते ठेकेदार मो. हामिद खां व पत्रकार मिथलेश से 5हजार रूपए जुर्माना वसूल तो लिया गया पर रशीद उपलब्ध नहीं करवाई गई जिसके चलते ही पत्रकार मिथलेश को सरकारी जगह में लगे कदम्ब के पेड़ों को काट लेने को कहा गया। आम व जामुन की बाग सहित अन्य अवैध पातन के विषय में जब रेंजर बिसवां अहमद कमाल सिद्दीकी से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन अनरिचेबल ही बताता रहा।

विगत दिवस रविवार की रात्रि को ही इतनी जगहों पर इतनी मात्रा में काटे गए पेड़ों के मामले में एक बार फिर स्थानीय पुलिस व वन विभाग पर उंगलिया उठने लगी हैं जिसके चलते आमजनमानस में हरियाली व पेड़ों के प्रति प्रशासन की उदासीनता पर सवाल उठने लगे हैं।

# कफारा गांव में आयोजित हुआ पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेला, 562 पशुओं का हुआ इलाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा (खीरी)। ब्लॉक रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत कफारा में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। यह मेला मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश सचान के दिशा-निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक पशु चिकित्सा सेवाओं और योजनाओं की जानकारी देना रहा। शिविर का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री प्रेम नारायण व वरिष्ठ पत्रकार श्री बुद्धेश्वर पांडे ने गौ पूजन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मेले में मौजूद डॉ. प्रदीप कुमार (ईसानगर) ने पशुओं के टीकाकरण और कृमिनाशक दवाओं की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, डॉ. अनिल दुबे ने पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड, पशु टैगिंग और पशु बीमा की योजनाओं के लाभ बताए। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राकेश वर्मा (धौरहरा) ने सर्दी से बचाव, हरे चारे के महत्व और सेक्स सीमेन तकनीक द्वारा कृत्रिम गर्भाधान जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाई। मेले में कुल 90 किसानों के 562 पशुओं का उपचार किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पशु औषधिक राजेश बहुगुणा, पशुधन प्रसार अधिकारी मोहन सिंह राणा एवं पैरावेट टीम – शिव मोहन, राजेश, राज कुमार, विनीत, शिवपाल, रजनीश, अजय, रामायण सिंह, शाहिद व संतोष का विशेष सहयोग रहा। अंत में डॉ. राकेश कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (धौरहरा) ने मेले में सम्मिलित सभी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं किसान भाइयों का आभार व्यक्त किया।

## आर्य समाज का त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न



बिसवां कैनविज टाइम्स संवाददाता। आर्यसमाज का त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ जिसमें विद्वान उपदेशक पंडित अशर्फी लाल शास्त्री, पंडित धर्मवीर सात्विक मथुरा,नीलम शास्त्री करनाल, धनुर्धर भगवान देव बरेली,ढोलक वादक सुरेंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक, संस्था के मंत्री अजीत आर्य रहे। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र बहादुर आर्य ने किया।अतिथियों का स्वागत संस्था के प्रधान रमापति रस्तोगी ने किया। पंडित अशर्फी लाल ने अपने उद्बोधन में कहा की प्रकृति के पांच तत्त्व है लेकिन अंत में मूल तत्त्व दो ही रह जाते हैं वो है अग्नि और सोम। अग्नि को पिता का तत्त्व कहा गया है और सोम को माँ का तत्त्व कहा गया है।सृष्टि के निर्माण के यही मूल हैं। पंडित धर्मवीर सात्विक ने कहा की जीवन योग और संयम पर आधारित है जीवन को जितना संयम से जियेंगे उतना ही सहज होता चला जायेगा। नीलम शास्त्री ने कहा की समय का अनुशासन जीवन में होना अति आवश्यक है। धनुर्धर भगवान देव ने धनुष विद्या का प्रदर्शन करके वेद के सिद्धांतो को बताया की संसार की सारी विद्याओं का मूल वेद है। बिसवां आर्य समाज के द्वारा समाज सेवी दिनकर प्रताप सिंह व सीतापुर जनपद से पधारे आर्य सामाज के लिए सेवा करने वाले महानुभावों को प्रसस्ति पत्र व अंगवस्त्र भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपप्रधान अशोक पुष्प,कुलदीप सिंह,त्रिलोकी नाथ रस्तोगी,कोषाध्यक्ष कैलाशपति रस्तोगी,अनिल श्रीवास्तव,ब्रह्मादीन यादव, राकेश रस्तोगी, कुसुम पुरी,मीना श्रीवास्तव, सीमा रस्तोगी, श्रीकांत मौर्य, प्रमोद कपूर,नारायण श्रीवास्तव,आनंद खत्री सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दूध बेंचने गए युवक का पानी में उतराता मिला शव

सांडा/सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शाम को दूध बेंचने गए युवक का सड़क किनारे पुलिया के पास पानी में उतराता मिला शव। सकरन थाना क्षेत्र उल्लहा गांव निवासी मोहम्मद नसीम पुत्र जमालुद्दीन उम्र लगभग 60 वर्ष शाम को करीब 6.30 बजे साईकिल से दूध लेकर रसूलपुर दुग्ध डेयरी पर लेकर गए थे। बताया जा रहा वहां से देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोज बीन शुरू किया देर बीती रात करीब दो बजे गाँव के उत्तर सड़क किनारे पुलिया के पास पानी में उतराता शव मिला वहीं पास में ही कुछ दूरी पर मृतक की साईकिल पड़ी मिली ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। प्रकरण पर जब थानाध्यक्ष सकरन नवनीत मिश्रा से बात की गई तो बताया गया कि पीड़ित परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है शव को पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

## उद्यान विभाग को प्राप्त हुआ 150 कुंतल गुणवत्तायुक्त आलू बीज का आवंटन

सीतापुर (ब्यूरो) कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के कृषक भाइयों को अवगत कराया है कि कृषकों में नकद मूल्य पर विक्रय हेतु उच्च कोटि का गुणवत्तायुक्त प्रमाणित 150 कुंतल आलू बीज का आवंटन उद्यान विभाग को प्राप्त हुआ है, जिसके अन्तर्गत आलू कुफरी बहार (3797) आधारित प्रथम ओवर साइज दर रू0 2840/-प्रति कुंतल, आलू कुफरी चिप्सोना आधारित द्वितीय सीड साइज दर रू0 3510/-प्रति कुंतल, आलू कुफरी ख्याति आधारित प्रथम सीड साइज दर रू03715/- एवं आलू कुफरी ख्याति आधारित प्रथम ओवर साइज दर रू0 2840/- प्रति कुंतल। उक्त बीज नकद मूल्य पर प्राप्त करने हेतु किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में सम्पर्क करते हुए आवेदन उपलब्ध कराया जा सकता है।

## लखीमपुर शहर में चल रहे मेले में मेला व्यापारी कर रहे राजस्व में हजारों की हेरा फेरी

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर में चल रहे चर्चित मेले में आम आदमी और व्यापारियों के नियम से परे चल रहे मेला व्यापारी बिना फ़ूड लाइसेंस लिए बिना पक्का बिल दिए जनता व राजस्व की कर रहे हजारो रुपयों की चोरी या तो दोनों विभाग ने देख कर आखों पट्टी बांध ली है या फिर किसी तरह का लाभ विभागों को पहुँच चुका है,अगर नही तो क्यों नही करते कोई कार्यवाही ऐसी भिन्नता क्यों, टैक्स के दायरे में क्या सिर्फ आम व्यापारी ही आता है जबकि मेला में व्यापारी भी कई हजारो लाखो की बिक्री मात्र कागज के कूपन देकर जनता को लूटा जा रहा है जिम्मेदार बने हुए है मौन नेता,व्यापारी नेता,विधायक सांसद आखिर आम जनता या आम व्यापारियों की आवाज या दर्द को कब समझेगे ये बड़ा सवाल खड़ा करता है।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत काउंसलिंग कर शादीशुदा जोड़े के मध्य विवाद सुलझा कर सुलह कराई गई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फ़ेस - 5 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा सम्पूर्ण जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 06.10.2025 को थाना सिंगाही पर महिला शक्ति केंद्र पर आवेदिका श्रीमती शहनुमा बानो पत्नी श्री रिजवान निवासी ग्राम उमरा थाना सिंगाही जनपद खीरी द्वारा अपने पति श्री रिजवान पुत्र कुतुबुद्दीन निवासी उपरोक्त द्वारा घरेलू विवाद को लेकर प्रताड़ित करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया । उक्त प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए थाना सिंगाही की महिला शक्ति टीम द्वारा तत्काल आवेदिका के पति श्री रिजवान उपरोक्त को थाने पर बुलाकर समझाया बुझाया गया एवं पति पत्नी दोनों की काउंसलिंग कर दोनों के मध्य आपसी विवाद का निस्तारण कराया गया । जिसके उपरान्त दोनों पति पत्नी सन्तुष्ट होकर महिला शक्ति टीम थाना सिंगाही जनपद खीरी का आभार व्यक्ति करते हुए खुशी-खुशी अपने घर चले गए ।

# एक दिन के लिए बनाई गई थाना खमरिया की थाना प्रभारी राधा कटियार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। थाना खमरिया में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा यू0पी0 मिशन शक्ति 5.0 राज्य की महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तिकरण व सम्मान' के क्रम मे जनपद लखीमपुर खीरी में पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा चलाये गये अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक खमरिया ओम प्रकाश राय के नेतृत्व में मिशन शक्ति के पंचम संस्करण के अंतर्गत सीताराम मनवार इण्टर कालेज की कक्षा 12 की छात्रा सुश्री राधा कटियार पुत्री जुगुल किशोर निवासी ग्राम गौर चौखड़िया थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को एक दिन का थाना प्रभारी (खमरिया) नियुक्त किया गया । नवनियुक्त थाना प्रभारी सुश्री राधा कटियार द्वारा थाना खमरिया में फरियादियों की शिकायतें सुनी गई तथा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई किए जाने का विश्वास दिलाया गया। तत्पश्चात संबंधित हल्का प्रभारीगणों को जांच सौंपी गई। इसके उपरांत नवनियुक्त थाना प्रभारी द्वारा गक्क-730 पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें तीन सवारी चालकों एवं बिना हेलमेट चल रहे चालकों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए चालान किए गए। इसके अतिरिक्त महिलाओ और बालिकाओ को मिशन शक्ति अभियान में निहित उद्देश्यों महिलाओं एंव बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों एंव उनकी सुरक्षा एंव अधिकारों के संदर्भ में एंव आपात की स्थिति मे शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइनों के नम्बरो व शासन द्वारा जारी विभिन्न योजनाओ के सम्बन्ध में जागरूक किया गया एंव पम्पलेट वितरित किये गये।

मिशन शक्ति 5.0 की विशेषतायेः-

1. यू0पी0 मिशन शक्ति अभियान की शुरूआत राज्य की महिलाओं और बालिकाओं के प्रति हो रहे अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर जागरूक करने के लिये। 4. महिलाओं एंव बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा करना । 2. महिला एंव बच्चो से सम्बन्धित समस्याओं एंव मुद्दो पर समझ बनाना। 3. महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतो के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध मे जानकारी प्रदान करना । 5. महिला एंव बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न प्रमुख कानूनो एंव महिलाओ की गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराध की जानकारी देना 6. यू0पी0 मिशन शक्ति अभियान के तहत रेप छेड़छाड़ केस में सबसे पहले प्राथमिकता देकर दोषियों को कड़ी सजा दिलवाना ।

# सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराएं पीसीएस प्रारंभिक परीक्षाः डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**जिलाधिकारी ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। आयोग द्वारा निर्धारित एसओपी का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए**

बदायूँ। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य व प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 तथा सहायक वन संरक्षक व क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को सकुशल रुप से संपन्न कराने के लिए आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। आयोग द्वारा निर्धारित एसओपी का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के साथ 12 अक्टूबर दिन रविवार को 18 परीक्षा केंद्रो पर आयोजित होने वाली पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आहूत बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि हर परीक्षा एक नई परीक्षा होती है। इसलिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण की जाएं और सभी प्रारूपों का भली प्रकार अध्ययन कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि 09 अक्टूबर को मॉक ड्रिल होगी। उन्होंने बताया कि आगामी 12 अक्टूबर 2025 को जनपद बदायूँ में 18 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में सम्पन्न होगी, प्रथम पाली प्रातः 09:30 बजे से 11:30 बजे तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे तक होगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी 18 परीक्षा केन्द्रों पर एक-एक केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती की है, साथ ही प्रत्येक केन्द्र के लिए एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं।उन्होंने प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर साफ सफाई व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था, क्लॉक रूम की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था, खाद्य सामग्रियों की चेंकिंग व उचित दर पर बिकने की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र के आसपास की फोटोकॉपी आदि की दुकानें बंद रहेगी।अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि कार्यदायी संस्था द्वारा 18 परीक्षा केंद्रां पर जिसमें से 05 ग्रामीण क्षेत्रों में है। सभी में सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था कराई जा रही है साथ ही पुरुष व महिला अभ्यर्थियों की तलाशी के लिए अलग-अलग चैंबर बनाए जाएंगे तथा अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक के साथ-साथ आयरिश स्कैनिंग भी होगी।उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल रूप से कराने के लिए 18 सैक्टर व 7 जोन बनाए गए हैं, सभी पर एक-एक मजिस्ट्रेट को नामित किया है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 384 कुल 6912 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त 04 सैक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट रिवर्ज में रखें गए हैं। परीक्षा के दौरान सभी रिजर्व मजिस्ट्रेट को कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।परीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पर्यवेक्षक बनाए गए सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि ओएमआर शीट में से गुलाबी ओएमआर आयोग जाएगी, हरी ओएमआर शीट कोषागार में जमा होगी तथा नीली ओएमआर शीट को परीक्षार्थी अपने साथ ले जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा अपने मुख्यालय पर बनाए गए कंट्रोल रूम पर प्रत्येक परीक्षा केंद्र की लाइव स्ट्रीमिंग को देखा जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर अलर्ट मैसेज भी परीक्षा केंद्रो पर भेजा जाएगा।उन्होंने बताया कि दिव्यांग अभ्यर्थी के लिए प्रत्येक घंटे पर 20 मिनट अतिरिक्त दिए जाएंगे वह दिव्यांग व्यक्ति जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक का दिव्यांग है उसकों प्रत्येक घंटे पर 20 मिनट अतिरिक्त दिए जाएंगे। 02 घंटे की परीक्षा में कुल 40 मिनट उसे अधिक मिलेंगे तथा दिव्यांग अभ्यर्थी के मांगे जाने पर किसी भी शैक्षिक स्तर की योग्यता वाले स्क्राइब को दिया जा सकता है। मास्टर ट्रेनर व प्रधानाचार्य श्री कृष्णा इंटर कॉलेज संदीप भारती ने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने से संबंधित परीक्षा केंद्र पर परीक्षा प्रारंभ होने के समय से 45 मिनट पूर्व पहुंचना होगा।

### प्रान्तीय उपाध्यक्ष बने राजीव सिंह

बदायूँ। लोक निर्माण विभाग समाजिक,सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति जनपद बदायूँ के तत्वाधान में सम्पन्न हुई उ0प्र0लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीयल एसोशिएसन की प्रथम तैमासिक बैठक में निर्माण खण्ड-2,,लोक निर्माण विभाग,बदायूँ में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी राजीव सिंह राठौर के प्रान्तीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर फूलमालाए पहना कर स्वागत किया गया।इस अवसर पर प्रान्तीय उपाध्यक्ष राजीव सिंह राठौर ने कहा कि सभी सदस्यों को संगठित रहना चाहिए कलयुग में संगठित रहने में ही शक्ति है मुझे प्रान्तीय कार्यकारिणी ने जो दायित्व सौपा है उसे मैं पूर्ण निष्ठा के साथ निभाऊँगा। स्वागत समारोह में डिप्लोमा राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष अजय गंगवार,ठेकेदार संघ के जिलाध्यक्ष अमित पाण्डे,फ़ेडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल एसोसियेशन के मण्डलीय अध्यक्ष मानव शर्मा,मिनिस्ट्रीयल एसो0 के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमसिंह,खण्डीय लेखाधिकारी विकास सक्सेना,मिनिस्ट्रीयल एसो0 के संरक्षक नरेश चन्द्र,ठेकेदार भूपेन्द्र सिंह,अनिल कुमार,संजीव गंगवार,कुलदीप शर्मा,ओमप्रताप सिंह,विपिन सागर,मोहित शर्मा,मो0अली,भारत सिंह,कालीचरन सागर, अरविन्द पाल,राजकुमार,भूदेव सिंह,शिशुपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### किन्नरों ने जबरन सामान उठाया, पुलिस ने वापस कराया

बदायूँ। थाना उझानी क्षेत्र के कछला मुख्य चौराहे पर रविवार की दोपहर किन्नरों ने वसूली के नाम पर दुकानदारों से बदतमीजी की। नंगे होकर भद्दा प्रदर्शन किया। पैसे न देने या कम देने पर दुकानों में घुसकर सामान लेकर चल दिए। इससे परेशान व्यापारियों ने पुलिस बुलाया। पुलिस ने किन्नरों पर कार्रवाई तो नहीं की लेकिन दुकानदारों का सामान वापस दिलवा दिया।कस्बा के मुख्य बाजार में चार किन्नर हर दुकानदारों से नेग मांग रहे थे। नेग भी किस बात का यह कुछ नहीं बताया। प्रत्येक दुकान से 100 रुपये से कम लेने को तैयार नहीं हुए। जिसने नहीं दिए उनकी दुकान के सामने तालियां बजाते हुए हंगामा किया और कम रुपये देने या मना करने पर नग्न प्रदर्शन पर उतारू हो गए। डरे सहमे ज्यादातर दुकानदारों ने उन्हें मांगी हुई रकम दे दी। कुछ दुकानदारों ने पैसे नहीं दिए तो उनकी बदतमीजी का शिकार हुए। व्यापारी सुदर्शन की रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान है। उन्होंने बताया कि नैना किन्नर और उसके तीन अन्य साथी उनसे 100 रुपये मांगे। उन्होंने 50 रुपये दिए, जो किन्नरों को मंजूर नहीं थे। गंदी-गंदी गालियां देने लगे। उनकी दुकान में घुसकर जबरन कच्छों का एक बॉक्स उठाकर ले गए। सुदर्शन ने तुरंत डायल 112 को कॉल किया। पुलिस पहुंची तो किन्नर अन्य दुकानों पर मिल गए। दुकान से उठाया सामान उनके पास मिला।सिपाही ने दुकान से उठाया सामान वापस करने को कहा तो सभी किन्नर फिर से बदतमीजी पर उतर आए। सिपाहियों ने कड़ाई दिखाई तो दुकानदार का सामान वापस कर दिया।

### मझौली खास स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय पहुंची वन स्टॉप सेंटर की टीम

मुरादाबाद । जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह के निर्देशानुसार मिशन शक्ति फ़ेज- 5 के अंतर्गत वन स्टाफ सेंटर की टीम द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय मझौली खास कुंदरकी मुरादाबाद में बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में जानकारी दी गई।बालिकाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों को बताया गया तथा गुड टच और बैड टच के बीच अंतर एवं किसी प्रकार की सामाजिक असुरक्षा की दशा में तत्काल सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।टीम ने 1090, 1098, 1076, 181, 112 और 108 सहित अन्य टोल फ्री नंबरों की उपयोगिता भी बताई गई।टीम ने बालिकाओं से उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और सुपोषण के मुद्दे पर भी चर्चा की। मनोसामाजिक परामर्श दाता तनीषा दिवाकर ने बालिकाओं को उनके बेहतर स्वास्थ्य और सुपोषण के लिए घरेलू उपायों के साथ ही स्थानीय स्तर पर उगने वाली विभिन्न सब्जियों को अपने आहार में शामिल करके एनीमिया और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के तरीके बताए।

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत किया गया जागरूक

चंदौसी। में मिशन शक्ति 5.0 के तहत मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज और चौकी कैथल गेट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सैंजनी थाना चन्दौसी क्षेत्रांतर्गत मिशन शक्ति टीम द्वारा बालक/बालिकाओं की मीटिंग आयोजित कर, गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई और उन सभी को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाएं एवं साइबर अपराध से बचने के उपाय आदि से अवगत कराया गया तथा अधिक से अधिक लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया उप निरीक्षक आरती सिसोदिया ने महिलाओं को उनकी सुरक्षा के लिए उपलब्ध पुलिस सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं 1090 वूमेन पावर लाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन जैसे टोल फ्री नंबरों पर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से कहा कि वह डरें नहीं, अधिकारों के प्रति सजग रहें और किसी भी तरह की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत रिपोर्ट करें। इस कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक आरती सिसोदिया महिला हेड कांस्टेबल कुसुम देवी कांस्टेबल रिंकल,अतुल, रीता मौजूद रही।

### मिशन शक्ति विषय पर गोष्ठी आयोजित

अनूपशहर। डीपीबीएस कालेज में एक्टिविटी क्लब एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में मिशन शक्ति विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।सोमवार को आयोजित विचार गोष्ठी प्राचार्य प्रो. जीके सिंह ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज की प्रकृति की आधारशिला है। मिशन शक्ति जैसे आयोजन युवाओं में संवेदनशीलता और जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षिका कामिनी अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी योग्यता और नेतृत्व क्षमता का परिचय दे रही है। मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रम उन्हें और अधिक मजबूत बनाते हैं। उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का संबल प्रदान करते हैं। डा. सोहन राना कहा की नारी शक्ति का सम्मान और सुरक्षा तभी संभव है, जब समाज में मानसिकता का परिवर्तन हो। महिलाओं को समान अवसर और सम्मान देना ही सच्चे अर्थों में सशक्त भारत की पहचान है। डा. आलोक तिवारी ने कहा कि मिशन शक्ति केवल एक सरकारी योजना नहीं बल्कि यह महिला सशक्तिकरण की एक जन आंदोलन रूपी पहल है जो हर महिला को आत्मविश्वास और स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करती है। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पड़ोसी द्वारा चूहा दुकान में छोड़ने का वीडियो वायरल

अनूपशहर। पड़ोसी द्वारा दुकान में चूहा छोड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुहल्ला पुस्त मंडी में हृदेश कुमार कन्फ़ेक्शनरी तथा साड़ी का व्यापार करते हैं। उन्होंने बताया है कि विगत कई महीनो से उनकी दुकान में लगातार चूहा की संख्या बढ़ती जा रही थी। जिससे उनके सामान को चूहा द्वारा क्षति पहुंचाई गई, जिससे लगभग एक लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हो गया। नुकसान के कारण उन्होंने कन्फ़ेक्शनरी की दुकान का समान कम कर दिया तथा साड़ी का कार्य बढ़ा लिया। किंतु इसके बाद भी चूहा की संख्या में कमी नहीं आने पर दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाए। सोमवार को सुबह सीसीटीवी कैमरा देखने पर पता लगा कि एक पड़ोसी द्वारा चूहेदान के माध्यम से चूहे पड़कर उसकी दुकान में छोड़े जा रहे हैं। उन्होंने आसपास के लोगों को वीडियो दिखाने के बाद इंटरनेट पर वायरल करते हुए उपरोक्त पड़ोसी को सम्मानित करने की घोषणा की है। इंटरनेट पर वीडियो प्रसारित होने के बाद चूहा छोड़ने वाला पड़ोसी अत्यंत शर्मसार हो रहा है। वीडियो इंटरनेट पर वायरल होने के बाद पूरे नगर में चर्चा बनी हुई है।

### घर में घुसकर दंपती को पीटा, मुकदमा दर्ज

बदायूँ। पुराने विवाद के चलते घर में घुसकर पति-पत्नी को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव मोंगर निवासी राधा पत्नी हरेंद्र ने दर्ज कराए मुकदमें में बताया है कि दो अक्तूबर की शाम चार बजे वह अपने घर पर बैठी थी। आरोप है कि तभी जेठ वीरेंद्र, जेठानी सुनीता व देवर दिनेश पुराने विवाद के चलते हाथों में लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आए पति हरेंद्र के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# मालवीय आवास गृह पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया टिकैत का जन्मदिवस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**कार्यक्रम में मंडल के प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने कहा स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत किसानों की आवाज थे**

बदायूँ। भारतीय किसान यूनियन के सुप्रीमो संस्थापक स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत का 90 मे जन्मदिन मालवीय आवास गृह में हवन करके व चित्रांश नगर कैंप कार्यालय मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना के आवास पर धूमधाम से मनाया गया। चित्रांश नगर कैंप कार्यालय में जन्मदिन के लिए फूल अर्पित करके अपने नेता का जन्मदिन मनाया किसान जागृति दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर मंडल के प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने संबोधित करते हुए कहा किसानों की आवाज थे स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत उन्होंने कहा देश के गली गलियों से आवाज उठाने वाले देहाती किसान सबसे बड़े स्तर पर 90 के दशक में देश में किसानो की मांगों को लेकर दिल्ली तक की सरकारों की चूरे हिलाने का काम स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने किया 1989 में बोर्ड क्लब पर ऐतिहासिक पंचायत लगाकर कब्जा जमा लिया देश-भर से लाखों की संख्या में किसानों ने बोर्ड क्लब पर डेरा तंबू लगाकर कब्जा कर लिया हुक्का की धमक विदेश तक गूजीमंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने आज अपनी आवास पर स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत का जीवंत वर्णन किया उन्होंने कहा किसानोकी संगठन अब किसी भी राजनीति से कम नहीं है टिकैत साहब के आदर्शों पर उनकी नीतियों का अनुपालन करना इन नेताओं के बस की बात नहीं है। भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक सदस्य हूं महापुरुष किसानयुग वर्ष 1987 से शुरू हुआ टिकैत संगठन सर्वोच्च है किसान संगठनों के देश में बाढ़ आई हुई है जो वजूद में नहीं है देशव्यापी आंदोलन टिकैत संगठन ही करता है इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर अजय पाल सिंह सदर तहसील अध्यक्ष ठाकुर अर्जुन सिंह जिला सचिव रनसिह उर्फ पप्पू यादव ब्लॉक सलारपुर अध्यक्ष पप्पू सैफी सदर तहसील उपाध्यक्ष केसर अली ब्लाबिसौली अध्यक्ष योगेश यादव उझानी नगर अध्यक्ष चंद्र मोहन वर्मा उसैहतसे कृपाल सिंह यादव ठाकुर दुर्वेंद्र सिंह बृजपाल प्रजापति सुरेश दीवान साबिर अली दानवीर सिंह यादव शिवराज सिंह यादव उदयवीर सिंह राजपूत ठाकुर भूपेंद्र सिंहसमेत दर्जनों की संख्या में चित्रांश नगर में उपस्थित रहे मालवीय आवास गृह पर हवन पूजा में जिला अध्यक्ष रमाशंकर शंकरशखधार रविंद्र सिंह पटेल नरेंद्र कुमार सक्सेना महिपाल सिंह यादव जिला प्रभारीझाझनसिह युवा जिला अध्यक्ष अमरपाल सिंह युवा मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह यादव आदिलोगो द्वारा माल्यार्पण करके हवन पूजा पाठ करके जन्मदिन को मनाया।

# उपभोक्ताओं को मिलेगा नि:शुल्क सिलेंडर रिफिल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पात्र उपभोक्ताओं को प्रथम चरण में अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक कुल 02 एलपीजी सिलेंडर रिफिल निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।प्रभारी जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं राज्य सरकार की पात्र सूची में सम्मिलित उपभोक्ताओं को ही इस योजना का लाभ दिया जाएगा। लाभार्थियों को निःशुल्क रिफिल का लाभ उनके बैंक खातों में डीबीटी माध्यम से सब्सिडी हस्तांतरण के द्वारा प्राप्त होगा।उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को निर्धारित मूल्य पर रिफिल सिलेंडर प्राप्त करना होगा, जिसके पश्चात दी गई राशि सीधे उनके खाते में वापस कर दी जाएगी। यह प्रक्रिया आधार कैश ट्रांसफर कम्प्लायंट के आधार पर संचालित होगी।प्राप्त निर्देशों के अनुसार, वर्तमान में एलपीजी सिलेंडर का औसत बाजार मूल्य 894.48 रुपये प्रति सिलेंडर है, जबकि शासन द्वारा निर्धारित वहन की जाने वाली अधिकतम सब्सिडी 335.40 रुपये प्रति सिलेंडर है। इसके अतिरिक्त प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर एक मॉनिटरिंग समिति गठित की गई है, जिसमें जिलाधिकारी अध्यक्ष होंगे। समिति में मुख्य विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, विधिक माप विज्ञान के वरिष्ठ निरीक्षक, ऑयल कम्पनियों के जनपदीय समन्वयक, समस्त उपजिलाधिकारी व लीड बैंक मैनेजर सदस्य रहेंगे।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई उपभोक्ता बिना पात्रता अथवा फर्जी तरीके से लाभ उठाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# दीपावली पर्व पर आतिशबाजी विक्रय को लेकर कड़े निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। प्रभारी जिला मजिस्ट्रेट ने नगर मजिस्ट्रेट, सभी उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी पुलिस, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी तथा सभी थाना प्रभारी/प्रभारी निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि अस्थाई शेड से आतिशबाजी भंडारण एवं विक्रय हेतु अनुज्ञप्ति निर्गत करने के संबंध में विस्फोटक नियमावली, 2008 (संशोधित) के नियम 84 एवं गजट नोटिफिकेशन दिनांक 09 जनवरी 2019 का पूर्णतः अनुपालन कराया जाए।उन्होंने कहा कि अस्थाई शेड से आतिशबाजी विक्रय अनुज्ञप्ति जारी करने से पूर्व संबंधित परिसरों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का परीक्षण करना अनिवार्य है। केवल उन्हीं स्थानों को अनुमोदित किया जाए, जो घनी आबादी से दूर खुले एवं अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त हों।प्रभारी जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि सभी नगर मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं अग्निशमन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि 10 अक्टूबर 2025 तक अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर चयनित स्थलों की सूची एवं स्पष्ट आख्या उनके कार्यालय को उपलब्ध कराएँ, ताकि दीपावली पर्व से पूर्व ही जनपद में आतिशबाजी के अस्थाई लाइसेंस समयबद्ध तरीके से निर्गत किए जा सकें।साथ ही निर्देश दिए गए कि लाइसेंसधारियों द्वारा नियम-84 के अंतर्गत वांछित सभी प्रतिबंधों तथा संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, मध्यांचल, आगरा के पत्र 17 सितम्बर 2024 में उल्लिखित निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। बिना अनुज्ञप्ति आतिशबाजी का भंडारण अथवा विक्रय पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अनिवार्य रूप से की जाएगी।प्रभारी जिला मजिस्ट्रेट ने चेतावनी दी कि यदि निर्देशों के पालन में शिथिलता बरती जाती है और किसी प्रकार की घटना घटित होती है तो संबंधित अधिकारी स्वयं इसके लिए उत्तरदायी होंगे।

# नाबालिग से छेड़खानी एवं अश्लील हरकत करने वाला दोषी करार, 05 वर्ष का कारावास एवं 6000 अर्थदंड

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंदौसी, सम्भल। उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष अभियान ल्लमिशन शक्ति (फ़ेज 5.0/2025) के अंतर्गत आज जनपद सम्भल की विशेष पॉक्सो न्यायालय से एक ऐतिहासिक फैसला सामने आया है। न्यायालय ने नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकत के बहुचर्चित प्रकरण में अभियुक्त को दोषी पाते हुए 05 वर्ष का कारावास एवं ?6000 का अर्थदंड प्रदान किया। यह निर्णय बेटियों की गरिमा, सम्मान और सुरक्षा के प्रति शासन एवं न्यायपालिका की दृढ़ प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण है।

#### अदालत का निर्णय

विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट, श्री अवधेश सिंह की अदालत ने विशेष सत्र परीक्षण संख्याऽ161/2020 (अपराध संख्याऽ523/2020, थाना गुन्नौर) में अभियुक्त राहुल पुत्र नेमपाल यादव, निवासी ग्राम मंडोली, थाना गुन्नौर को नाबालिग से अश्लील हरकत करने का दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।यह निर्णय स्पष्ट संदेश देता है कि बेटियों की गरिमा पर आंच लाने वाले अपराधियों को अब किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

#### अपराध की गंभीरता

मामले के अनुसार अभियुक्त ने एक मासूम नाबालिग बालिका के साथ छेड़खानी एवं अश्लील हरकत की, जिससे पूरा समाज आक्रोशित हुआ और इस घटना ने सामाजिक संवेदनाओं को गहराई से झकझोर दिया।

#### अभियोजन की सशक्त भूमिका

इस प्रकरण की पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) श्री नरेन्द्र कुमार यादव ने की। उन्होंने न्यायालय में तथ्यों पर आधारित, सशक्त एवं आक्रामक दलीलें प्रस्तुत कीं।गवाहों के बयान, चिकित्सीय साक्ष्य एवं अन्य ठोस प्रमाण प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए गए।अभियोजन की दृढ़ रणनीति और तर्कसंगत प्रस्तुति के परिणामस्वरूप अभियुक्त को दोषसिद्ध कर कठोर दंड दिलाया जा सका।

#### शासन एवं प्रशासन की दृढ़ता

यह फैसला प्रदेश सरकार की ल्लजीरो टॉलरेंस नीतिङ्क का प्रत्यक्ष प्रमाण है।माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने संकल्प लिया है कि बेटियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा।इस मुकदमे में जनपद सम्भल के जिलाधिकारी श्री राजेन्द्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार, पुलिस टीम तथा अभियोजन विभाग ने पीड़िता को न्याय दिलाने हेतु गंभीरता एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य किया।

#### समाज के लिए संदेश

यह फैसला केवल एक मुकदमे का निपटारा नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी और प्रेरणा है—जघन्य अपराधियों को किसी भी दशा में कानून से बचना असंभव है।न्यायिक व्यवस्था त्वरित एवं प्रभावी न्याय सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है।हर बेटी की सुरक्षा समाज और शासन दोनों की सर्वोच्च प्राथमिकता है।यह निर्णय न केवल पीड़िता को न्याय दिलाने वाला है, बल्कि यह समाज में यह विश्वास भी स्थापित करता है कि—ल्लबेटियों की अस्मिता और गरिमा की रक्षा हेतु कानून एवं शासन दोनों पूरी मजबूती से खड़े हैं।

# कल्कि महोत्सव,विकासोत्सव 2025 का शुभारंभ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल, बहजोई। बड़ा मैदान बहजोई में 6 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर तक चलने वाले कल्कि महोत्सव / विकासोत्सव 2025 का शुभारंभ आज प्रथम सत्र में 9:30 से 11:30 बजे माध्यमिक शिक्षा में बदलता उत्तर प्रदेशः प्रोजेक्ट अलंकार कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती गुलाब देवी रहीं जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व एम एल सी श्री परमेश्वर लाल सैनी रहे। कार्यक्रम में मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हमशक्ल श्री विकास मोहन्ते जी ने भी प्रतिभाग किया । सर्वप्रथम मुख्य अतिथि मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी जी एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित प्रचार वाहन एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान से संबंधित शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा शुभारंभ किया गया। सम्मान की नयी परम्परा पंचोपचार ( एक पुष्प, एक पुस्तक, एक परिधान, एक नारियल एवं एक पीतल का पात्र लोटा) द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा अन्य अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत गाया गया। एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अन्तर्गत नशा मुक्ति से संबंधित एक लघु नाटिका भी बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत की गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार द्वारा माध्यमिक शिक्षा से संबंधित संचालित योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया तथा प्रोजेक्ट अलंकार के विषय में भी जानकारी दी गयी। समग्र शिक्षा पर चर्चा की तथा उन्होंने बताया कि जनपद के 7 माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जा रही है जबकि 7 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना की गयी है। इंस्पायर अवार्ड योजना के विषय में भी चर्चा की। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज से जनपद में दूसरा सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 का शुभारंभ किया जा रहा है।इससे पूर्व 2024 में भी यह महोत्सव मनाया गया था।उन्होंने बताया कि 22 सितम्बर से मा. मुख्यमंत्री जी ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान की शुरुआत की है जिसका थीम है नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में शक्ति पुंज ,शक्ति सम्मान पुंज का गठन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने शताब्दी संकल्प 2047 विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश पर भी चर्चा की । उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए 12 सेक्टर कृषि एवं संबद्ध, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास,, आईटी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण , स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर में कोई भी नागरिक सुझाव दे सकता है।

### जिलाध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

बदायूँ। बरेली जाने को निकले कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव को गिरफ्तार कर रात भर थाने में बैठाए रखने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने धरना देकर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्रवाई के लिए डीएम को ज्ञापन भेजा गया है। नगर अध्यक्ष रियायत खां और ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल कश्यप के साथ रविवार दोपहर आंबेडकर पार्क परिसर में बैठे कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। नगर अध्यक्ष ने कहा कि जिलाध्यक्ष बरेली जाने के लिए घर से बाहर निकले थे, उसी दौरान पुलिस ने उन्हें दरवाजे से ही हिरासत में ले लिया।जिलाध्यक्ष को सिविल लाइंस थाने में रात भर रखा गया। ब्लॉक अध्यक्ष कश्यप ने सरकार पर दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया। कहा-सरकार पुलिस के जरिये जनता की आवाज दबा नहीं सकती। कार्यकर्ताओं ने बरेली मामले में प्रशासन पर बेवजह कार्रवाई करने का आरोप लगाया है।कानूनी प्रक्रिया के विपरीत समुदाय विशेष के लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। करीब तीन घंटे तक धरना पर बैठे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीएम को ज्ञापन भेजकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# डा. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में मनाई गयी महर्षि बाल्मीकि जयंती

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**संचालक महानंदन गौतम ने बच्चों को बताया कि भगवान राम की सबसे प्रमाणिक जीवन गाथा को लिखने वाले महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर साल आश्विन मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती**

चंदौसी। नगर के समीप ग्राम पथरा स्थित डा. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में महर्षि बाल्मीकि जयंती मनाई गई। स्कूल संचालक महानंदन गौतम एवं प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने समस्त स्टाफ के साथ महर्षि बाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। स्कूल संचालक महानंदन गौतम ने बच्चों को बताया भगवान राम की सबसे प्रमाणिक जीवनगाथा को लिखने वाले महर्षि वाल्मीकि की जयंती हर साल आश्विन मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है।

प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने बताया पौराणिक कथा के अनुसार महर्षि वाल्मीकि के बचपन का नाम रत्नाकर था. महर्षि के जन्म को लेकर तमाम तरह की किंवदंतियां है। जिसमें कोई उन्हें एक ब्राह्मण के घर में जन्मा बताता है तो कोई बचपन में अपने माता-पिता से बिछड़ने के बाद शिकारियों के संपर्क में आने की बात कहता है। बहरहाल, युवावस्था में महर्षि वाल्मीकि लूट-पाट करके अपने परिवार का पालन पोषण किया करते थे। मान्यता है कि एक बार उन्होंने महर्षि नारद को लूटने का प्रयास किया, लेकिन नारद मुनि की शिक्षा से उनका हृदय परिवर्तन हो गया और उन्होंने पूर्व में किए गये पापों का प्रायश्चित करने के लिए कठिन तप प्रारंभ किया। शिक्षक अश्विनी शर्मा ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि को भगवान राम के युग का माना जाता है। सत्येंद्र सिंह ने कहा कि मान्यता है कि महर्षि वाल्मीकि ने माता सीता को अपने आश्रम में आश्रय दिया था। जहां पर उनके दो पुत्र लव और कुश पैदा हुए। महर्षि वाल्मीकि ने लव और कुश को रामायण का ज्ञान दिया। मान्यता है कि लव और कुश ने ही सबसे पहले रामायण का गान किया था। सत्यपाल सिंह ने भी वाल्मीकि जी के जीवन के बारे में बताया।इस दौरान रमन शर्मा, रंजीत कुमार, सीमा अग्रवाल,रिनी अग्रवाल, क्षमता, शालू, सोनी,योगेश, आरती सिंह,अनामिका, सुशीला, राज कुमारी, दुर्गेश नंदिनी, रेशमा,आभा रानी, प्राची गौतम, श्याम सिंह एवं अभिभावक आदि मौजूद रहे।

# मंगल देव हत्या का मुख्य आरोपित गिरफ्तार, पिस्टल व कारतूस बरामद

**अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने पूरे मामले का खुलासा किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंड़ा। इटियाथोक थाना क्षेत्र के बलदु पुरवा भवानीपुर खुर्द पंद्रह वर्षीय मंगल देव की हत्या के मुख्य आरोपित संदीप मिश्रा को पुलिस ने 36 घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया है। इटियाथोक पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में यह खुलासा हुआ, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मंगल देव उसके फर्टिलाइजर दुकान पर काम नहीं करना चाहता था,जिससे नाराज हो कर उसने मंगल देव की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

गिरफ्तारी के बाद आरोपित संदीप मिश्रा की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल,जिंदा और खोखा कारतूस फर्टि लाइजर दुकान के पीछे से बरामद किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने पूरे मामले का खुलासा किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे न्या यिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है, आरो पित संदीप मिश्रा ने बताया कि मृतक मंगल दे व उसके फर्टिलाइजर की दुकान पर काम नहीं करना चाहता था।संदीप अपनी दुकान पर अके ले काम करता था और मंगल देव के काम न क रने से उसे नुकसान हो रहा था। इसी बात से नाराज होकर शनिवार देर शाम उसने संजय या दव की चाय की दुकान से मंगल देव को बुला या और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।शव को दुकान के बाहर सड़क किनारे फेंककर वह फरार हो गया था।वही मृतक मंगल देव पंद्रह वर्षीय भवानीपुर खुर्द गांव का निवासी था और संजय यादव की दुकान पर काम करता था। प ड़ोस में रहने वाला संदीप मिश्रा बार-बार उस पर अपनी फर्टिलाइजर दुकान पर काम करने का दबाव बना रहा था, लेकिन मंगल देव हर बार मना कर देता था। इटियाथोक पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि संदीप मिश्रा के पास बिना लाइसेंस वाली देशी पिस्टल कहां से आई और उसे यह हथियार व कारतूस किस ने उपलब्ध कराए। पुलिस इस बिंदु पर भी गहन ता से छानबीन कर रही है।

## बाइक बेचने के नाम पर 50 हजार की ठगी, बेलीपार थाने में दो युवकों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

गोरखपुर। गाड़ी बेचने के नाम पर दो युवकों ने 50 हजार की ठगी कर दी ज्ञात हों की पल्सर मोटर साईकिल गाड़ी बेचने के नाम पर युवक से पैसा लेकर फरार हो गए। वही युवक ने अपनी रकम वापस मांगी तो उसने पैसा लौटाने से मना कर दिया। पैसा वापस न मिलने पर युवक ने बेलीपार पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। मिली जानकारी के मुताबिक गोला थाना क्षेत्र के कोहड़ा बुजुर्ग निवासी विराट गौड़ पुत्र राजू गौड़ ने बेलीपार पुलिस को तहरीर देकर बेलीपार क्षेत्र के जंगल रानी सुहास कुवरी के महावीर छपरा निवासी विवेक यादव उर्फ लालचंद पुत्र रामचेत व विशाल गुप्ता पुत्र सुभाष नें पल्सर गाड़ी बेचने के नाम पर उससे 50 हजार रुपये ऑनलाइन फोन पर पैसा ले लिया और गाड़ी नहीं दिया और न हीं पैसा लौटाया, वही पैसा मांगे जाने पर गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। ऐसे में तहरीर देकर बेलीपार पुलिस से उक्त दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। वही बेलीपार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छान बिन में जुट गई है।

# बिजली खंभे के नीचे झुलसा मिला अज्ञात शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के मसकनवा मार्ग स्थित जैदवा गांव के पास सागौन के बाग में बिजली के खंभे के नीचे एक अज्ञात युवक का झुलसा हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।शव के पास से एक रस्सा,तार कटर एक जोड़ी चप्पल और एक चाबी बरामद की गई है। इन वस्तुओं के आधार पर पुलिस युवक की पहचा न और घटना के कारणों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है।पुलिस आसपास के गांवों में युवक की शिना ख्त कराने में जुटी हुई है। बिजली विभाग के अधिकारियों से भी संपर्क किया गया, लेकिन वे भी मृतक की पहचान नहीं कर पाए।बताया जा रहा है कि जहां शव मिला है, वह लाइन मनका पुर से मसकनवा जाने वाली विद्युत लाइन से जुड़ी हुई है।प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।युवक की पहचान कराने का प्रयास जारी है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही युवक की पहचान और मौत के कारणों का स्प ष्ट खुलासा हो सकेगा।

# दो बच्चों की मौत, केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री की शिकायत पर कमिश्नर ने बनाई जांच टीम

**बिना पंजीकरण के चल रहे इस नर्सिंग होम के एनआईसीयू वार्ड में भ र्ती इलाज के दौरान दो नवजात बच्चों की मौत हो गई थी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में अवैध नर्सिंग होम में दो नवजात बच्चों की मौत के मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है।केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंहउर्फ राजा भैया की शिकायत पर देवीपाटन मंड ल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। यह कमेटी सात दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपेगी,कमे टी की अध्यक्षता देवीपाटन मंडल की एडी स्वा स्थ्य डॉ.अल्पना रानी गुप्ता करेंगी, जिला विका स अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव व अति रिक्त उप जिलाधिकारी विशाल कुमार इसके सदस्य बनाए गए हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद कमि श्नर के द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह घटना 11 सितंबर 2025 गोंडा स्थित भाजपा कार्यालय के पास संचालित एसवीएस प्राइवेट नर्सिंग होम में हुई थी। बिना पंजीकरण के चल रहे इस नर्सिंग होम के एनआईसीयू वार्ड में भ र्ती इलाज के दौरान दो नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। इसके बाद सीएमओ ने मौके पर जांच टीम भेजकर एनआईसीयू वार्ड को सील कर दिया था।घटना का संज्ञान लेते हुए तेरह सितंबर को केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्ध न सिंह उर्फ राजा भैया ने जिलाधिकारी के मा ध्यम से कमिश्नर को एक शिकायती पत्र भेजा था। उन्होंने डॉक्टर की उदासीनता और अस्प ताल के अपंजीकृत होने का आरोप लगाते हुए विस्तृत जांच और कार्रवाई की मांग की थी।मंत्री ने अपने पत्र में यह भी आरोप लगाया था कि जिले में बड़े पैमाने पर अवैध अस्पताल सं चालित हो रहे हैं, जो विभागीय उदासीनता को दर्शाता है।उन्होंने जिला अस्पताल और महिला अस्पताल के डॉक्टरों पर दलालों के माध्यम से मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने का आरो प लगाया, जिसे दुर्भाग्यपूर्ण और सरकार को ब दनाम करने की साजिश बताया था। कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि पूरे माम ले में जांच के आदेश दिए गए हैं जांच रिपोर्ट मि लने के बाद पूरे मामले में और विस्तृत रूप से कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में अवैध नर्सिंग होम को गोंडा सीएमओ की जांच टीम के द्वारा सील कर दिया गया था इस तरह की लापर वा ही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश

बहराइच । मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा वर्ष 2025 के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया जिसके प्रस्तर-02(पप) निर्बन्धित अवकाशों की सूची के क्रमांक 25 पर महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 07 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया है। शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 07 अक्टूबर 2025 सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। शासन द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 07 अक्टूबर 2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। यह अवकाश निगोशिएबुल इन्सट्रूमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन नहीं होगा। शासनादेश के क्रम में निर्बन्धित अवकाश/स्थानीय अवकाश 07 अक्टूबर 2025 को निरस्त करते हुए निगोशिएबुल अवकाश 07 अक्टूबर 2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

# खाद गड्ढा की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा,सीएम योगी से शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। विकासखंड बेलसर के ग्राम सिंघपुर निवासी रामकेवल पुत्र रामसागर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक पत्र भेजकर ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की है। प्रार्थी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम सिंघपुर में गाटा संख्या 42 व 43, जो खाद गड्ढा एवं प्राइमरी पाठशाला के नाम दर्ज राजस्व भूमि है, उस पर गांव के ही रामसागर पुत्र गोमती ने कब्जा कर अवैध निर्माण कर लिया है।शिकायत में बताया गया है कि उक्त भूमि पर पहले से ही सरकारी रिकॉर्ड में विद्यालय एवं खाद गड्ढा दर्ज है, लेकिन ग्राम निवासी रामसागर पुत्र गोमती प्रसाद ने उस पर मकान बनवा लिया। इसके बाद उनके पुत्र चिंतामणि ने कथित रूप से जालसाजी करके उसी भूमि को अपनी पत्नी रुक्मणी, अजय बहादुर व अखिलेश के नाम विक्रय कर दिया। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि रामसागर शारीरिक रूप से अशक्त हैं वे न बोल सकते हैं और न ही सुन सकते हैं, साथ ही लकवे के मरीज हैं, जिससे यह विक्रय पूर्णतया संदिग्ध है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि जब हम इसकी शिकायत करते हैं तो इन दबंगों द्वारा मुझे जान से मारने की व हाथ पैर तोड़ देने की धमकी दी जा रही है पीड़ित ने बताया कि जिसका प्रार्थना पत्र कई बार गोंडा जिलाधिकारी से लेकर मुख्य मंत्री योगी तक दिया गया लेकिन अभी तक प्रशासन के द्वारा अवैध कब्जा मुक्त नहीं करा या गया है और ना ही संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक कोई उचित कार्रवाई की गई है।रामकेवल ने एक फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से उम्मीद करके एक बार फिर गुहार लगा ई है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच करा कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्य वाही की जाए, ताकि सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जा सके।

## परीक्षा केन्द्र के लिए नामित स्टैटिक मजिस्ट्रेट में हुआ बदलाव

बहराइच । उ.प्र. लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा.) अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी, सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से परीक्षा केन्द्र पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज के लिए पूर्व में तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार कैसरगंज सुरेन्द्र कुमार वर्मा के स्थान पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय रणजीत कुमार को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

# आवास प्लस सर्वेक्षण की समय सीमा बढ़ी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। भारत सरकार के निर्देश पर आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश द्वारा जारी आदेश के तहत आवास प्लस सर्वेक्षणऽ2024 की समय-सीमा को बढ़ा दिया गया है। अब यह सर्वेक्षण 14 अक्टूबर 2025 तक चलेगा।इस अवधि में नये लाभार्थियों का डेटा कैप्चर किया जाएगा ताकि पात्र परिवारों को आवासीय सुविधा से वंचित न रहना पड़े।जिला ग्राम विकास अभिक रण गोण्डा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी खण्ड विकास अधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि तत्काल प्रभाव से यह कार्य प्रारंभ करें।जिन लाभार्थियों का सर्वेक्षण पहले छूट गया था, उन्हें इस अवधि में चिह्नित कर डेटा कैप्चर किया जाएगा।परियोजना निदेशक, जिला ग्राम विकास अभिकरण गोण्डा ने बताया कि यदि किसी भी कारणवश पात्र लाभार्थी सर्वेक्षण की तिथि पर उपस्थित न हो पाए तो उन्हें पुनः अवसर प्रदान किया जाएगा।उन्होंने अपील की कि जिन परिवारों को अब तक आवासीय सुविधा प्राप्त नहीं हुई है,वे अपने को पात्र मानते हों तो संबंधित ग्राम विकास खंड से संपर्क कर अपना सर्वेक्षण अवश्य कराएं। सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में इस सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र परिवार छूट न सके।

# बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया करेंगी श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का दिव्य वाचन

**विश्व की सबसे कम आयु की अंतरराष्ट्रीय बाल व्यास है श्वेतिमा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। भक्ति, ज्ञान और संस्कृति की धरती गोरखपुर इस वर्ष एक अद्‌भुत आध्यात्मिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। बाँसगांव क्षेत्र के मऊ बुजुर्ग स्थित पावन रामा बाबा का स्थान पर 8 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2025 तक संगीतमय श्रीमद्‌भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन बड़े ही भक्तिभाव से किया जाएगा।इस दिव्य कथा का वाचन करेंगी विश्व की सबसे कम आयु की अंतर्राष्ट्रीय बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया, जिन्होंने मात्र 8 वर्ष 8 माह की आयु में अब तक 24 श्रीमद्‌भागवत कथाएँ संपन्न कराकर देश-विदेश में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया है। श्वेतिमा माधव प्रिया की मधुर वाणी, गूढ़ शास्त्रज्ञान और भक्ति रस में डूबी हुई प्रस्तुति हर आयु वर्ग के श्रोताओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।आयोजन समिति के अनुसार कथा प्रतिदिन सायं 5 बजे से प्रारंभ होगी। कथा के दौरान भजन-संध्या, संकीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ वातावरण को भक्ति-भाव से ओत-प्रोत कर देंगी। 15 अक्टूबर को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है।इस पावन आयोजन के मुख्य यजमान आदरणीय दरोगा सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी ऊषा सिंह जी रहेंगी। उन्होंने बताया कि श्रीमद्‌भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मा को ईश्वर से जोड़ने का माध्यम है। यह हमारे जीवन को धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर अग्रसर करती है। हम सभी श्रद्धालुओं से आग्रह करते हैं कि परिवार सहित पधारकर इस दिव्य कथा का श्रवण करें।

# महिला की संदिग्ध मौत,परिजनों ने लगाया लूट के बाद हत्या का आरोप,पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले कर्नलगंज-परसपुर मार्ग पर शौच के लिए गई महिला से आभूषण लूटने के बाद हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।सोमवार की सुबह में करूवा नचनी के बजरंग नगर की रहने वाली रामप्यारी घर से निकल कर कर्नलगंज-परसपुर मार्ग के किनारे शौच के लिए गई थी।जहाँ पर उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।वहीं परिवार जनों ने लूटपाट व हत्या का आरोप लगया है। परिवार जनों का आरोप है किबदमाशों ने नाक में पहने गहने (सुराही) को झ पट्टा मार कर छीन लिया,जिससे उनकी नाक फ ट गई।द्धमहिला के विरोध करने पर बदमाशों ने उनकी ईंट मारकर हत्या कर दी गईं ,मृतका के पुत्र सदानंद गोस्वामी ने बताया कि सिर व कान के पीछे चोट के निशान थे।लूट के दौरान उनकी मां ने बदमाश को पहचान लिया था इससे हत्या कर दी। वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है।घटना की जानकारी होने पर पास पड़ोस के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ जांच कर रहे हैं।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि फारेंसिक टीम साक्ष्य संकलन कर रही है।पोस्टमार्टम रि पोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# भरत से मिलते ही श्रीराम की आंखों से छलके आंसू

**मर्यादा पुरषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी द्वारा आयोजित हुआ भरत मिलाप कार्यक्रम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। ''राजीव लोचन स्त्रवत जल तन ललित पुलकावलि बनी,अति प्रेम हृदयँ लगाइ अनुजहि मिले प्रभु त्रिभुअन धनी'' की लयबद्ध पंक्तियों के बीच शहर में श्री मर्यादा पुरषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी के तत्वावधान में रविवार रात ऐतिहासिक भरत मिलाप का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। भगवान श्रीराम-भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का भावपूर्ण मिलन देख लोगों की आंखे छलक आई। इस दौरान जय श्रीराम और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ सैकड़ों श्रद्धालु लीला के रोमांच और उत्साह से सराबोर रहे।भरत मिलाप का जुलूस स्थानीय फायर स्टेशन चौराहे से शुरू होकर बिसात खाने पर जाकर समाप्त हुआ। रास्ते भर जगह-जगह लोगो ने भगवान राम की आरती उतारी तथा पुष्प बरसाएं। ग्रामीण अंचलों में भी भरत मिलाप के मौके पर सजी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।रविवार को गाजे-बाजे के साथ निकले जुलूस में भगवान राम, हनुमान, सीता, लक्ष्मण,शत्रुघ्न व भरत शामिल रहे।

बिसातखाना लाइन में भगवान राम व भरत के मिलाप का मंचन हुआ। रावण का वध व उसकी सोने की लंका को राख करने की सूचना मिलने के बाद राम के भाई भरत ने उनसे मुलाकात के लिये अयोध्या से कूच कर दिया।उल्लेखनीय हो कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामलीला कमेटी की ओर से किये जा रहे रामलीला मंचन में फायर स्टेशन के निकट से रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल के आवास से भव्य शोभायात्रा निकाली गई।रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों से सुसज्जित राम, सीता, लक्ष्मण और उनकी बानर सेना के सेनापति हनुमान व भ्राता भरत की शोभा यात्रा निकाली गई।जुलूस बिसातखाना स्थल पर बनाये गए पंडाल में देर रात पहुंचा। जहां एक ओर से भगवान राम और दूसरी ओर से भरत अपने भाइयों के साथ आकर भरत मिलाप का कार्यक्रम हुआ। भगवान राम और छोटे भाई भरत के मिलाप के समय राम की आंखों से आंसू छलक पड़े। शोभायात्रा के दौरान छतों से महिलाओं ने जहां पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।तत्पश्चात मौजूद दर्शकों ने भगवान राम व उनके भाइयों,माता सीता,श्री हनुमान जी का माल्यापर्ण करके स्वागत किया।इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय,राधेश्याम त्रिपाठी,जय जय अग्रवाल,राहुल रॉय, कमल शेखर गुप्ता, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,दीपिक सोनी दाऊ जी,सुमित खन्ना,नन्हे लाल लोधी,विनय जैन,सुरेश गुप्ता,श्रवण शुक्ला,वैभव जैन,आनंद गुप्ता, के के सक्सेना,अंशुमान यज्ञसैनी,अजय सिंह,वासु साहू,राहुल दीक्षित,शुभम तिवारी,के के मिश्रा,सुशील कुमार,राकेश मित्तल,जगदम्बा सोनी,मनोज गुप्ता,राजीव सिंह,सुरेश गुप्ता,देव कुमार रस्तोगी,राजेन्द्र गुप्ता, अप्पू शुक्ला,एसपी मिश्रा,अतुल कुमार शुक्ला,अशोक सैनी,निशा शर्मा,एकता जायसवाल,मंजुला पाठक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विज्ञान के प्रति बच्चों में प्रतिभा उजागर करना ही लक्ष्य: ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव

**महावीर छपरा स्थित कमला देवी शिशु शिक्षा निकेतन स्कूल में सोमवार को बच्चों व बच्चियों के द्वारा भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव ने किया। प्रदर्शनी में विज्ञान से जुड़े बच्चों व बच्चियों द्वारा करीब 32 तरह के प्रोजेक्ट के स्टॉल लगाए गए जहां बच्चों के द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रोजेक्टों का अवलोकन कर प्रतिभाशाली बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया।

महावीर छपरा स्थित कमला देवी शिशु शिक्षा निकेतन स्कूल में सोमवार को बच्चों व बच्चियों के द्वारा भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें पवन ऊर्जा, ज्वालामुखी, सौर्य मंडल, पनघट, स्मार्ट सिटी, ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, सोलर पैनल, वाटर टरबाइन, मिलिट्री सिक्योरिटी सिस्टम, वायुदाब सहित बहुत से प्रोजेक्ट प्रदर्शनी के लिए लगाए गए। स्कूल के बच्चों द्वारा लगाए गए विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने प्रोजेक्ट के स्टॉल पर जाकर बच्चों से हर प्रोजेक्ट बारे में जानकारी ली और बच्चों व स्कूल के प्रिंसिपल व टीचर की तारीफ करते हुए कहा कि बच्चों में इस तरह की प्रतिभा को उजागर करना ही स्कूल एक माध्यम है। जिससे बच्चे पढ़ लिख कर इंजीनियर, साइंटिस्ट, डॉक्टर इत्यादि बनकर उभरते है। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम हर स्कूल में किया जाना चाहिए। जिससे बच्चों में पढ़ने लिखने व कुछ सीख कर करने की जिज्ञासा बढ़ जाती है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष योगी सेवक चंद्रपाल सिंह राही , स्कूल प्रबंधक शिवप्रकाश शाही, प्रधानाध्यापिका प्रीति शाही, शुभंकर यादव, गौतम, विजय शर्मा, यशवंत निषाद, युगल किशोरी, विनय सिंह, रामदास, सविता यादव, साधना निषाद, मोनिका, विनिता सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# स्कूली वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने पर सख्त कार्यवाही की जाय : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों की प्रगति की समीक्षा की और जनपद में अवैध रूप से संचालित ई रिक्शा के विरुद्ध कार्रवाई की स्थिति जानी। उन्होंने एआरटीओ व यातायात विभाग को संयुक्त टीम बनाकर अवैध व अपंजीकृत ई-रिक्शा के विरुद्ध अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि ई रिक्शा चार्जिंग के लिये किसी भी स्थान पर विद्युत चोरी न हो, यह सुनिश्चित किया जाय तथा केवल वैध विद्युत कनेक्शन से ही चार्जिंग की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा के लिये निश्चित रूट प्रणाली लागू की जानी चाहिये। इसके लिये उन्होंने सीओ ट्रैफिक, एआरटीओ और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता की तीन सदस्यीय समिति गठित कर जनपद में ई-रिक्शा रूट निर्धारण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्कूल वाहनों की फिटनेस जांच और परिवहन सुरक्षा पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि स्कूलों में संचालित वाहनों की फिटनेस, कागजात और निर्धारित क्षमता की नियमित जांच की जाय। यदि किसी विद्यालय द्वारा क्षमता से अधिक छात्रों को वाहन में बैठाया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाय। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाय कि सभी स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगे हों। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेसवे पर हो रही दुर्घटनाओं पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रमुख मार्गों पर साइनेज बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, निर्धारित गति सीमा बोर्ड लगाए जाएं तथा अनधिकृत कटों को बंद किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात अनुशासन बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा नियमित रूप से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और स्पीड लिमिट के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि एआरटीओ और यातायात विभाग संयुक्त रूप से नियमित जनजागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार व रमेश चंद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी, एआरटीओ महेश बाबू गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चेयरमैन ने निकलवाया लेबिल तो एक फ़ीट एक इंच ऊंचा निकला नाला

### बल्लभनगर जलनिकासी के प्रति चेयरमैन गंभीर

### रेलवे बना रही है बल्लभ नगर के पीछे नाला और सड़क

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। बल्लभनगर के पीछे स्थित रेलवे की जमीन पर बनाई जा रही सड़क और नाले की ऊंचाई को लेकर बल्लभनगर के निवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल से रेलवे का नाला ऊंचा बनाए जाने की शिकायत की और कहा कि यदि रेलवे ने ऊंचा नाला बना दिया तो बल्लभ नगर नगर कॉलोनी की जल निकासी नहीं हो पाएगी। जिसके बाद पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल पालिका के निर्माण विभाग के स्टाफ को लेकर मौके पर पहुंची। रेलवे के चीफ इंजीनियर और रेलवे के ठेकेदार भी मौके पर मौजूद रहे। बल्लभ नगर कॉलोनी के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। उन्होंने मौके पर दिखाया कि बल्लभनगर कॉलोनी की सड़क और नाली से काफी ऊंचा नाला निर्माण हो रहा था। रेलवे के ठेकेदार इस बात को मानने को तैयार नहीं थे। लेकिन जब पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने नगर पालिका के अवर अभियंता सिविल सत्येंद्र नाथ से मौके की जांच कराई तो रेलवे द्वारा बनाया जा रहे नाले की ऊंचाई बल्लभनगर की नालियों से एक फिट इंच अधिक निकली। जिसके बाद तय किया गया कि रेलवे द्वारा बनाये जा रहे नाले के नीचे ह्यूम पाइप डाल कर बल्लभ नगर के पानी की निकासी की जाएगी।रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर ने ह्यूम पाइप डलवाने के निर्देश दिए। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली हैं।

# डिजिटल भारत की रीढ़ बनेगा आधुनिक जीएसटी सिस्टम : गोविंद नारायण शुक्ला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गौरीगंज, अमेठी । विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज के मटियारी भवन में सोमवार को''नेक्स्ट जेन जीएसटी'' को लेकर एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला 'राजा बाबू' उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की।कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों, उद्यमियों और आम नागरिकों को ''नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सिस्टम'' की जानकारी देना और इससे जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाना था।मुख्य अतिथि गोविंद नारायण शुक्ला ने सम्बोधित करते हुये कहा कि आज का भारत तेज़ी से डिजिटल युग की ओर बढ़ रहा है। 'नेक्स्ट जेन जीएसटी' न केवल व्यापारियों के लिए सुविधाजनक और पारदर्शी व्यवस्था लाएगा, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के विज़न को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।यह जरूरी है कि हर व्यापारी, हर युवा और हर करदाता इस आधुनिक प्रणाली को समझे और अपनाए, ताकि राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो कइस मौके पर पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, राम प्रसाद मिश्रा, केशव सिंह, चंद्र मौलि सिंह तथा पार्टी के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन, स्वयंसेवकों पर हुई पुष्प वर्षा

पूरनपुर। सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से स्वयंसेवकों ने पीलीभीत रोड पर स्थित एक स्कूल के ग्राउंड से बैंड वादन के साथ कदमताल मिलाते हुए पथ संचलन निकाला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर स्वयं सेवकों ने पथ संचलन निकाला नगर के लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया पथ संचलन निकाल रहे स्वयंसेवकों पर नगर के मुख्य मार्गों पर नगरवासियों ने पुष्प वर्षा ओर रंगोली बनाकर स्वागत सत्कार किया गया पथ संचलन का आयोजन अनुशासन और पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवक कस्बे के मुख्य मार्गों से पथ संचलन का आयोजन किया गया समाज द्वारा भारत माता के जयकारों से पूरे नगर को गुंजायमान किया गया। संघ के घोष वादकों द्वारा वादन से सभी मंत्रमुग्ध नजर आए। संचलन का समापन प्रमुख मार्गों से होते हुए विद्या मंदिर में हुआ समापन पर नगर के संघचालक ने सभी से राष्ट्र हित के कार्यों में जुट जाने का आह्वान किया तथा संचलन में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से दिन का सहयोग रहा उन सभी का आभार व्यक्त किया।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में महिला सुरक्षा सम्बन्धी जनपदीय कान्फ्रेंस का गांधी सभागार में किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की अध्यक्षता में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत महिला सुरक्षा सम्बन्धी कान्फ्रेस गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। कान्फ्रेंस में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं से संवाद किया गया। कार्यक्रम में समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान, शिक्षा, सुरक्षा व सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं बालिकाओं को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने महिलाओं को महिला शिक्षा, आत्मनिर्भरता,आत्मरक्षा प्रशिक्षण, साइबर अपराधों से बचाव एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता पर विशेष बल दिया। साइबर अपराध जैसे फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, अश्लील संदेश, ऑनलाइन ठगी, ब्लैकमेलिंग आदि से महिलाओं को बचाने हेतु जागरूक किया गया तथा शासन द्वारा उपलब्ध महिला हेल्पलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन नम्बर 112, महिला हेल्प डेस्क 181, बाल हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम शिकायत 1930 एवं एम्बुलेंस सेवा 108 की जानकारी दी गई।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया,अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया एवं सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, एएनएम जितेंद्र कौर सहित अन्य उपस्थित रहे है।

## शादी का झांसा देकर युवती को हरियाणा में बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

पूरनपुर।शादी का झांसा देकर दूसरे जिले के युवक ने युवती को घर से बुलाकर गांव के बाहर झाड़ियां में दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे हरियाणा ले जाकर बंधक बनाकर कई बार शारीरिक शोषण किया। युवक की मौसी ने उसका सहयोग किया। आरोपी ने युवती की अश्लील वीडियो भी बना ली। शादी की बात पर धमकी देने लगा। इसके बाद आरोपी उसे हरियाणा में छोड़कर चला गया। बमुश्किल युवती अपने घर पहुंची। मामले में पुलिस में मुकदमा दर्ज किया है। माधोटांडा थाना क्षेत्र गांव की रहने वाली दलित युवती की छह माह पहले फोन के माध्यम से शाहजहांपुर के थाना बंडा के गांव कमालपुर निवासी सचिन पुत्र बाबूराम से जान पहचान हो गई। आरोपी ने युवती से विवाह करने का प्रस्ताव रखा। इस पर वह घर से जानबूझकर नौकरी का बहाना बनाकर झगड़ा करके 20 अगस्त शाम 6 बजे चली आई थी। गांव के बाहर मिले सचिन ने झाड़ियां में उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे हरियाणा के पानीपत लेकर आ गया। शादी का झांसा देकर कई बार उससे दुष्कर्म किया।

## तैलिक समाज की बैठक संपन्न

खैराबाद कैनविज टाइम्स संवाददाता। तैलिक समाज खैराबाद की माह अक्टूबर 2025 की मासिक बैठक नगर पालिका परिषद खैराबाद के पनवड़िया वार्ड के सभासद एवं तैलिक समाज के उपाध्यक्ष उमेश जयसवाल के पनवड़िया स्थित आवास पर आयोजित की गई। संगठन के अध्यक्ष के किसी आवश्यक कार्य से बाहर होने के कारण बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष श्री विजय कुमार जयसवाल द्वारा की गई। बैठक का आरंभ मां कर्माबाई की आरती से हुआ। बैठक में तैलिक समाज की विभिन्न समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा की गई एवं कहा गया कि तैलिक समाज का प्रत्येक व्यक्ति एक यूनिट की तरह जुड़कर कार्य करे एवं संगठन को मजबूत बनाएं। समाज के किसी भी व्यक्ति का किसी भी स्थिति में अहित नहीं होने दिया जाएगा। खैराबाद के आसपास के गांव को संगठन से जोड़े जाने का कार्य की समीक्षा की गई तथा इस कार्य मेंआ रही समस्याओं के निराकरण पर भी चर्चा की गयी।इस अवसर पर सियाराम जयसवाल,विनय जयसवाल, जगदीश जयसवाल, अयोध्या प्रसाद राठौर नीरज जयसवाल,आशाराम जयसवाल, छोटू जयसवाल आदि के साथ काफ़ी संख्या मे समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे ।

## पोषण पंचायत कार्यक्रम में शामिल होगी महिला आयोग की सदस्य

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या का एक दिवसीय जनपद अमेठी भ्रमण कार्यक्रम आठ अक्टूबर को प्रस्तावित है। उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला आयोग की सदस्य पूर्वाह्न ग्यारह बजे तहसील गौरीगंज परिसर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित पोषण पंचायत कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि पोषण पंचायत कार्यक्रम में पोषण प्रदर्शनी एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन कराया जाएगा।

## उद्यान विभाग द्वारा आत्मा योजना के तहत महिला फूड सिक्योरिटी ग्रुप का हुआ सशक्तिकरण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन शक्ति अभियान के तहत उद्यान विभाग अमेठी के सौजन्य से सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत महिला फूड सिक्योरिटी ग्रुप, महिला कृषक समूहों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि भवन ताला में आयोजित किया गया।प्रशिक्षण में महिला स्वयं सहायता समूहों की लगभग पचास महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उद्यान, कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभागों के विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं को किचन गार्डनिंग, खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी गतिविधियाँ जैसे अचार, मुरब्बा, जैम, जेली, चिप्स, पापड़ आदि बनाने की विधि एवं उनके विपणन से संबंधित पहलुओं पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रतिभागी महिलाओं को सब्जी मिनीकिट, टूलकिट एवं सहजन, नींबू और अमरूद के पौधे वितरित किए गए ताकि वे अपने स्तर पर पोषण वाटिका एवं आय-वर्धन की दिशा में कदम बढ़ा सकें। महिलाओं को मृदा परीक्षण एवं बहु-विभागीय योजनाओं के समन्वित उपयोग से आय में वृद्धि के लिये भी प्रेरित किया गया। डीएम संजय चौहान एवं सीडीओ सूरज पटेल ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को कृषि, उद्यान एवं प्रसंस्करण गतिविधियों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक ब्लाक में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का नियमित आयोजन कर अधिक से अधिक महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाया जाय।

## अमेठी के सांसद का तीन दिवसीय दौरा आज से शुरु

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कांग्रेस पार्टी के सांसद किशोरी लाल शर्मा आगामी सात अक्टूबर से नौ अक्टूबर तक जनपद अमेठी के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे।इस दौरान सांसद किशोरी लाल शर्मा विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में भाग लेकर जनता से संवाद स्थापित करेंगे। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि सात और आठ अक्टूबर को वे अमेठी संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। कार्यक्रमों के माध्यम से वह क्षेत्रीय विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। कांग्रेस के प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि दौरे के तीसरे दिन नौ अक्टूबर को श्री किशोरी लाल शर्मा जिला निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता करेंगे जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जायेगी तथा उनके जनता से सीधे संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राजस्वकर्मियों की मिलीभगत से ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। धम्मौर थाना क्षेत्र के मनियारपुर गांव में सरकारी जमीन पर दबंगों द्वारा खुलेआम अवैध निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, सुलतानपुर-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के बगल, श्री हनुमत इंटर कॉलेज के सामने स्थित ग्राम समाज की भूमि (गाटा संख्या 378) जो राजस्व अभिलेखों में भीटा के रूप में दर्ज है, उस पर दबंग किस्म के लोगों ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बीघों में फैली इस सरकारी जमीन पर कुछ भू-माफिया लोगों ने खंडजा बनाकर पक्की दीवार खड़ी कर दी है। स्थानीय नागरिकों ने इसकी शिकायत कई बार संबंधित राजस्वकर्मियों व प्रशासनिक अधिकारियों से की, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक कुछ नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से यह अवैध निर्माण हो रहा है। वे न तो मौके पर जाते हैं, न ही कब्जा हटाने की कोई पहल करते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि अधिकारियों की शह पर ही सरकारी जमीन पर निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत के जागरूक नागरिकों ने कहा कि ग्राम समाज की जमीनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रशासन की होती है, लेकिन यहां जिम्मेदार ही लापरवाही बरत रहे हैं। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत जिले के उच्चाधिकारियों, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तथा राजस्व परिषद अध्यक्ष को भेजी है। उन्होंने मांग की है कि गाटा संख्या 378 पर चल रहे अवैध निर्माण को तत्काल रोककर भूमि को खाली कराया जाए, ताकि सरकारी संपत्ति सुरक्षित रह सके।

# देहरादून में सरिता यादव को मिला चाणक्य सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मिशन न्यू इंडिया ने विश्व शिक्षक दिवस पर नि:शुल्क पाठशाला के कार्य को सराहा**



सुलतानपुर। गरीब और वंचित बच्चों के लिए शिक्षा की अलख जगाने वाली सुलतानपुर की बाल कल्याण न्याय पीठ की सदस्य मजिस्ट्रेट सरिता यादव को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा सम्मान मिला है। देश की प्रतिष्ठित संस्था मिशन न्यू इंडिया ने उन्हें ह्लचाणक्य सम्मानङ्क से नवाज़ा है। यह सम्मान उन शिक्षकों और समाजसेवियों को दिया जाता है जो कठिन परिस्थितियों में रह रहे नौनिहालों के जीवन में शिक्षा का उजाला फैलाने का कार्य कर रहे हैं। यह सम्मान देहरादून के एक पाँच सितारा होटल में रविवार को आयोजित समारोह में दिया गया, जिसे नरेंद्र मोदी विचार मंच द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजकुमार पुरोहित ने सरिता यादव सहित देशभर के 20 उत्कृष्ट समाजसेवियों और शिक्षकों को माँ सरस्वती की प्रतिमा, सम्मान पत्र और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक रवि चाणक्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष निशा शर्मा और निर्मल रतनलाल वैद्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सम्मान मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया में सरिता यादव ने कहा कि वे यह पुरस्कार उन बच्चों को समर्पित करती हैं जो सीखने की लगन से हर कठिनाई को पार करते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी निःशुल्क पाठशाला चलाने में अंकुरण फाउंडेशन, प्रज्ञालय अमेरिका के डी.के. सिंह, युवा समाजसेवी अभिशेष सिंह, गगनदीप सिंह और रिशा वर्मा का सक्रिय सहयोग रहा है। सरिता यादव को राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर बाल कल्याण न्याय पीठ, आदर्श सेवा संस्थान, और जिले के तमाम समाजसेवियों ने खुशी व्यक्त की है।

## सपा की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विधानसभा पूरनपुर की मासिक बैठक मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा भाजपा सरकार की वोट चोरी की साज़िशों से बचाव हेतु कार्यकर्ताओं को बूथवार सक्रिय रहने के लिये कहा ,समय-समय पर मतदाता सूची की निगरानी करने और किसी भी अनियमितता पर तुरंत सजग रहने का आह्वान किया गया। प्रत्येक बूथ पर बीएलओ बनाने तथा पीडीए पंचायत आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए है।संगठन की सतर्कता और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ही लोकतंत्र की रक्षा और समाजवादी आंदोलन की मज़बूती की गारंटी है।कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि पूर्व सपा जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव जी एवं संचालन व अध्यक्षता 129 विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने की हैं।इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव, राजकुमार राजू, सपा लो.वाहिनी राष्ट्रीय सचिव अजय भारती, विधानसभा पूरनपुर अध्यक्ष संजय सिंह यादव,ओम प्रकाश यादव एडवोकेट, दामोदर प्रसाद यादव एडवोकेट, भगवान शरण यादव एडवोकेट, श्री प्रकाश गौतम, मीता सिंह, एडवोकेट जेगम खान, मोहम्मद जाहिद खान, तौफीक अहमद कादरी, आदर्श पांडे, नादिर राजा बरकाती, अहीद खान, रामपाल, अफजाल अंसारी, अरशद हुसैन अंसारी, पुष्पेंद्र यादव, मोहम्मद फाजिल खान, बहाजुददीन मंसूरी, रामस्वरूप पाल?, हरिराम यादव,जावेद अली, प्रशांत अवस्थी, अनिकेत शर्मा, पप्पू शाह, जियाउल मुस्तफा, लियाकत, नजमुल हसन खान, रामकृपाल यादव, सुमन सिंह यादव, पूर्व प्रधान समीउद्दीन, नसरुद्दीन, मोहम्मद तुफैल अहमद जिला अध्यक्ष मजदूर सभा, दाताराम मौर्य, जसपाल सिंह, मोहम्मद याकूब अंसारी, राजीव राठौर, मोहम्मद आशिक, रजनीश यादव, विजय वर्मा, प्रशांत अवस्थी, दिनेश कुमार वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, सीताराम कश्यप, राजेश कुमार, रमाकांत, सुरेश भैया, ताज मोहम्मद, शिवकुमार यादव, श्री प्रकाश गौतम,अनिल शर्मा, इब्राहिम इदरीसी, लियाकत अली मंसूरी, नसरुद्दीन, भगवान शरण यादव, मोरध्वज, हरज्ञान सिंह यादव, प्रेम यादव, जयप्रकाश, मिथुन, गयासुद्दीन, संतोष कुशवाहा, हाजी रियाजत नूर खान, बेगम खान, निशान अहमद, मोनिश खान, प्रेम यादव आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

## प्रेमी संग फरार हुई तीन बच्चों की मां:पति न्याय के लिए भटक रहा, थाने में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक महिला अपने प्रेमी के साथ घर छोड़कर फरार हो गई है महिला अपने तीन छोटे बच्चों को छोड़कर गई है, जिसके बाद पति न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है पीड़ित पति के अनुसार, उसकी पत्नी एक युवक के साथ भाग गई फरार होने के बाद महिला कथित तौर पर मोबाइल फोन पर अपने पति को जान से मारने की धमकी भी दे रही ह। इस घटना से परिवार में संकट गहरा गया है पति ने बताया कि उसने कई बार स्थानीय कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस की इस कथित अनदेखी से परेशान होकर पति अपने तीन मासूम बच्चों के साथ कोतवाली पहुंचा जहां उसने न्याय की गुहार लगाई पति का कहना है कि पत्नी के इस कदम से उसका परिवार बिखर गया है और वह अब बच्चों की परवरिश को लेकर चिंतित है। उसने पुलिस प्रशासन से अपनी पत्नी को बरामद करने, न्याय दिलाने की बात कही है रामपाल पुत्र नोखे निवासी गजरौला खास थाना पूरनपुर परख्तह0पूरनपुर जिला पीलीभीत का है कल दिनांक 03.10.2025 को अपनी पत्नी आशा देवी की दवाई लेने पूरनपुर आया था दवाई लेने के बाद प्राथर्थी अपनी पत्नी आशा देवी को मेला मैदान के पास चांट की दुकान पर नाश्ता करने के लिए बैठा दिया और खुद सिलवटटा लेने आगे चला गया जब वापस आया तो पत्नी वहां पर नहीं थी काफी तलाश किया लेकिन वह नहीं मिली प्रार्थी के पास करीब 12 बजे दिन मो0नं0-9045642290 से फोन आया जिस पर प्रार्थी की पत्नी बोल रही थी कि मैं पीलीभीत मे हुँ तुम घर जाओ में घर वापस आया तो देखा कि घर में रखे 30,000/- रू0 नकद व एक जोडी सोने के झाले, एक चांदी का विछुआ व एक जोडी चांदी की पायल गायब थे रामपाल ने बताया कि हरी भारती पुत्र कन्धई निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना सेहरामऊ उत्तरी जिला पीलीभीत पर अपनी पत्नी को साथ ले जाने का शक है पत्नी हरी भारती से छुप छुपके मोबाईल से बात किया करती थी भतीजी ने अपनी चाची के साथ पूरनपुर में दवाई लेने आने पर साथ साथ देखा था।

## सम्पादकीय

# फिल्म का दुखद अंत सफलता का फार्मूला

फिल्मों का दुखद अंत दर्शकों को इसलिए पसंद आता है, क्योंकि ऐसा अंत उनकी भावनाओं को गहराई से छूता है। इनमें जीवन की सच्चाइयों का प्रामाणिक चित्रण जो दिखाई देता है। माना जाता है कि दुखद अंत दर्शकों को अपने जीवन की समस्याओं और भावनाओं से जोड़ता है। दुख झेलते किरदार से दर्शक सहानुभूति महसूस करते हैं। शोध बताते हैं, दुखद अंत देखने के बाद दर्शक अपने जीवन के सकारात्मक पहलू गंभीरता से महसूस करते हैं। फिल्म का सुखद अंत देखकर कई बार लगता है कि उनकी समस्याएं असामान्य हैं, जबकि दुखांत यथार्थ है। हिंदी फिल्मों के दर्शक की मानसिकता अनोखी है। उन्हें किस फिल्म की कहानी पसंद आएगी, इस बात का दावा कभी कोई नहीं कर सका। सामान्य धारणा है कि मनोरंजन के मूड से थिएटर आने वाला दर्शक चाहता है कि वो मुस्कुराता हुआ बाहर आए। यानी फिल्म का अंत सुखद हो। हीरो-हीरोइन का मिलन हो, खलनायक को पुलिस पकड़ ले, कोर्ट का फैसला हीरो के हक में हो और हीरो-हीरोइन जिस भी संकट से घिरे हों, वो आखिर में दूर हो जाए। जिन समस्याओं से दर्शक खुद जूझ रहा हो, वो नहीं चाहता कि उसका मनोरंजन भी वैसा ही हो। लेकिन, इसे अपवाद माना जाना चाहिए कि फिल्म इतिहास की ज्यादातर कालजयी फिल्मों का अंत दुखद ही रहा। प्रेम कथाओं पर मशहूर फिल्मों देवदास, मुगल-ए-आजम, प्यासा और 'लैला मजनूं' में हीरो-हीरोइन का मिलन नहीं होता और दर्शक मायूस होता है। जबकि, अमिताभ-जया की 'मिली' और राजेश खन्ना की 'आनंद' के दुखांत की वजह लाइलाज रोग रहा। हाल ही में आई फिल्म 'सैयारा' का अंत भी दुखद है। लेकिन, इसने सफलता का रिकॉर्ड बना दिया। यह फिल्म अधूरी मोहब्बत की कहानी है, जिसका क्लाइमेक्स दर्शकों को सालता है। ऐसी और भी कई फिल्में हैं, असफल प्रेम, जीवन संघर्ष या न्याय की तलाश जिनके प्रमुख विषय रहे। इन फिल्मों की कहानियों को जीवन की जटिलताओं से जोड़कर गढ़ा गया। ऐसी कहानियां दर्शकों की आंखें गीली कर देती हैं। देवदास (तीन बार बनी), दिल बेचारा, आशिकी-2, तेरे नाम और 'एक दूजे के लिए' देखने के बाद दर्शक दुखी हुए, पर फिल्म हिट हुई। इन फिल्मों ने दर्शकों को अपनी भावनाएं खुलकर महसूस और व्यक्त करने का जरिया मुहैया कराया। दरअसल, ऐसे पलों में दर्शक खुद के जीवन की कद्र करना या अपनी तकलीफों को छोटा समझना सीखते हैं। दुखद अंत वाली फिल्में सफल होती हैं व यादगार भी बनती हैं। सवाल है कि दुखांत फिल्मों की सफलता का कारण क्या है! इसका कोई एक या सीधा जवाब नहीं हो सकता। इसलिए कि मानवीय भावनाओं से गहरा जुड़ाव, यथार्थवाद और दर्शकों को झकझोर देने वाली कहानियां ज्यादा पसंद की जाती हैं। दरअसल दर्द, विरह और अपूर्ण प्रेम जैसी भावनाएं लगभग हर व्यक्ति महसूस करता है। जब कोई कहानी इन पहलुओं को पेश करती है, तो दर्शक उसमें खुद को महसूस करते हैं। असल में फिल्म का दुखद अंत झकझोरता है जिससे फिल्म और उसके पात्र जेहन में बैठ जाते हैं। ऐसी कहानियां अक्सर अमर और 'क्लासिक' मानी जाती हैं। वे फिल्में जिनके क्लाइमैक्स ने दर्शकों को बेहद दुःखी किया और कई बार भावुक भी कर दिया। 'गंगा जमुना' (1961) फिल्म दो भाइयों गंगा और जमुना की कहानी है, जो विद्रोह और बलिदान पर केंद्रित है। फिल्म का अंत जमुना की मौत से होता है। 'अमर प्रेम' (1972) भी अत्यंत भावुक अंत के लिए जानी जाती है जिसमें शशि कपूर और शर्मिला टैगोर के किरदार मिल नहीं पाते। 'देवदास' (2002) में देवदास पारो के प्रेम में टूटकर शराबी हो जाता है और उसके घर के बाहर ही अंतिम सांस लेता है। 'तेरे नाम' (2003) का नायक सलमान खान (राधे) मानसिक संतुलन खो बैठता है और अपनी प्रेमिका की मृत्यु के बाद पूरी तरह टूट जाता है। 'कल हो न हो', 'रॉकस्टार', 'आशिकी-2', 'गोलियों की रासलीला रू राम-लीला' व 'बाजीराव मस्तानी' की कहानियों के बीच में और अंत में दुखद तत्व हैं।

# संघ की प्रेरणा और संस्कारित दृष्टि को साकार करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**विजयदशमी के अवसर पर राजधानी भोपाल सहित कई स्थानों पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम और आरएसएस द्वारा पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में आरएसएस के कार्यक्रम में संघ कार्यकर्ता के रूप में शामिल हुए। सीएम मोहन यादव इस दौरान आरएसएस का गणवेश पहने हुए थे और वे हाथ में दंड भी लिए हुए थे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री सादगी के साथ पहुंचे। इस दौरान सीएम का गाड़ियों का काफिला भी छोटा रखा गया। गाड़ियों में हूटर भी नहीं बजाया गया। मुख्यमंत्री गाड़ी से उतरे तो इस बार वे सफ़ेद शर्ट और खाकी फुल पेंट और सिर पर काली टोपी लगाए हुए थे, जो आरएसएस का पारंपरिक गणवेश है। उज्जैन की सांस्कृतिक और धार्मिक भूमि पर जन्मे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बचपन से ही संघ की शाखाओं से जुड़े रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थी परिषद के माध्यम से संगठनात्मक अनुभव प्राप्त किया। परिणामस्वरूप आज मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए वे अपने निर्णयों में संघ की प्रेरणा और संस्कारित दृष्टि को स्पष्ट रूप से साकार कर रहे हैं। डॉ. मोहन यादव की सरकार ने शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक समरसता, ग्रामीण और आदिवासी विकास, धार्मिक पहल और राष्ट्र चेतना के क्षेत्रों में कई ऐसे कदम उठाए हैं जो संघ की वैचारिक परंपरा से प्रेरित हैं। शिक्षा क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिरों के अनुभव से प्रेरणा लेते हुए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा और भारतीय संस्कृति आधारित पाठ्यक्रम लागू किए गए हैं। विश्वविद्यालयों में वैदिक अध्ययन केंद्र और धर्म दर्शन की कक्षाएँ शुरू की गई हैं, यह दिखाता है कि शिक्षा केवल नौकरी का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का साधन भी है। धर्म और संस्कृति के संरक्षण में सरकार की पहल भी उल्लेखनीय है। उज्जैन का महाकाल लोक केवल पर्यटन केंद्र नहीं है, बल्कि धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की इस शताब्दी यात्रा में मध्य प्रदेश की गौरव नगरी उज्जैन का भी अपना योगदान है। मालवा क्षेत्र की गौरव नगरी उज्जैन वह स्थान है जहां संघ कार्य 1930 से 1940 के दशक में ही अंकुरित हो गया था। भोपाल से लेकर नीमच तक और इंदौर से लेकर मध्यभारत तक के विस्तार में उज्जैन की भूमिका महत्वपूर्ण रही। डॉक्टर हेगडेवार के आह्वान पर हैदराबाद आंदोलन में उज्जैन के स्वयंसेवकों की सहभागिता और बाद में जूनागढ़, दादरा नगर हवेली और गोवा मुक्ति आंदोलन में उज्जैन नगर की सहभागिता इतिहास के पन्नों में अंकित है। दादरा नगर हवेली और गोवा मुक्ति आंदोलन में उज्जैन के स्वयंसेवकों का बलिदान भी हुआ। सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक नगरी उज्जैन में ही मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संघ की शाखा से राजनीति का ककहरा पढ़ा और अब वे मुख्यमंत्री रहते हुए पूरे गर्व के साथ संघ का दंड उठाकर चल रहे हैं। विजयदशमी के अवसर पर राजधानी भोपाल सहित कई स्थानों पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम और आरएसएस द्वारा पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में आरएसएस के कार्यक्रम में संघ कार्यकर्ता के रूप में शामिल हुए। सीएम मोहन यादव इस दौरान आरएसएस का गणवेश पहने हुए थे और वे हाथ में दंड भी लिए हुए थे। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री सादगी के साथ पहुंचे। इस दौरान सीएम का गाड़ियों का काफिला भी छोटा रखा गया। गाड़ियों में हूटर भी नहीं बजाया गया। मुख्यमंत्री गाड़ी से उतरे तो इस बार वे सफ़ेद शर्ट और खाकी फुल पेंट और सिर पर काली टोपी लगाए हुए थे, जो आरएसएस का पारंपरिक गणवेश है। उज्जैन की सांस्कृतिक और धार्मिक भूमि पर जन्मे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बचपन से ही संघ की शाखाओं से जुड़े रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थी परिषद के माध्यम से संगठनात्मक अनुभव प्राप्त किया। परिणामस्वरूप आज मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए वे अपने निर्णयों में संघ की प्रेरणा और संस्कारित दृष्टि को स्पष्ट रूप से साकार कर रहे हैं। डॉ. मोहन यादव की सरकार ने शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक समरसता, ग्रामीण और आदिवासी विकास, धार्मिक पहल और राष्ट्र चेतना के क्षेत्रों में कई ऐसे कदम उठाए हैं जो संघ की वैचारिक परंपरा से प्रेरित हैं। शिक्षा क्षेत्र में सरस्वती शिशु मंदिरों के अनुभव से प्रेरणा लेते हुए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा और भारतीय संस्कृति आधारित पाठ्यक्रम लागू किए गए हैं। विश्वविद्यालयों में वैदिक अध्ययन केंद्र और धर्म दर्शन की कक्षाएँ शुरू की गई हैं, यह दिखाता है कि शिक्षा केवल नौकरी का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का साधन भी है। धर्म और संस्कृति के संरक्षण में सरकार की पहल भी उल्लेखनीय है। उज्जैन का महाकाल लोक केवल पर्यटन केंद्र नहीं है, बल्कि धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों में जिस अनुशासन और संगठन क्षमता का परिचय दिया जा रहा है, वह संघ की शाखाओं से प्राप्त अनुशासन और सेवा भाव का परिणाम है। धार्मिक यात्रा पथों के विकास में सरकार ने राम वन गमन पथ और श्रीकृष्ण पाथेय जैसी योजनाएँ शुरू की हैं। राम वन गमन पथ उन स्थलों को जोड़ता है, जिनसे भगवान राम का प्रवास जुड़ा था, और कृष्ण पाथेय कृष्ण भक्ति की परंपरा को जीवन्त करता है। ये पहल केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इससे पर्यटन, स्थानीय कला और समाज में सांस्कृतिक चेतना का विकास होता है। युवा वर्ग को राष्ट्रीय चेतना और संस्कृति से जोड़ने के लिए सरकार ने स्वदेशी अभियान भी शुरू किया है। इसका उद्देश्य युवाओं और छात्रों में भारतीयता के भाव को जागृत करना और उन्हें अपने इतिहास, संस्कृति और मातृभाषा से जोड़ना है। स्कूलों और महाविद्यालयों में इसके अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम के नायकों का स्मरण, स्थानीय इतिहास का अध्ययन और भारतीय संस्कृति से जुड़े अभ्यास कराए जा रहे हैं। यह पहल साफ दिखाती है कि शिक्षा और राष्ट्र निर्माण का मार्ग केवल पाठ्यपुस्तकों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना से भी गुजरता है। सबका साथ सबका विकास के दृष्टिकोण से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार ने प्रदेश में दलित, पिछड़े, आदिवासी, महिला और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विशेष योजनाएँ लागू की हैं। यह न केवल राजनीतिक नारा है, बल्कि संघ की सामाजिक समरसता और सभी वर्गों के उत्थान की दृष्टि का प्रशासनिक रूपांतरण है। ग्रामोदय और ग्रामीण विकास में भी यही वैचारिक दिशा दिखाई देती है। गौशालाओं का संवर्धन, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्वावलंबन के प्रयास यह सुनिश्चित करते हैं कि विकास का लाभ हर स्तर तक पहुँचे। आदिवासी और पिछड़े वर्गों के उत्थान में भी सरकार ने संघ प्रेरित पहलों का विस्तार किया है। झाबुआ, धार, मंडला और शहडोल जिलों में शिक्षा और स्वास्थ्य नेटवर्क का विकास, आदिवासी युवाओं को रोजगार और कौशल विकास से जोड़ना, उनके उत्सव और संस्कृति का सम्मान करना,ये सभी संघ की सामाजिक समरसता की दृष्टि का आधुनिक रूप हैं। डॉ. मोहन यादव ने आदिवासी समाज की समरसता और उत्थान को प्रदेश के विकास का आधार बताया है। मध्य प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आदर्शों को भी महत्व दिया है। विक्रमादित्य के आदर्श और न्यायप्रियता को राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में शामिल किया गया है, जिससे युवाओं में न्याय, सेवा और आदर्श नेतृत्व की भावना विकसित हो। इसके साथ ही सरकार ने वैदिक घड़ी का प्रयोग शुरू करवाया है, जो समय की परंपरागत भारतीय गणना को दैनिक जीवन में लागू करती है। इसे सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपनाया गया, ताकि युवाओं और जनता में भारतीय ज्ञान परंपरा और समय की समझ विकसित हो। सांस्कृतिक पहल में नर्मदा जयंती, गौरव दिवस और अन्य स्थानीय त्यौहार शामिल हैं, जिनमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जाती है। यह केवल उत्सव नहीं हैं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने वाले कदम हैं। प्रशासनिक दृष्टि से डॉ. मोहन यादव का नेतृत्व संघ की शाखाओं की अनुशासनपरक शैली और सामूहिक निर्णय प्रणाली का प्रतिबिंब है। नीति निर्धारण में अलग-अलग स्तर के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। आज जब संघ अपनी शताब्दी मना रहा है, मध्य प्रदेश सरकार उसकी वैचारिक चेतना और प्रयोगों का जीवंत रूप बनकर सामने आई है। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में लिए गए निर्णय जैसे- शिक्षा सुधार, धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन, ग्रामोदय और ग्रामीण स्वावलंबन, आदिवासी उत्थान, सामाजिक समरसता, स्वदेश अभियान, सबका विकास, विक्रमादित्य सम्मान और वैदिक घड़ी, यह सब स्पष्ट करते हैं कि संघ की प्रेरणा केवल शाखाओं तक सीमित नहीं, बल्कि शासन की नीतियों तक पहुँच चुकी है। मध्य प्रदेश सरकार ने यह साबित कर दिया है कि राज्य का शासन केवल प्रशासनिक मशीनरी नहीं, बल्कि एक वैचारिक प्रयोगशाला भी हो सकती है। डॉ. मोहन यादव स्वयं इस प्रयोगशाला का प्रतीक हैं। वे संघ की शाखा से निकले एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने विद्यार्थी परिषद के अनुभव से संगठन की कला सीखी, सांस्कृतिक और धार्मिक जागरूकता से संवेदनशील हुए और अब मुख्यमंत्री के पद पर बैठकर संघ की वैचारिक दृष्टि का शासन में रूपांतरण कर रहे हैं। संघ प्रेरित शासन का यह मॉडल यह संदेश देता है कि राजनीति केवल सत्ता का साधन नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण का मार्ग भी हो सकता है। डॉ. मोहन यादव की सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि निर्णयों का मूल आधार राष्ट्रभावना, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और विकास के सिद्धांत हो सकते हैं। शिक्षा, संस्कृति, ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में लागू नीतियाँ, धार्मिक और सांस्कृतिक परियोजनाएँ, स्वदेश अभियान, सबका विकास, विक्रमादित्य सम्मान और वैदिक घड़ी, ये सभी मिलकर साबित करते हैं कि मध्य प्रदेश सरकार संघ प्रेरित और विचारधारा आधारित शासन का जीवंत उदाहरण है। मध्य प्रदेश जैसे सशक्त प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए डॉ. मोहन यादव का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन में सम्मिलित होना यह साबित करता है कि संघ की प्रेरणा शासन और नीति का आधार भी बन सकती है। **-पवन वर्मा**

# धर्मनिरपेक्षता सिद्धांत नहीं बल्कि नैतिक आस्था,लोकतंत्र का आधार स्तंभ

**संजीव ठाकुर**

**भारतीय राजनीति की आत्मा इसी से पोषित होती है। परंतु दुखद है कि आज धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कई बार केवल संवैधानिक औपचारिकताओं तक सीमित रह जाती है। मणिपुर और उत्तर प्रदेश जैसे प्रदेशों में साम्प्रदायिक झगड़ों की घटनाओं ने इस सिद्धांत की आत्मा को गहरी चोट पहुँचाई है।**

धर्मनिरपेक्षता भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील आधारशिला है। यह केवल संविधान की पंक्तियों में लिखा गया शब्द भर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जीवन का प्राणतत्व है। भारतीय राजनीति की आत्मा इसी से पोषित होती है। परंतु दुखद है कि आज धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा कई बार केवल संवैधानिक औपचारिकताओं तक सीमित रह जाती है। मणिपुर और उत्तर प्रदेश जैसे प्रदेशों में साम्प्रदायिक झगड़ों की घटनाओं ने इस सिद्धांत की आत्मा को गहरी चोट पहुँचाई है और इसके संवैधानिक अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ किसी धर्म से विद्वेष रखना नहीं है, बल्कि सभी धर्मों का समान सम्मान करना है। यही कारण है कि भारतीय परंपरा में इसे 'सर्वधर्म समभाव' कहा गया है। पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य है। राज्य और धर्म का परस्पर हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्ति और उसके अधिकारों को सर्वोच्च मान्यता देना। वहीं भारतीय संदर्भ में यह और अधिक व्यापक है। यह न केवल धर्म और राजनीति के पृथक्करण पर बल देता है, बल्कि समाज में विविध धार्मिक मतों के बीच सहिष्णुता, आदर और समान अवसर की स्थापना का भी उपक्रम करता है। भारत की आजादी के बाद से धर्मनिरपेक्षता ने लोकतंत्र को शक्ति दी है। यहां राज्य का अपना कोई धर्म नहीं हैय सब नागरिक कानून और व्यवस्था की दृष्टि से समान हैं। हर व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार धर्म अपनाने और उसका पालन करने की स्वतंत्रता है। संविधान का 42वां संशोधन (1976) इस भावना को और स्पष्ट करता है, जिसमें 'पंथनिरपेक्ष' शब्द को प्रस्तावना में जोड़ा गयाकृअर्थात राज्य किसी विशेष मत को न अपनाएगा और न ही किसी धर्म के प्रति भेदभाव करेगा।महात्मा गांधी, मौलाना आजाद, नेहरू, पटेल और शास्त्री जैसे राष्ट्रपुरुषों ने धर्मनिरपेक्षता को केवल राजनीतिक सिद्धांत नहीं, बल्कि नैतिक आस्था माना। स्वतंत्रता संग्राम से पहले हुए सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलनों ने भी इस मार्ग को प्रशस्त किया। यही कारण है कि भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति विविधता में एकता रही हैकृऔर इस एकता का मूल मंत्र धर्मनिरपेक्षता ही है।आज भारत विकास की सीढ़ियाँ चढ़कर एक वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे समय में हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम धर्मनिरपेक्षता की इस स्वस्थ परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखें। लोकतांत्रिक दलों, मीडिया, न्यायपालिका, कार्यपालिका और आम नागरिक सभी को यह संकल्प लेना होगा कि वे इसे केवल नारों और चुनावी मुद्दों तक सीमित न रखें। क्योंकि जब-जब राजनीति ने धर्मनिरपेक्षता को अपने स्वार्थ के लिए हथियार बनाया, समाज का संतुलन बिगड़ा और आम जनता को उसका खामियाजा भुगतना पड़ा। भारतीय धर्मनिरपेक्षता हमें तर्क, विवेक और स्वतंत्रता की संस्कृति देती है। यह न केवल वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करती है, बल्कि हर नागरिक को आत्मसम्मान और समान अवसर का आश्वासन भी देती है। इस दृष्टि से धर्मनिरपेक्षता भारतीय लोकतंत्र की आत्मा हैकृजो विविधता को एकता में रूपांतरित कर, भारत को विश्व के लिए आदर्श प्रतिमान बना सकती है।आज आवश्यकता है कि इस शाश्वत सिद्धांत को केवल संविधान की पंक्तियों तक सीमित न रखकर, जीवन की प्रत्येक धारा में उतारा जाए। तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और भारत का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप विश्व मंच पर प्रकाश स्तंभ की भांति जगमगाएगा।

## सेहत मंत्र

# पौष्टिक आहार लेने से स्वस्थ रहती है आंत


पूरे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पेट के साथ ही आंतों का भी स्वस्थ रहना बहुत ज्यादा जरूरी माना जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक सभी लोगों को अपनी डाइट में पौष्टिकता से भरपूर चीजों को शामिल करना चाहिए। क्योंकि पौष्टिक डाइट ना सिर्फ आपके शरीर बल्कि आंतों की समस्या को ठीक करने में लाभकारी है। एक रिसर्च के मुताबिक फाइबर युक्त चीजों को अपनी डाइट में शामिल करने से आंतों की सेहत में सुधार किया जा सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, आंत के स्वास्थ्य को सुधारने में पौष्टिक डाइट अहम भूमिका निभाता है। इसलिए अपनी डाइट में साबुत अनाज, फल, फाइबर, सब्जियां और प्रोबायोटिक्स भरपूर चीजें शामिल कर स्वास्थ्य लाभ पाया जा सकता है। बता दें कि फाइबर का सेवन पाचन को ठीक रखने और साथ ही मल त्याग को बढ़ावा देने में सहायक होता है और कब्ज को रोकने में मदद करता है। आइए जानते हैं कि आंतों को स्वस्थ रखने के लिए आपको किन चीजों का सेवन करना चाहिए। आपने एक पुरानी कहावत तो जरूर सुनी होगी, 'एन एपल अ डे कीप डॉक्टर्स अवे'। इसका मतलब है कि रोजाना एक सेब को अपनी डाइट में शामिल करने से स्वास्थ्य लाभ पा सकते हैं। सेब में पेक्टिन नामक प्राकृतिक लैक्सेटिव पाया जाता है। साथ ही यह मल त्यागने में भी सहायक होता है। सेब में फाइबर की अच्छी मात्रा पायी जाती है। सेब खाने से पाचव बेहतर होता है और हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करता है। सेब खाने से शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। बता दें कि चिया सीड्स फाइबर का एक बेहतरीन स्त्रोत है। यह पानी को अवशोषित करता है और एक जेल जैसा पदार्थ बनाता है। चिया सीड्स मल त्याग को बढ़ावा देने में सहायक है। इसके रोजाना सेवन से ना सिर्फ आंत स्वस्थ रहती हैं, बल्कि यह कब्ज जैसी समस्याओं के जोखिमों को कम करता है। चिया सीड्स को अपने आहार का हिस्सा बनाकर आप कई तरह के सेहत संबंधी लाभ पा सकते हैं। दही में प्रोबायोटिक्स पाया जाता है, जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देने के साथ ही आंतों को स्वस्थ रखने में मददगार होता है। इसके नियमित सेवन से पेट संबंधी समस्याओं से बचा जा सकता है और पाचन तंत्र को बेहतर बनाने के लिए दही को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए।

## धर्म मंत्र

# दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मंदिर है जयपुर का अक्षरधाम

जयपुर में स्थित स्वामीनारायण अक्षऱधाम मंदिर अपनी शानदार मूर्तियों और सुंदर वास्तुकला के लिए फ़ेमस है। यह मंदिर पर्यटकों का लोकप्रिय स्थान होने के साथ ही आस्था का भी केंद्र है। बता दें कि अक्षऱधाम मंदिर स्वामीनारायण को समर्पित है। दुनिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर परिसर के रूप में स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में बताने जा रहे हैं। स्वामीनारायण अक्षऱधाम मंदिर में आपको दीवारों पर नक्काशी, सुंदर मूर्तियां और मंदिर के बाहरी हिस्से में विशाल पेंटिंग बनी हुई हैं। इतना ही नहीं यह मंदिर भारतीय वास्तुकल, सांस्कृतिक विरासत और हिंदू देवताओं की मूर्तियों की वास्तविक झलक दिखाता है। हर साल इस मंदिर में भगवान नारायण के दर्शन करने के लिए लाखों की संख्या में भक्त जयपुर पहुंचते हैं। अक्षरधाम मंदिर हरे-भरे पेड़ों और झरनों से घिरा हुआ है। श्रीहरि नारायण को समर्पित अक्षरधाम मंदिर 10वीं-20वीं शताब्दी के बीच बनवाया गया था। हालांकि वैसे तो जयपुर में कई धार्मिक स्थल हैं। लेकिन अक्षऱधाम मंदिर की सुंदरता बेहद खास है। स्वामीनारायण का यह मंदिर उन लोगों में भक्ति की भावना पैदा करता है, जो इस पवित्र मंदिर में दर्शन करने आते हैं। आपको बता दें कि मंदिर में स्थापित भगवान विष्णु की मूर्ति को सोने और चांदी के गहनों से सुसज्जित किया गया है। पवित्रता, शांति और भक्ति के साथ ही सनातन धर्म को बढ़ावा देने के लिए इस मंदिर को बनाया गया है।

पर्यटन



# रावण के महल में मौजूद थी सारी सुख-सुविधाएं लंकापति के रहस्यलोक में मौजूद थी लिफ्ट की सुविधा

रावण के बारे में तो आप सभी ने बहुत सी बातों के बारे में सुना होगा। रावण की बुराइयां, उसका अहंकार और उसके ज्ञान के बारे में सभी ने सुना है। लेकिन क्या आपने उसके महल के बारे में सुना या पढ़ा है। बताया जाता है कि रावण की लंका सोने की थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वर्तमान में रावण का महल कहां है और वह कैसा है। सोने की लंका की हालिया तस्वीर देखने के बाद आपको यकीन नहीं होगा कि क्या यह वही लंका है। जहां पर रावण रहा करता था। बताया जाता है कि हजारों-लाखों सालों के बाद भी इस स्थान पर रावण का शव दफन है। वर्तमान में श्रीलंका में सिगिरिया नामक जगह पर रावण का महल हुआ करता था। बता दें कि रावण का महल जिस चट्टान पर हुआ करता था। वह इस अनोखी जगह पर स्थित है। रावण का साम्राज्य मध्य श्रीलंका में, बदुल्ला, अनुराधापुरा, केंडी, पोलोन्नुरुवा और नुवारा एलिया जैसी जगहों तक फैला हुआ था। कहते हैं कि रावण के महल का निर्माण कुबेर ने किया था। सिगरिया रॉक चट्टान चोटी पर एक प्राचीन महल के अवशेष हैं। जो किलेबंदी सीढ़ीदार बगीचे, तालाब, नहर, फव्वारों से घिरा हुआ है। बताया जाता है कि माता सीता को रावण ने इस स्थान पर कुछ दिनों के लिए रखा था। फिर उसने माता सीता को किसी अन्य जगह पर भेज दिया था। रावण के महल की खासियत है कि यह काफी ज्यादा ऊंचाई पर स्थित है। इसके बाद भी महल में आने वाले पानी के सिस्टम को खास तरीके से तैयार किया गया था। इतना ही नहीं यहां पर रानियों के लिए बाग भी बने हुए थे। रावण के महल के लिए कहा जाता है कि इस महल में करीबन 1000 सीढ़ियां थीं। वहीं रावण व उसके करीबियों के पास टॉप पर जाने के लिए लिफ्ट भी हुआ करती थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रगैला के जंगलों में करीबन 8 हजार फुट की ऊंचाई पर रावण के शव को रखा गया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि रावण के शव को ममी के रूप में रखा गया है और उसके शव पर एक विशेष व अनोखा लेप लगाया गया है। जिससे कि वह शव कभी खराब ना हो। हालांकि इस बात का अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं है।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सम्मेलन का हुआ आयोजन, अयोध्या मेयर हुए सम्मिलित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी- नगर पंचायत स्थित सभागार में सोमवार आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या मेयर गिरीश पति त्रिपाठी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि का भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बरीश रावत, जिला मंत्री सीता शरण वर्मा, जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत सहित अन्य भाजपाइयों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी द्वारा की गई। वहीं कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री आकाश गुप्ता द्वारा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत ने जीएसटी के दरों में हुई कटौती को लेकर चर्चा किया और जीएसटी की दरों से होने वाली कटौती का सीधा लाभ जनता को मिलने की बात कही। विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील की गई। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अयोध्या मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने घटी जीएसटी मिला उपहार को लेकर जीएसटी की दरों में कमी का फायदा बताया। मेयर ने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी के बाद इसका सीधा फायदा आम जनता को मिलना शुरू हो गया है। मेयर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरों में कमी कर आम जनता को तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल व्यापारियों को राहत मिलेगी बल्कि आम उपभोक्ताओं पर भी आर्थिक बोझ घटेगा। उन्होंने कहा कि जिन वस्तुओं पर पहले 12 प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत तक जीएसटी थी उसे अब घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि व्यापारियों को कोई परेशान करेगा तो योगी जी बुलडोजर चलेगा। इस मौके पर सिद्धौर मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह सिसोदिया, प्रधान संघ अध्यक्ष सत्यनाम वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष हनुमान प्रसाद वर्मा, डॉ राजेंद्र वर्मा, अनिल सिंह, नदीम जैदी, राम विलास वर्मा, अर्जुन कश्यप, ओम निगम, राम तीरथ प्रजापति सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं गण उपस्थित रहे।

# कमलापुर में खुशबू नहीं, कचरे का कमाल

## सफाई व्यवस्था ध्वस्त, ग्रामीणों का जीवन दुर्गंधमय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर, बाराबंकी। ग्राम पंचायत कमलापुर में सफाई की स्थिति ऐसी है मानो गांव नहीं, कूड़ा करकट का संग्रहालयङ्क बन गया हो। सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है, नालियां टूटी पड़ी हैं और जगह-जगह सड़ी बदबू का साम्राज्य फैला है। गांव के लोगों का कहना है कि सफाई कर्मी आते तो हैं, मगर झाड़ू नहीं, हाजिरी बजाकर लौट जाते हैं – वो भी सीधे ग्राम प्रधान के घर से! नतीजा यह कि पूरा गांव गंदगी में डूबा है और बच्चे उसी में खेलते नजर आते हैं।

ब्लॉक प्रशासन की तरफ से दो सफाईकर्मी तैनात हैं, लेकिन उनकी मौजूदगी का पता केवल कागजों में ही चलता है। ग्रामीण व्यंग्य में कहते हैं – ल्लहमारे यहां सफाई तो केवल सरकारी रिपोर्टों में होती है, धरातल पर तो मच्छर ही प्रधान हैं।ङ्क

सहायक विकास अधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि यदि सफाई कर्मी नियमित रूप से काम नहीं कर रहे हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि ल्लजांचङ्क और ल्लकार्रवाईङ्क के नाम पर अब तक सिर्फ बयानबाज़ी ही साफ-सुथरी दिखी है, गांव नहीं। कमलापुर में गंदगी का आलम देखकर लगता है कि यहां ल्लस्वच्छ भारत अभियानङ्क नहीं, ल्लसहनीय भारत अभियानङ्क चल रहा है – जिसमें जनता से उम्मीद की जाती है कि वो गंदगी सह ले और चुप रहे।

# स्वदेशी जनजागरण से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण : मुकुंद मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल सुल्तानपुर की एक बैठक जिलाउपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल के बाधमंडी स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष मनीष साहू ने की। इस अवसर पर संगठन के मुखिया मुकुंद मिश्रा एवं राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के नवनियुक्त सदस्य सुनील पांडेय का पदाधिकारियों और व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कहा कि ल्लस्वदेशी जनजागरणङ्क एक सामाजिक और आर्थिक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य भारत में निर्मित वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देना, विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करना और आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने से कुटीर एवं लघु उद्योगों को बल मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। मुकुंद मिश्रा ने व्यापारियों से आह्वान किया कि विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता दें और स्थानीय दुकानों से खरीदारी करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी दरों में कमी से व्यापारियों और आम जनता दोनों को लाभ हुआ है। दीपावली जैसे त्योहारों पर लोकल दुकानदारों से खरीदारी करना ही देशहित में सच्चा योगदान है। ऑनलाइन कंपनियों की नीतियों पर उन्होंने कहा कि ये कंपनियां आकर्षक ऑफर और झूठे वादों से उपभोक्ताओं को भ्रमित करती हैं। व्यापारी वर्ग को चाहिए कि वे अपने प्रतिष्ठानों तक ग्राहकों की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करें, पार्किंग जैसी असुविधाएं न होने दें और उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं उपलब्ध कराएं। बैठक में वरिष्ठ जिला महामंत्री नरेंद्र बरनवाल, जिला संगठन महामंत्री संजय गुप्ता, मनीष जायसवाल सभासद, जिला उपाध्यक्ष आत्मजीत सिंह टीटू, जिलाकोषाध्यक्ष बैजनाथ कसौधन, इंद्रमणि बरनवाल, प्रतीक बरनवाल, अंकित साहू सहित दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।

# भाकियू ने किया रक्तदान लोगो को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट के जिला अध्यक्ष विक्रांत सैनी के नेतृत्व में रक्तदान का कार्यक्रम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में संपन्न हुआ इसमें जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी में फीता काटकर शुभारंभ किया संदीप कुमार बृजेश कुमार राम सहारे विपिन कुमार मोनू जिसमें पांच कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर महादानी बने जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने कहा कि इस समय डेंगू मलेरिया जैसी गंभीर रोग फैला हुआ है जिससे लोगों खून कमी होती है इसमें संगठन खून देने का काम करता है और लोगों की जान बचाने के भी काम आता है संगठन यही सबसे बड़ा पूर्ण का कार्य है कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद यादव फूलचंद यादव मोनू रस्तोगी जैद अंसारी शहाबुद्दीन सतीश मौर्य गरिमा सिंह सोनू यादव राजू खान राघवेंद्र रावत पुत्तन अली आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे ।

## किसानों ने की महापंचायत, मांगे पूरी नहीं होने पर दी बड़े आंदोलन की चेतावनी एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर मंडी समिति में सोमवार को किसान संगठनों के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर एक महापंचायत आयोजित की गई किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी में धान खरीद के दौरान मिल मालिक और व्यापारी मनमाने तरीके से कटौती और घटतौली कर रहे हैं संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा तय समर्थन मूल्य पर ही किसानों का धान खरीदा जाना चाहिए।महापंचायत में किसानों ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वह एक बार फिर बड़ा आंदोलन करेंगे किसान नेताओं ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आंदोलन किया जाएगा नेताओं ने कहा कि सरकार को किसानों के धैर्य की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए और जल्द ही ठोस कदम उठाने चाहिए सरकार ने एमएसपी गारंटी कानून लाने का वादा किया था, लेकिन अब तक नहीं हुआ। सरकार ने कहा था कि किसान की आय दोगुनी होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। डीजल, बीज और खाद की कीमतें बढ़ गई हैं, ऐसे में सरकार को किसानों के हित के बारे में सोचना होगा छोटे किसानों के लिए खेती करना महंगा होता जा रहा है खेती से ही हमारा घर चलता है बीते कई महीनों से खाद व यूरिया नहीं मिल रहा है सरकार को किसानों की कर्ज माफी करनी चाहिए बिजली की कीमत कम करनी चाहिए। सरकार स्मार्ट मीटर लगाने के लिए दबाव बना रही है। जबकि पुराने मीटर ठीक चल रहे हैं इसका असर किसानों की जेब पर ही पड़ेगा जोकि पूरे देश को प्रभावित करेगा।

विद्यालय के इर्द–गिर्द ,गुंडा प्रवृत्ति के लड़के एवं असामाजिक तत्वों द्वारा

## आमतौर पर विद्यालयों के संचालन में सुधार की गति धीमी हो गई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्कूल एसोसिएशन के अमन नागी ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र मे कहा आमतौर पर विद्यालयों के संचालन में सुधार की गति धीमी हो गई है वहीं,विद्यालयों के आसपास अराजकता का माहौल बच्चों के मानसिक स्थिति को प्रभावित कर रहा है इस दिशा में विद्यालय के बाहर की स्थिति चिताजनक बन गई है कक्षा संचालन शुरू होने के पहले से लेकर बाद तक विद्यालय के गेट सहित जगह जगह गुंडा प्रवृत्ति के लड़के एवं असामाजिक तत्वों द्वारा उचक्के–नशाखोरों का जमावड़ा,लगा रहता है।

# देवा मेला की तैयारियां जोरों पर खड़ंजे और सड़कें बनीं सिरदर्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवा बाराबंकी । सूफी संत हजरत वारिस अली शाह की याद में आयोजित होने वाला विख्यात देवा मेला 8 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। मेले को लेकर इन दिनों तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मेला परिसर और आसपास के इलाकों में दुकानदारों व व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें सजा ली हैं। मनोरंजन गली में झूले, सर्कस और बच्चों के खेल-तमाशों की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में रौनक लौट आई है। रविवार को पूरे दिन मेला परिसर में कामकाज चलता रहा। बिजली विभाग के कर्मचारी जहां तारों और पोलों को दुरुस्त करने में जुटे रहे, वहीं नगर पंचायत की ओर से सफाई और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के प्रयास जारी रहे इधर पशु बाजार भी पूरी तरह गुलजार हो चुका है मुरादाबाद , हाथरस , सीतापुर सहित आस-पास के जिलों से पशु व्यापारी अच्छी भैंस और घोड़े लेकर पहुंच रहे हैं। खरीदारों की भीड़ से मेला परिसर का माहौल जीवंत नजर आने लगा है हालांकि, मेला की तैयारियों में कुछ खामियां अब भी बनी हुई हैं। परिसर में लगे कई खड़ंजे उखड़े हुए हैं, जिससे लोगों को चलने में परेशानी हो रही है। वहीं वीआईपी मार्ग पर बने गड्ढों की मरम्मत अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। जल निकासी की व्यवस्था भी कई जगह कमजोर दिखाई दे रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि मेले के उद्घाटन में अब गिने-चुने दिन ही शेष हैं, ऐसे में प्रशासन को तेजी से अधूरे कार्य पूरे कराने चाहिए। श्रद्धालु उम्मीद कर रहे हैं कि मेले के शुरू होने से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हो जाएंगी ताकि किसी को असुविधा न हो।

## कमलापुर में खुशबू नहीं, कचरे का कमाल

सिद्धौर, बाराबंकी। ग्राम पंचायत कमलापुर में सफाई की स्थिति ऐसी है मानो गांव नहीं, ल्लकूड़ा करकट का संग्रहालयङ्क बन गया हो। सड़कों पर गंदा पानी बह रहा है, नालियां टूटी पड़ी हैं और जगह-जगह सड़ी बदबू का साम्राज्य फैला है। गांव के लोगों का कहना है कि सफाई कर्मी आते तो हैं, मगर झाड़ू नहीं, ल्लहाजिरीङ्क बजाकर लौट जाते हैं – वो भी सीधे ग्राम प्रधान के घर से! नतीजा यह कि पूरा गांव गंदगी में डूबा है और बच्चे उसी में खेलते नजर आते हैं। ब्लॉक प्रशासन की तरफ से दो सफाईकर्मी तैनात हैं, लेकिन उनकी मौजूदगी का पता केवल कागजों में ही चलता है। ग्रामीण व्यंग्य में कहते हैं – ल्लहमारे यहां सफाई तो केवल सरकारी रिपोर्टों में होती है, धरातल पर तो मच्छर ही प्रधान हैं। सहायक विकास अधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि यदि सफाई कर्मी नियमित रूप से काम नहीं कर रहे हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि ल्लजांचङ्क और ल्लकार्रवाईङ्क के नाम पर अब तक सिर्फ बयानबाज़ी ही साफ-सुथरी दिखी है, गांव नहीं।

# लकी चिल्ड्रन स्कूल ने वन्यजीव संरक्षण सप्ताह मनाया:वन विभाग ने लोगों को संरक्षण का महत्व समझाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।वन्य जीव सप्ताह में प्रतिवर्ष 2 से 8 अक्टूबर तक मनाया जाता है इस सप्ताह के माध्यम से वन्य जीवों और उनके आवासों के संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता बढ़ाना है यह सप्ताह महात्मा गांधी की जयंती से शुरू होकर विश्व पशु दिवस पर समाप्त होता है इस दिवस के माध्यम से वन्य जीवों के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझने और उनके संरक्षण में अपना योगदान देने पर महत्व दिया जाता है वन्य जीव सप्ताह के तहत होने वाले आयोजन आमजन को वन्य जीवों के महत्व और इकोसिस्टम में उनके महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है इस पूरे सप्ताह आमजन के बीच व वन्य जीवों के महत्व को समझने, वन्य जीवों के संरक्षण, वन्य जीवों के आवासों का संरक्षण करने, वन्य जीवों के शोषण को रोकने, वन्य जीव संरक्षण के लिए समाज की भागीदारी को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास और जागरूकता गतिविधि को बढाने के कार्य किये जाते है प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने में वन जीवों का विशेष महत्व होता है वन्य जीवों का संरक्षण हमारे पारिस्थिति तंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है वन्य जीवों का संरक्षण जैव विविधता को बनाए रखने में मदद करता है वन्य जीवों का संरक्षण हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने में सहायक सिद्ध होता है। वन्य जीवों का संरक्षण हमारी संस्कृति और धरोहर का अभिन्न हिस्सा है वन्य जीवों का संरक्षण हमारे भविष्य के लिए आवश्यक है,क्योंकि वे हमारे प्राकृतिक संसाधनों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं इस कार्यक्रम में वन विभाग के सम्मानित सदस्य उपस्थित थे, जिनमें प्रभागीय वनाधिकारी भरत कुमार डी.के., उप-मंडल अधिकारी रमेश चौहान,रेंज वनाधिकारी सोबरन लाल,उप-रेंज अधिकारी कपिल कुमार और नेकी की दीवार के संस्थापक गुरमेल सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे अधिकारियों ने छात्रों के साथ बातचीत भी की, उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में वनों और वन्यजीवों की भूमिका पर ज़ोर दिया इस कार्यक्रम में वन्यजीव संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए तात्कालिक प्रतियोगिता भी शामिल थी। प्रतियोगिता के विजेता थेः

प्रथम स्थान हार्दिक कक्षा-8

द्वितीय स्थान फतेहदीप सिंह कक्षा-8 तृतीय स्थान सुहानी गुप्ता कक्षा-5

विजेताओं को डीएफओ द्वारा पुरस्कृत किया गया समारोह का समापन स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर अमन नागी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ,जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रों और वन विभाग के अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की गई। लकी चिल्ड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के दौरान छात्रों को न केवल प्रकृति की रक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया, बल्कि पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी की भावना भी जगाई गई कार्यक्रम के अंत में डीएफओ महोदय ने पक्षी घर वितरित किए और बच्चों को पक्षी पालने के लिए प्रोत्साहित किया। हार्दिक, फतेहदीप, सुहानी, महकदीप, एमन, खुशनूद, कृष्णा, पर्व, राघव, अदी, आयुषी, नवप्रीत, वैभव, राज, आरोही, आफ़िया व हरगुनदीप कौर ने पक्षी घर प्राप्त कर पक्षी पालने की शपथ ली।

# संवैधानिक व्यवस्थाओं के अनुसार होगा मंदिर निर्माण : मौनी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार सुल्तानपुर । क्षेत्र के दहला गांव में बीते 20 वर्षों से नवरात्र के महीने में श्री राम चरित मानस पाठ होने वाले स्थान पर ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सगरा आश्रम पीठाधीश्वर अभय चैतन्य फलाहारी मौनी महाराज शामिल हुए। भूमि पूजन की भूमि सरकारी होने के चलते गतिरोध हुआ तो मौनी महाराज ने प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर मंच पर शिला पूजन कराकर कार्यक्रम पूर्ण कराते हुए विधिक व्यवस्थाओं के अनुसार जमीन के विनिमय कराकर ही स्थल पर भूमि पूजन कराने का आश्वाशन दिया।

सोमवार को क्षेत्र के दहला ग्रेंट कुड़वार में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मौनी महाराज ने कहा कि हम कानून को मानने वाले लोग है। हम लोग वही करेंगे जो कानून कहेगा।सरकार मेरी है मेरे द्वारा ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे सरकार की बदनामी हो।उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार कुड़वार धर्मेंद्र यादव व प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा से मौके की जानकारी ली। तो उन्होंने बताया कि जिस जमीन पर बबलू सिंह आदि मंदिर का निर्माण करना चाहते है वह जमीन सरकारी है और ग्रेंट कुड़वार तथा हरखपुर के बार्डर की है। इस पर अभी भूमि पूजन किया जाना नियम संगत नहीं है। मौनी महाराज ने मंदिर निर्माण के आयोजक और स्थानीय लोगो से कहा कि प्रशाशन द्वारा मंदिर निर्माण नहीं रोका गया बल्कि ये आश्वाशन दिया गया कि निर्माण कर्ताओं द्वारा अगर सरकारी जमीन के बदले खाते की जमीन देकर विनिमय करा लेंगे तो निश्चित ही उसी स्थान पर मंदिर निर्माण होगा। उन्होंने प्रशाशन से अपेक्षा की कि जल्द ही मामले का निराकरण कराया जाए जिससे उक्त स्थल पर भूतनाथ, काली माता, बजरंग बली मंदिर सहित धर्मशाला का निर्माण हो सके। और एक ऐसा दिव्य स्थल बने जिससे आने जाने वाले लोग अपने आप ही दर्शन किए बिना न जाए।गतिरोध के बाद मौनी महाराज ने मंच पर ही मुख्य यजमान सुरेंद्र सिंह व राजेश सिंह, बबलू सिंह, मुन्ना सिंह, बब्बू सिंह, बिन्नू सिंह से विद्वान पुरोहितों के सानिध्य में शिला पूजन कराकर भंडारे को शुरू कराया। इस मौके पर भाजपा नेता राम चंद्र मिश्रा,श्याम सुन्दर सिंह, रणविजय सिंह, ऋषि सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।





# बांग्लादेश के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा इंग्लैंड

एजेंसी




गुवाहाटी। अनुभवी खिलाड़ियों से सजी चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम मंगलवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप लीग मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी।

दोनों टीम ने अपने-अपने शुरुआती मैच जीतकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया जबकि इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर ढेर करने के बाद 10 विकेट से जीत दर्ज की। हालांकि अगर स्तर और उपलब्ध विकल्पों पर गौर करें तो इंग्लैंड अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे है। टैमी ब्यूमोंट, एमी जोन्स, हीथर नाइट, नैट स्किवर-ब्रंट, सोफी एकलेस्टोन, लॉरेन बेल और सोफिया डंकले जैसी क्षमतावान खिलाड़ियों के साथ इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। ये वैश्विक स्तर पर महिला क्रिकेट में बहुत बड़े नाम हैं और विश्व कप जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से परिचित हैं। दूसरी ओर कप्तान और विकेटकीपर दोनों की भूमिका निभाने वाली निगार सुल्ताना, रुबिया हैदर, निशिता अख्तर निशी और सुमैया अख्तर जैसी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में बांग्लादेश की उम्मीदों का भार संभाल रही हैं। लेकिन बांग्लादेश की टीम इंग्लैंड की टीम जितनी अनुभवी या मजबूत नहीं है जिसकी नजरें अपने पांचवें एकदिवसीय विश्व खिताब पर टिकी हैं। इंग्लैंड ने पिछली बार 2017 में इस टूर्नामेंट को जीता था। चार दिन पहले इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को हराने और अपने पहले मैच से पूर्व यहां कुछ समय तक अभ्यास करने के बाद पारंपरिक रूप से मजबूत इंग्लैंड यहां की परिस्थितियों से परिचित हो गया है। हालांकि इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका के मैच में इंग्लैंड की गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत 150 से कम रन बने लेकिन बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम की पिच को बल्लेबाजों के अनुकूल माना जाता है और यहां अक्सर बड़े स्कोर वाले मुकाबले देखने को मिलते हैं। उछाल आमतौर पर समान रहता है और गेंद बल्ले पर अच्छी तरह आती है जिससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिलता है। मैच आगे बढ़ने के साथ हालांकि पिच धीमी होती जा रही है जिससे स्पिनरों और धीमी गति के गेंदबाजों के अनुकूल हालात हो जाते हैं। अगर गेंदबाज अनुशासित लाइन और लेंथ बनाए रखें और विविधता का इस्तेमाल करें तो उन्हें यहां सफलता मिलने की संभावना है और इंग्लैंड तथा बांग्लादेश दोनों के पास इस पिच का फायदा उठाने के लिए पर्याप्त ताकत है। इंग्लैंड की गेंदबाजों का अनुभव काम आएगा क्योंकि लिंसे स्मिथ, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन की स्पिन तिकड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने सफल प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विरोधी टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं।

# लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत आर्कटिक ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में करेंगे भारत का नेतृत्व

एजेंसी



नयी दिल्ली। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से फिनलैंड के वंता में शुरु हो रहे आर्कटिक ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का नेतृत्व करेंगे।

वंता स्थित एनर्जिया एरिना में कल से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में पुरुष एकल ड्रॉ में सेन के साथ श्रीकांत सहित पांच अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी भी शामिल हैं।पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन पिछले महीने हांगकांग ओपन में 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के अपने पहले फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन चाइना मास्टर्स में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और उन्हें साल में नौवीं बार पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी श्रीकांत ने मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में भी जगह बनाई थी। जून में यूएस ओपन जीतने वाले और इस सीजन में बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेट्टी भी वंता में खेलेंगे। यह भारतीय युवा खिलाड़ी अपने पहले मुकाबले में पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता कुणालवुत वितिदसर्न से भिड़ेगा।

एशियाई खेलों के पुरुष युगल चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुरुआत में प्रवेश सूची में थे, लेकिन अब टूर्नामेंट से हट गए हैं। वहीं महिला एकल में, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की गैरमौजूदगी में उभरते सितारे तान्या हेमंत और अनमोल खरब भारत का नेतृत्व करेंगी। इस बीच, पेरिस 2024 ओलंपियन तनिषा क्रैस्टो ध्रुव कपिला के साथ मिलकर भारत के मिश्रित युगल अभियान की अगुवाई करेंगी। उल्लेखनीय है कि अभी तक किसी भी भारतीय ने आर्कटिक ओपन में खिताब नहीं जीता है।

# वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर बर्नार्ड जूलियन का 75 वर्ष की उम्र में निधन

वलसेन (त्रिनिदाद)। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर और 1975 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य बर्नार्ड जूलियन का शनिवार को 75 वर्ष की उम्र में वलसेन (त्रिनिदाद) में निधन हो गया। उन्होंने वेस्टइंडीज की ओर से 24 टेस्ट और 12 वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया था। जूलियन ने 1975 के पहले विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था। श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने 4 विकेट पर 20 रन, न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट पर 27 रन और फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 37 गेंदों में 26 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली थी। वह बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी, बेहतरीन स्ट्रोकप्ले और जीवंत फील्डिंग के लिए जाने जाते थे। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्लाइव लॉयड ने उन्हें 1975 की विजेता टीम का अहम स्तंभ बताया। उन्होंने एक बयान में कहा, वह हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देते थे। मैंने कभी उन्हें जिम्मेदारी से पीछे हटते नहीं देखा। वह एक सच्चे टीम खिलाड़ी थे, जिन पर मैं हमेशा भरोसा कर सकता था – बल्ले और गेंद दोनों से। वे एक बेहतरीन क्रिकेटर थे। लॉर्ड्स में भी जूलियन ने यादगार प्रदर्शन किया था, जब उन्होंने 1973 में इंग्लैंड के खिलाफ 121 रनों की मैच जिताने वाली पारी खेली और अगले वर्ष उसी टीम के खिलाफ पांच विकेट भी हासिल किए। लॉयड ने आगे कहा, हम सब उनका बहुत सम्मान करते थे। वे सभी के प्रिय थे। लॉर्ड्स में टेस्ट जीतने के बाद हमने लंबे समय तक दर्शकों के लिए ऑटोग्राफ दिए – वह हमारे लिए गर्व का पल था। जूलियन ने 1970 से 1977 तक इंग्लैंड की काउंटी टीम 'केंट' के लिए भी खेला। हालांकि, उनका करियर तब रुक गया जब उन्होंने 1982-83 में रंगभेद काल के दौरान दक्षिण अफ्रीका का दौरा करने वाली विद्रोही वेस्टइंडीज टीम में हिस्सा लिया।

# महिला विश्व कप 2025: पाकिस्तान पर मिली जीत के बाद बोलीं हरमनप्रीत– बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी पिच

एजेंसी



कोलंबो। कोलंबो में खेले गए महिला वनडे विश्व कप 2025 के मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 88 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा कि यह टीम के लिए बहुत अहम मुकाबला था और जीत से वह बहुत खुश हैं, लेकिन यह आसान नहीं रहा। भारत की बल्लेबाजी फिर एक बार लड़खड़ाई और टीम एक समय 203 रन पर 7 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। हालांकि, ऋचा घोष ने अंत में नाबाद 35 रन (20 गेंदों पर) की ताबड़तोड़ पारी खेलकर स्कोर को 247 तक पहुंचाया। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, ल्लसच कहूं तो इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। हमने बस यह सोचा कि जितना लंबा खेल सकें उतना अच्छा रहेगा। पिछली बार जब हम यहां त्रिकोणीय सीरीज़ में खेले थे, तब विकेट अलग थे। लेकिन पिछले दो दिनों की बारिश से पिच में पकड़ आ गई थी। हमारी योजना थी कि आख़िरी तक विकेट बचाए रखें ताकि अंतिम ओवरों में रन बना सकें। गेंदबाजी में भारत की क्रांति गौड़ ने शानदार प्रदर्शन किया। तेज़ गेंदबाज गौड़ ने पाकिस्तान की शुरुआत बिगाड़ते हुए शुरुआती दस ओवरों में सदफ शमास और आलिया रियाज़ के विकेट झटके। उन्होंने 20 रन देकर तीन विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। यह वही मैदान था जहां क्रांति ने इसी साल मई में अपना वनडे डेब्यू किया था। घरेलू वनडे फाइनल में उन्होंने चार गेंदों पर चार विकेट लेकर सभी को चौंका दिया था। कप्तान हरमनप्रीत ने उनकी तारीफ करते हुए कहा, क्रांति ने शानदार गेंदबाजी की। रेनुका भी दूसरे छोर से अच्छी लाइन-लेंथ रख रही थीं, जिससे हमें शुरुआती ब्रेकथ्रू मिले। हालांकि, भारत ने फील्डिंग में कई मौके गंवाए। टीम ने चार कैच छोड़े, जिनमें तीन कैच सिदरा अमीन के थे, जो पाकिस्तान की सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। हरमनप्रीत ने माना कि फील्डिंग में सुधार की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमने फील्डिंग में खुद को निराश किया। हमें बहुत मौके मिले जो हम पकड़ नहीं सके, लेकिन जीत के बाद खुशी जरूर होती है। हरमनप्रीत ने आगे के मैचों को लेकर कहा, अभी हम इस जीत का आनंद लेना चाहते हैं। सुधार के लिए कई क्षेत्र हैं, लेकिन फिलहाल जीत से खुशी है। हम भारत लौट रहे हैं, जहां की पिचों को हम बेहतर जानते हैं।

# बीसीसीआई महिला सीनियर टी-20 प्रतियोगिता : हिमाचल टीम की घोषणा, सुषमा वर्मा को कप्तान की जिम्मेदारी

धर्मशाला। बीसीसीआई महिला सीनियर (टी-20) एलीट टूर्नामेंट 2025-26 के लिए हिमाचल की महिला सीनियर टीम की घोषणा कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) ने महिला वरिष्ठ खिलाड़ियों का चयन कर टीम की सोमवार को घोषणा कर दी है। टीम का जिम्मा वरिष्ठ खिलाड़ी एवं पूर्व में भारतीय टीम का हिस्सा रही सुषमा वर्मा को दिया गया है। चयनित टीम के खिलाड़ियों में नैंसी शर्मा चंबा, ज्योति ठाकुर कांगड़ा, प्रीती देवी कांगड़ा, सुष्मिता कुमारी किन्नौर, मोनिका कुल्लू, यमुना देवी कुल्लू, नीना चौधरी मंडी, निकिता मंडी, शिवानी मंडी, सोनल मंडी, देवांशी वर्मा शिमला, मनीषा शिमला, निकिता चौहान शिमला, प्राची चौहान शिमला, सुषमा वर्मा (कप्तान) शिमला, वासुवी फिश्टा शिमला शामिल हैं।

# रुक्मणी देवी गर्ग एग्रो इंपेक्स ने किया निराश पहले दिन ही निवेशकों को नुकसान

एजेंसी

नई दिल्ली। एग्रीकल्चरल फूड्स का कारोबार करने वाली बिक्री करने वाली रुक्मणी देवी गर्ग एग्रो इंपेक्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 99 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 20 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 79.20 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर फिसल कर 75.24 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 24 प्रतिशत का नुकसान हो गया। रुक्मणी देवी गर्ग एग्रो इंपेक्स का 23.52 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 से 30 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 29.59 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 8.24 गुना सब्सक्राइब हुआ था। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 77.12 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 39.73 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 23.76 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 47 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 5.02 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 7.57 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इस दौरान कंपनी की आय में उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को कुल 248.50 करोड़ रुपये की आय हुई, जो वित्त वर्ष 2023-24 में कम होकर 245.02 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 327.32 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गई। इस दौरान कंपनी पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता गया। वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी में कंपनी पर 25.13 करोड़ रुपये का कर्ज था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी में बढ़ कर 26.84 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 के आखिरी में उछल कर 49.21 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। रिजर्व और सरप्लस की बात करें तो वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी में ये 13.34 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी में बढ़ कर 18.36 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 के आखिरी में उछल कर 25.93 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# एडविट ज्वेल्स ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

एजेंसी

नई दिल्ली। जयपुर स्थित एडविट ज्वेल्स लिमिटेड ने अपने प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक एडविट ज्वेल्स लिमिटेड का 10 रुपये अंकित मूल्य वाला ये आईपीओ एक बुक बिल्ड इश्यू है, जिसमें 1.38 करोड़ इक्विटी शेयरों का ताजा इश्यू शामिल है। कंपनी के शेयरों को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। कंपनी के मुताबिक यह इश्यू सेबी आईसीडीआर नियमों के अनुरूप बुक-बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से जारी किया जा रहा है, जिसमें 50 फीसदी तक हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए कम से कम 15 फीसदी गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए और कम से कम 35 फीसदी हिस्सा खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के लिए आरक्षित है। एडविट ज्वेल्स लिमिटेड 65 करोड़ रुपये के नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कंपनी की वृद्धिशील कार्यशील पूंजी जरूरतों के वित्तपोषण, 65 करोड़ रुपये का उपयोग अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से कंपनी के द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान, पूर्व-भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करेगी। 2019 में स्थापित जयपुर स्थित एडविट ज्वेल्स लिमिटेड पारंपरिक और समकालीन हस्तनिर्मित उत्तम आभूषणों की निर्माता और विक्रेता है, जो कुंदन, पोल्की, हीरे और जड़ाऊ आभूषणों में विशेषज्ञता रखती है। इसका ब्रांड नाम रामभजो है। ये कंपनी दुनियाभर के विभिन्न स्थानों से विभिन्न कला रूपों को मिलाकर प्रतिदिन नवाचार और डिज़ाइनिंग करती है।

# संक्षिप्त समाचार

## ओएनजीसी आंध्र प्रदेश में 172 तटवर्ती कुओं के विकास के लिए 8,110 करोड़ का करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) आंध्र प्रदेश में आठ उत्पादन खनन लाइसेंस (पीएमएल) ब्लॉकों में 172 कुओं से तेल एवं गैस के तटवर्ती विकास और उत्पादन के लिए 8,110 करोड़ रुपये का निवेश करने की तैयारी में है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि ओएनजीसी आंध्र प्रदेश में तेल और गैस निकालने के लिए 8110 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रही है। यह निवेश आठ पीएमएल ब्लॉक में 172 कुओं के ऑनशोर डेवलपमेंट के लिए किया जाएगा। पर्यावरण मंत्रालय की एक समिति ने इस प्रोजेक्ट के लिए पर्यावरणीय मंजूरी की सिफारिश की है। ओएनजीसी को निर्देश दिया कि वह मंत्रालय को प्रस्तुत दस्तावेजों में प्रस्तावित सभी पर्यावरण संरक्षण उपायों एवं सुरक्षा उपायों का अनुपालन करे। विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के मुताबिक इस परियोजना की अनुमानित लागत 8110 करोड़ रुपये है। पर्यावरण प्रबंधन योजना की पूंजीगत लागत 172 करोड़ रुपये होगी और ईएमपी की आवर्ती लागत 91.16 करोड़ रुपये प्रति वर्ष होगी।

## श्रीयांशी ने हमवतन तस्नीम मीर को हराकर अपना पहला बीडब्ल्युएफ सुपर 100 खिताब जीता

**अबू धाबी।** श्रीयांशी वलीशेट्टी ने शानदार वापसी करते हुए हमवतन तस्नीम मीर को हराकर अल ऐन मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया। श्रीयांशी वलीशेट्टी ने रविवार को खलीफा बिन जायद स्टेडियम में 49 मिनट तक चले फाइनल में तस्नीम मीर को 15–21, 22–20, 21–7 से हरा कर खिताब जीता। यह श्रीयांशी की 20 वर्षीय पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी पर तीन मुकाबलों में पहली जीत और बीडब्ल्यूएफ टूर पर उनका पहला सुपर 100 खिताब है। बाद में, भारत के हरिहरन अम्साकरुनन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने फाइनल में इंडोनेशिया के पाचवीं वरीयता प्राप्त रेमंड इंद्र और निकोलस जोआक्विन को हराकर पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमीफाइनल में, तस्नीम ने तुर्किये की नेस्लिहान एरिन को 9–21, 21–17, 21–10 से तथा श्रीयांशी ने इंडोनेशिया की चियारा मारवेला हांडोयो को 21–11, 21–12 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई थी। पुरुष युगल में 35 मिनट तक चले फाइनल में हरिहरन अम्साकरुनन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने इंडोनेशिया के रेमंड इंद्र और निकोलस जोआक्विन को 21–17, 21–18 से हराया।

## नीति आयोग को भारत–अमेरिका के बीच जल्द व्यापार समझौते की उम्मीद

नयी दिल्ली। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने सोमवार को भरोसा जताया कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक व्यापार समझौता हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुब्रह्मण्यम ने यह भी कहा कि भारत को शुल्क और गैर–शुल्क बाधाओं को कम करना चाहिए और विनिर्माण क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए अपने बाजारों को खोलना चाहिए। उन्होंने यहां तिमाही आधार पर व्यापार विश्लेषण पर जारी रिपोर्ट (ट्रेड वॉच क्वार्टरली) जारी करते हुए संवाददाताओं से कहा, ङ्कअच्छी बात यह है कि दोनों पक्ष अभी भी एक व्यापार समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले महीने बातचीत हुई थी, इसलिए मुझे लगता है कि दोनों पक्षों को उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगस्त में भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिया था। इसमें भारत के रूस से कच्चे तेल खरीदने के कारण लगाया गया 25 प्रतिशत का दंडात्मक शुल्क शामिल है। इसके बाद नयी दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में तनाव आ गया। भारत ने अमेरिकी कार्रवाई को अनुचित और अविवेकपूर्ण बताया था। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि अमेरिकी शुल्क का क्रिसमस तक कोई विशेष प्रभाव नहीं होगा, हालांकि अगर दोनों देश व्यापार समझौते पर सहमत नहीं होते हैं, तो उसके बाद एक समस्या देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा, हम नुकसान में हैं३। 50 प्रतिशत शुल्क से कीमत बहुत बढ़ जाती है इससे कोई बच नहीं सकता। लोगों को उम्मीद है कि अगर नवंबर तक व्यापार समझौता हो जाता है, तो कोई व्यवधान नहीं होगा। सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत का व्यापार घाटा प्रबंधनीय है, लेकिन असंतुलित है।

# मानस पॉलिमर्स की स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री, मुनाफ़े में आईपीओ निवेशक

नई दिल्ली। फूड एंड बेवरेज पैकेजिंग सेक्टर में काम करने वाली कंपनी मानस पॉलिमर्स एंड एनर्जीज के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में धांसू एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 81 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के इमर्ज प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 153.90 रुपये के स्तर पर हुई। हालांकि, लिस्टिंग के बाद हुई मुनाफा वसूली के कारण इस शेयर की चाल में गिरावट आ गई। दोपहर 2 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 146.20 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। मानस पॉलिमर्स एंड एनर्जीज का 23.52 करोड़ रुपये का आईपीओ 26 से 30 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.24 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 6.66 गुना सब्सक्राइब हुआ था। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.78 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.19 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 29.04 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी सोलर प्लांट लगाने, फिक्स्ड एसेट्स खरीदने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 79 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 1.70 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 4.29 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी




नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमत में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में कमी होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,19,390 रुपये से लेकर 1,19,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,09,440 रुपये से लेकर 1,09,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,54,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,19,540 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,09,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,19,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,09,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,19,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,09,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,19,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,09,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,19,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,09,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,19,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,09,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,19,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,09,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,19,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,09,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# विजय कुमार मल्होत्रा ने राजनीति, जनसेवा और खेल जगत में अमिट छाप छोड़ी: मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने राजनीति, जनसेवा और खेल जगत तीनों क्षेत्रों में अमिट छाप छोड़ी। मल्होत्रा का जीवन भारतीय राजनीति और संगठन के लिए एक प्रेरणास्रोत है।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को एक्स और नमो एप पर एक आलेख साझा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी परिवार ने हाल ही में अपने सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक को खो दिया। प्रो. मल्होत्रा ने जीवन में अनेक उपलब्धियां हासिल कीं, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह था कि उन्होंने परिश्रम, दृढ़ निश्चय और सेवा से भरा जीवन जिया। उनके जीवन को देखकर समझा जा सकता है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जनसंघ और भाजपा के मूल संस्कार क्या हैंऽ विपरीत परिस्थितियों में साहस, स्वयं से ऊपर सेवा भावना और राष्ट्रीय-सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति गहरी निष्ठा।

उन्होंने उल्लेख किया कि विभाजन के समय मल्होत्रा परिवार ने भयावह परिस्थितियों का सामना किया, परंतु उस पीड़ा ने उन्हें आत्मकेंद्रित नहीं बनाया। इसके विपरीत, उन्होंने स्वयं को समाज सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने बंटवारे में विस्थापित हुए हजारों परिवारों की मदद की और उनके पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जनसंघ के साथी मदनलाल खुराना और केदारनाथ साहनी के साथ उन्होंने दिल्ली में निःस्वार्थ सेवा कार्य किए, जिन्हें आज भी लोग याद करते हैं। मोदी ने याद किया कि 1967 में दिल्ली मेट्रोपॉलिटन काउंसिल के पहले चुनाव में जनसंघ ने शानदार प्रदर्शन किया था। लालकृष्ण आडवाणी चेयरमैन बने और मल्होत्रा को चीफ एग्जीक्यूटिव काउंसलर की जिम्मेदारी सौंपी गई–जो मुख्यमंत्री के समकक्ष पद था। उस समय उनकी उम्र मात्र 36 वर्ष थी। उन्होंने दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर और नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया और राजधानी के विकास में नई दृष्टि दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मल्होत्रा का दिल्ली से जुड़ाव अटूट रहा। ने हमेशा जनता के बीच रहकर जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाते रहे। 1960 के दशक में गौ रक्षा आंदोलन में उनकी सक्रिय भागीदारी रही, जहां उन्हें पुलिस अत्याचारों का भी सामना करना पड़ा। आपातकाल के दौरान उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। 1984 में सिख विरोधी दंगों के दौरान जब सड़कों पर निर्दोष सिखों की हत्या हो रही थी, तब उन्होंने शांति और सद्भावना की आवाज उठाई और पीड़ितों के साथ खड़े रहे। प्रधानमंत्री ने लिखा कि मल्होत्रा का मानना था कि राजनीति केवल चुनाव जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि सिद्धांतों और मूल्यों की रक्षा का भी दायित्व है। वे संगठन के लिए एक संस्था निर्माता थे, जिन्होंने जनसंघ और भाजपा की दिल्ली इकाई को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया।

उन्होंने सिविक प्रशासन, विधानसभा और संसद सभी स्तरों पर उल्लेखनीय योगदान दिया। मोदी ने 1999 के लोकसभा चुनाव का उल्लेख किया, जब मल्होत्रा ने दक्षिण दिल्ली से डॉ. मनमोहन सिंह को हराया था। यह चुनाव बेहद हाई-प्रोफाइल था, लेकिन मल्होत्रा ने सकारात्मक प्रचार किया, कभी व्यक्तिगत हमले नहीं किए और 50 प्रतिशत से अधिक वोटों से विजय प्राप्त की। यह उनकी जनता के साथ गहरे संबंधों और मजबूत संगठनात्मक पकड़ का प्रमाण था। प्रधानमंत्री ने लिखा कि संसद में मल्होत्रा हमेशा सटीक तैयारी के साथ बोलते थे। यूपीए-1 के दौरान विपक्ष के उपनेता के रूप में उन्होंने भ्रष्टाचार और आतंकवाद के मुद्दों पर सरकार को घेरा। मोदी ने कहा, ''उन दिनों मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था और हम अक्सर बातचीत करते थे। वे गुजरात की विकास यात्रा को लेकर हमेशा उत्सुक रहते थे। राजनीति के साथ-साथ मल्होत्रा एक शिक्षाविद् और विद्वान भी थे। उन्होंने अपनी पढ़ाई समय से पहले पूरी की थी और हिंदी पर गहरी पकड़ रखते थे। वे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भाषणों का हिंदी अनुवाद करते थे। उन्होंने संघ से जुड़ी कई सांस्कृतिक और शैक्षिक संस्थाओं की स्थापना की, जिनके माध्यम से अनेक प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन संस्थाओं ने समाज में सेवा और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित किया। मल्होत्रा ने खेल प्रशासन में भी असाधारण योगदान दिया।

## नौसेना के नए पोतों का नामकरण होगा छत्तीसगढ़ की नदियों के नाम पर

एजेंसी

नयी दिल्ली/ रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को नयी दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर सौजन्य मुलाक़ात की।

बैठक में बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार, रक्षा क्षेत्र के विकास, पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन एवं नौसैनिक पोतों के नामकरण जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी उपस्थित थे। श्री साय ने बैठक के दौरान रक्षा मंत्री सिंह को अवगत कराया कि बिलासपुर में रक्षा मंत्रालय की भूमि है। इस भूमि को उन्होंने बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के लिए उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यहां रक्षा क्षेत्र से संबंधित विकासात्मक कार्य भी आरंभ करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि छत्तीसगढ़ में सेना में भर्ती होने के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं में अनुशासन, शारीरिक क्षमता और देशभक्ति की भावना है। इस आधार पर उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि पूरे प्रदेश में विशेष 'सेना भर्ती रैलियों' का आयोजन किया जाए, जिससे युवाओं को अपने ही प्रदेश में देश सेवा का अवसर मिल सके। श्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री के इस आग्रह का स्वागत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश के हर कोने से योग्य युवाओं को सेना में जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पूरे प्रदेश में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य की सांस्कृतिक पहचान और गौरवशाली परंपराओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की नदियाँ – इंद्रावती, महानदी – केवल जलस्रोत नहीं बल्कि प्रदेश की आत्मा हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि रक्षा मंत्रालय जब भी नए नौसैनिक पोतों या जहाजों को लॉन्च करे, तो उनमें से कुछ का नाम छत्तीसगढ़ की नदियों और क्षेत्रों के नाम पर रखा जाए जैसे आईएनएस इंद्रावती, महानदी या आईएनएस बस्तर।

## तेलंगाना में पिछड़े वर्गों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना सरकार के स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ा वर्ग (बीसी) के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के फैसले को चुनौती देने वाली वंगा गोपाल रेड्डी की याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मामले की सुनवाई की और हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता को सुझाव दिया कि वे उचित राहत के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय का रुख करें। याचिका में स्थानीय निकाय चुनावों में 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक आरक्षण लागू करने की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया गया था।
याचिकाकर्ता ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के उस पहले फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें सरकार के इस कदम को बरकरार रखा गया था। चुनौती सरकार के आदेश (जीओ–नंबर 9) के खिलाफ थी, जिसके तहत तेलंगाना सरकार ने स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़े वर्ग के लिए कोटा बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया था। अनुसूचित जाति (एससी) के लिए मौजूदा 15 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण के साथ मिलकर, कुल आरक्षण 67 प्रतिशत तक पहुंच गया। श्री गोपाल रेड्डी ने उच्चतम न्यायालय से जीओ के कार्यान्वयन पर रोक लगाने का आग्रह किया था, जिसमें उन्होंने मामले की तात्कालिकता का हवाला देते हुए चेतावनी दी थी कि चुनाव अधिसूचना जारी होने से ''अपूरणीय क्षति'' हो सकती है। हालांकि, पीठ ने कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया और निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय को मामले का गुण–दोष के आधार पर फैसला करना चाहिए। इस टिप्पणी के साथ याचिका खारिज कर दी गई।

## सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी मामले में सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार को नोटिस

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत की गयी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने श्री वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब तलब किया। पीठ ने श्रीमती अंगमो की याचिका पर उनके अधिवक्ता कपिल सिब्बल और केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, ''नोटिस जारी करें। इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने पीठ के समक्ष कहा कि याचिका पर्यावरणविद् वांगचुक की हिरासत की आलोचना करती है। पीठ के समक्ष दलील देते हुए उन्होंने कहा, ''हम हिरासत के खिलाफ हैं। इस पर केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि श्री वांगचुक को हिरासत के आधार बताये गये हैं। श्रीमती अंगमो ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत अपने पति की हिरासत को चुनौती दी है। इस मामले में श्रीमती अंगमो ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में अपने पति की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया है। उन्होंने याचिका में अपने पति पर एनएसए लगाने पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि उनकी 'गिरफ्तारी अवैध और नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के बाद उनके पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि श्री वांगचुक को गिरफ्तार करने के बाद राजस्थान की जोधपुर केन्दीय जेल में रखा गया है। लद्दाख में अलग राज्य का दर्ज़ा दिये जाने की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद उन्हें 26 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। इस प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गयी थी।

## 15 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हो रही है जैविक खेती

**नयी दिल्ली।** देश में जैविक खेती का क्षेत्रफल लगातार बढ़ कर 15 लाख हेक्टेयर हो गया है और 25 लाख से अधिक किसानों को इस खेती से फायदा पहुंचा है। भारत सरकार ने किसानों की आजीविका में सुधार लाने के साथ–साथ पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने पर विशेष ध्यान देते हुये राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन के तहत 2015 में परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) शुरू की थी। जैविक खेती को इसी योजना के तहत बढ़ावा दिया जाता है। पिछले एक दशक में, पीकेवीवाई भारत के जैविक कृषि आंदोलन की आधारशिला बन गया है। इसने किसानों को पर्यावरण के अनुकूल नियमों को अपनाने, जैविक प्रमाणन हासिल करने और टिकाऊ तरीके से पैदावार करने को पुरस्कृत करने और उन्हें बाजारों से जुड़ने के लिए एक संगठित मंच प्रदान किया है। क्लस्टर–आधारित पहल के रूप में शुरू हुयी यह योजना अब प्रशिक्षण, प्रमाणन और बाजार विकास की एक सशक्त व्यवस्था बन कर उभरी है। पत्र सूचना कार्यालय ने यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि पीकेवीवाई में इस साल फरवरी तक 15 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को जैविक खेती के अंतर्गत लाया जा चुका है। इसके अलावा 52,289 क्लस्टर बनाये गए हैं और इससे 25.30 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। जैविक कृषि पोर्टल पर दिसंबर 2024 तक 6.23 लाख किसान, 19,016 स्थानीय समूह, 89 इनपुट आपूर्तिकर्ता और 8,676 खरीदार पंजीकृत थे। पीकेवीवाई का उद्देश्य पर्यावरण–अनुकूल कृषि के मॉडल को आगे बढ़ाना है। यह मॉडल किसान के समूहों की कम लागत, रसायन–मुक्त तकनीकों के साथ साथ खाद्य सुरक्षा, आमदनी बढ़ाने और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ाता है। इसके अंतर्गत, जैविक खेती के तरीकों को अपनाने वाले किसानों को तीन वर्ष की अवधि के लिए 31,500 रुपए प्रति हेक्टेयर की मदद भी दी जाती है।

## उत्तर बंगाल में बाढ़ग्रस्त इलाकों के दौरे पर गए सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर हमला, सांसद लहूलुहान

कोलकाता। उत्तर बंगाल में बाढ़ की तबाही का जायजा लेने पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद खगेन मुर्मू और विधायक शंकर घोष पर सोमवार को हमला हुआ। भीड़ के बीच हुई इस घटना में सांसद खगेन मुर्मू घायल हो गए, जबकि शंकर घोष की गाड़ी पर पथराव किया गया, जिससे उसके शीशे टूट गए। खगेन मुर्मू का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। भाजपा के अनुसार, यह घटना नागराकाटा के बामनडांगा क्षेत्र में तब हुई जब मालदा उत्तर के सांसद खगेन मुर्मू और सिलिगुड़ी के विधायक शंकर घोष राहत कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। दोनों नेता सुरक्षा कर्मियों के घेरे में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र की ओर पैदल जा रहे थे, तभी भीड़ में से कुछ लोगों ने अचानक धक्का–मुक्की शुरू कर दी। इसी दौरान एक व्यक्ति ने पीछे से शंकर घोष को धक्का दे दिया। हालात बिगड़ते देख सुरक्षा कर्मियों ने नेताओं को सुरक्षित निकालने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भगदड़ के बीच सांसद खगेन मुर्मू को पीछे से मारा गया, जिससे उनके चेहरे और नाक पर चोट आई और खून बहने लगा। घबराए नेता किसी तरह अपनी गाड़ी तक पहुंचे, लेकिन तब तक भीड़ में मौजूद कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी पर ईंटें फेंकीं, जिससे गाड़ी के शीशे टूट गए। घटना के बाद भाजपा नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा, '' आज नागराकाटा में तृणमूल के गुंडों ने सांसद खगेन मुर्मू पर हमला किया।

## राधाकृष्णन ने आज सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई

नयी दिल्ली। राज्य सभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन राज्य सभा में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ मंगलवार को यहां बैठक करेंगे।

राज्यसभा सचिवालय ने सोमवार को यहां बताया कि राज्यसभा के सभापति का पदभार ग्रहण करने के बाद श्री राधाकृष्णन की राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ यह पहली बैठक है। बैठक में मुख्य रूप से संसद सत्र के दौरान सदन के सुचारू संचालन और संसदीय विचार-विमर्श को सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की जायेगी।

सभी दलों के नेता सदन के अलावा राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एल. मुरुगन के साथ-साथ पूर्व प्रधानमंत्री एवं राज्य सभा सदस्य एच. डी. देवेगौड़ा को विशेष रूप से बैठक में आमंत्रित किया गया है।

## भारत के समुद्री बेड़े में शामिल हुआ दूसरा उथला जल पोत आईएनएस 'एंड्रोथ'

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना ने सोमवार को विशाखापत्तनम स्थित नौसेना डॉकयार्ड में दूसरे पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) आईएनएस एंड्रोथ को अपने समुद्री बेड़े में शामिल कर लिया। यह पोत अत्याधुनिक हथियारों, सेंसरों और संचार प्रणालियों से लैस है, जिससे यह सतह के नीचे के खतरों का सटीकता से पता लगा सकता है। इस वजह से नौसेना की समुद्री जल क्षमता बढ़ेगी और तटीय क्षेत्रों में शत्रुओं का मुकाबला करने में आसानी होगी।

नौसेना ने आईएनएस एंड्रोथ को 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ भारत की समुद्री आत्मनिर्भरता का एक चमकदार प्रतीक बताया है। आईएनएस एंड्रोथ को 77 मीटर लंबाई और लगभग 1500 टन विस्थापन क्षमता के साथ तटीय और उथले पानी में पनडुब्बी रोधी अभियानों के लिए डिजाइन किया गया है।

**भारतीय नौसेना को तटीय क्षेत्रों में शत्रुओं का मुकाबला करने में आसानी होगी**

यह पोत अत्याधुनिक हथियारों, सेंसरों और संचार प्रणालियों से लैस है, जिससे यह सतह के नीचे के खतरों का सटीकता से पता लगाकर उन्हें बेअसर कर सकता है। तकनीकी रूप से उन्नत मशीनरी और नियंत्रण प्रणालियों से सुसज्जित यह पोत उथले पानी में लंबे समय तक संचालन कर सकता है। कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) में निर्मित यह पोत समुद्री डीजल इंजनों से संचालित होगा। इसकी क्षमताएं समुद्री निगरानी, खोज और बचाव, तटीय रक्षा मिशन और निम्न तीव्रता वाले समुद्री अभियानों तक विस्तृत हैं। आईएनएस एंड्रोथ की भूमिका तटीय क्षेत्रों में शत्रुओं के खतरों का मुकाबला करने में महत्वपूर्ण होगी। इस जहाज का नौसेना में शामिल होना स्वदेशीकरण, नवाचार और क्षमता संवर्धन पर निरंतर जोर देने के साथ ही भारत की समुद्री सुरक्षा संरचना को मजबूत करने में जीआरएसई के महत्वपूर्ण योगदान का प्रमाण है। जहाज का नाम लक्षद्वीप समूह के सबसे उत्तरी द्वीप एंड्रोथ के नाम पर रखा गया है, जो भारत के समुद्री क्षेत्र में अपने ऐतिहासिक और रणनीतिक महत्व के लिए जाना जाता है। कमीशनिंग के अवसर पर पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने जहाज के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया और उन्हें जहाज की निर्माण यात्रा और नई स्वदेशी क्षमताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। समारोह के दौरान उन्होंने जहाज के कमीशनिंग क्रू और जीआरएसई के अधिकारियों के साथ बातचीत की और आईएनएस एंड्रोथ की समय पर तैनाती के लिए उनके समर्पित प्रयासों के लिए उन्हें बधाई दी

## मानवाधिकार आयोग ने जबलपुर दुर्गा पंडाल में करंट से दो बच्चों की मौत पर लिया संज्ञान

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक दुर्गा पूजा पंडाल में बिजली का करंट लगने से दो बच्चों की मौत के मामले का मीडिया रिपोर्ट के आधार पर सोमवार को स्वतः संज्ञान लिया । आयोग ने इस मामले में मध्य प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव और जबलपुर पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार 24 सितंबर को जबलपुर में एक दुर्गा पूजा पंडाल में खेलते समय 8 साल और 10 साल की उम्र के दो बच्चों की करंट लगने से मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब बच्चे पंडाल में लगे एक पाइप के संपर्क में आये थे। आयोग के अनुसार मीडिया रिपोर्ट यदि सत्य है, तो यह मानव अधिकार उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है।

# पेज एक का शेष

### बिहार में दो...

होगी। बिहार में इस बार कुल 7.42 करोड़ मतदाताओं में 3.92 करोड़ पुरुष तथा 3.50 करोड़ महिलाएं हैं। राज्य में पहली बार मतदाता बने 18 से 19 वर्ष की आयु के युवाओं की संख्या 14.01 लाख है। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 7.20 लाख और 85 साल से अधिक उम्र के मतदाता 4.04 लाख हैं। सौ वर्ष से अधिक उम्र के करीब 14 हजार मतदाता हैं। ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 1725 तथा सैन्य बलों के मतदाताओं की संख्या 1.63 लाख है। बीस से 29 वर्ष आयु वाले मतदाताओं की संख्या 1.63 करोड़ है। आयोग ने बताया कि इस चुनाव के लिए 90,712 मतदान केंद्र बनाये जायेंगे। इनमें से 76,801 ग्रामीण क्षेत्रों में तथा शेष 13,911 शहरी क्षेत्रों में होंगे। प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की संख्या औसतन संख्या 818 होगी और सभी मतदान केंद्रों की वेब कास्टिंग की जायेगी। एक हजार तीन सौ पचास मॉडल मतदान केंद्र होंगे और 1044 केंद्रों का संचालन पूरी तरह से महिलाओं को दिया जायेगा। इसके अलावा 38 केंद्रों की कमान युवा तथा 292 केंद्रों का संचालन दिव्यांग करेंगे। आयोग ने मतदान केंद्रों तक पहुंच को सुगम, सहज और सुरक्षित बनाने के लिए पर्याप्त प्रबंध किए हैं। हर मतदान केंद्र पर पोल वॉलंटियर, हेल्प डेस्क, पीने का पानी, दिव्यांगों के लिए रैम्प की व्यवस्था रहेगी। दियारा क्षेत्र के करीब 250 मतदान केंद्रों पर पुलिस के घुड़सवार दस्ते गश्त लगायेंगे जबकि 197 मतदान केंद्रों पर गश्ती दल नौकाओं से जायेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बिहार में सभी राजनीति दलों, मतदाताओं और मीडिया के लोगों से चुनाव प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी मतदाता या उम्मीदवार को किसी तरह की धमकी या उन्हें दबाव में लेने की हरकत को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। श्री कुमार ने बिहार में 22 साल बाद मतदाता 'शुद्धीकरण' की प्रकिया की सफलता में सहयोग के लिए राज्य के मतदाताओं , राजनीतिक दलों , 90 हजार से अधिक , 243 मतदाता पंजीकरण अधिकारियों , 38 जिला चुनाव अधिकारियों और मुख्य चुनाव अधिकारी के साथ साथ राजनीतिक दलों के एक लाख से अधिक बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा, ''बिहार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के जरिये अन्य राज्यों को एक रास्ता दिखाया है।'' आयोग ने मतदताओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया जिस पर वे जरूरत पड़ने पर सहायता मांग सकते हैं। इसके अलावा आयोग के एकीकृत ऐप के माध्यम से भी सहायता ली जा सकती है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि बिहार की पक्की मतदाता सूची में अब भी जिन पात्र लोगों के नाम छूट गये हैं वे नामांकन की तिथि के दस दिन पूर्व तक अपना नाम जोड़वा सकते हैं। इसके लिए उन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी के पास विधिवत दावा करना पड़ेगा।

### आठ विधानसभा...

11 नवंबर को और मतगणना 14 नवंबर को होगी। सभी आठ सीटों के लिए गजट अधिसूचनायें 13 अक्टूबर को जारी होंगी। जम्मू-कश्मीर की दो और ओडिशा के एक सीट के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर होगी। नामांकन पत्रों की जांच 22 अक्टूबर को होगी, जबकि 24 अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। झारखंड, मिजोरम, पंजाब और तेलंगाना की सीटों के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 21 अक्टूबर होगी। नामांकन पत्रों की जांच 22 अक्टूबर को होगी और उम्मीदवार 24 अक्टूबर तक नाम वापस ले सकेंगे। राजस्थान की एक सीट के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 21 अक्टूबर रखी गयी है। नामांकन पत्रों की जांच 23 अक्टूबर को होगी जबकि नाम 27 अक्टूबर तक वापस लिये जा सकेंगे। जम्मू-कश्मीर की बडगाम सीट मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के इस्तीफ़े के कारण खाली हो गयी थी। वह 2024 के विधानसभा चुनाव में बडगाम के साथ गांदरबल सीट से विजयी हुये थे और बाद में उन्होंने बडगाम सीट से इस्तीफा दे दिया था। केंद्र शासित प्रदेश की नगरौटा सीट भाजपा के विधायक देवेंद्र सिंह राणा के निधन के बाद खाली हो गयी थी। राजस्थान की अन्ता सीट विधायक कंवरलाल मीणा के अयोग्य हो जाने के कारण खाली हुई है। उन्हें एक आपराधिक मामले में अदालत ने तीन साल की सजा सुनायी थी। झारखंड, तेलंगाना, पंजाब, मिजोरम और ओडिशा की एक-एक सीट विधानसभा चुनावों में विजयी उम्मीदवारों के निधन की वजह से खाली हुई हैं।

### अदालती कार्यवाही...

मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने इस घटा की कड़ी निंदा करते हुए इसे संघ परिवार की ओर से फैलाई जा रही नफरत का प्रतिबिंब करार दिया। इसे खतरनाक बताते हुए, विजयन ने कहा कि इसे एक व्यक्तिगत कृत्य बताकर खारिज करना असहिष्णुता के बढ़ते माहौल की अनदेखी होगी। जब सांप्रदायिक कट्टरता सीजेआई तक को निशाना बनाने की हिम्मत करती है, तो यह इस विभाजनकारी और जहरीली राजनीति के गंभीर खतरे को उजागर करता है, जिसका बिना किसी हिचकिचाहट के सामना किया जाना चाहिए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को अदालती कार्यवाही के दौरान भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई पर हमले के कथित प्रयास की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह न केवल न्यायपालिका पर हमला है, बल्कि संविधान का भी गंभीर अपमान है। उन्होंने कहा, न्यायपालिका लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों को बनाए रखने के लिए है। न्याय की सर्वोच्च संस्था (उच्चतम न्यायालय) में भारत के प्रधान न्यायाधीश पर हमला करने का प्रयास न केवल न्यायपालिका पर हमला है, बल्कि हमारे लोकतंत्र, हमारे संविधान और हमारे राष्ट्र का गंभीर अपमान है।

### जयपुर के...

पूरी मंजिल पर फैल गया और मरीजों और उनके परिजनों में दहशत फैल गई। आग में कई दस्तावेज, आईसीयू उपकरण व अन्य सामान जलकर खाक हो गए। अस्पताल के कर्मचारियों और मरीजों के तीमारदारों ने मरीजों को बाहर निकाला। यहां तक कि उन्हें उनके बिस्तरों सहित इमारत से बाहर भी पहुंचाया गया। सूचना मिलने के तुरंत बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और लगभग दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। घटनास्थल पर मौजूद वार्ड बॉय विकास ने बताया कि आग के विकराल होने से पहले उन्होंने और अन्य कर्मचारियों ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाया। उन्होंने कहा, ''जब हमें आग की खबर मिली, तब हम ऑपरेशन थिएटर में थे, इसलिए हम तुरंत सेंटर के अंदर मौजूद लोगों को बचाने के लिए दौड़े। हम कम से कम तीन-चार मरीजों को बचाने में कामयाब रहे। हालांकि, आग की लपटें तेज होने के कारण, हम इमारत के अंदर नहीं जा सके। हमने ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाने की पूरी कोशिश की। उन्होंने बताया कि पुलिस बाद में पहुंची, लेकिन भारी धुएं के कारण वे तुरंत इमारत में नहीं जा सके। जब दमकल की टीम पहुंची, तो पूरा वार्ड धुएं से घिरा हुआ था। दमकलकर्मियों को आग बुझाने के लिए इमारत के दूसरी तरफ की एक खिड़की तोड़नी पड़ी। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने स्थिति का जायजा लेने के लिए ट्रॉमा सेंटर का दौरा किया। पटेल और बेढम के वहां पहुंचने पर दो मरीजों के तीमारदारों ने अपनी पीड़ा व्यक्त की और आरोप लगाया कि आग लगने के दौरान कर्मचारी भाग गए थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि अस्पताल के कर्मचारी उनके मरीजों की स्थिति के बारे में जानकारी नहीं दे पा रहे थे। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने कहा, ''हमने धुआं देखा और तुरंत कर्मचारियों को सूचित किया, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। जब आग लगी, तो वे सबसे पहले भागे। अब, हमें अपने मरीजों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। हम उनकी हालत जानना चाहते हैं, लेकिन कोई हमें बता नहीं रहा है बाद में, मुख्यमंत्री भी घटनास्थल पर पहुंचे और चिकित्सकों एवं मरीजों से बात की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में आग लगने की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों एवं अधिकारियों से जानकारी ली और त्वरित राहत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मरीजों की सुरक्षा, इलाज और प्रभावित लोगों की देखभाल के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। शर्मा ने कहा, ''प्रभु श्रीराम दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें। राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ है और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एक प्रवक्ता के अनुसार हादसे को देखते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने दिल्ली का सरकारी दौरा स्थगित किया है। वह लगातार घटना पर नजर रख रहे हैं। राज्य सरकार ने हादसे की जांच के लिए समिति बनाने की घोषणा की है। यह समिति आग लगने के कारणों, अस्पताल की आपात स्थिति से निपटने की तैयारी और प्रतिक्रिया, सुरक्षा उपायों और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपायों पर विचार करेगी। इस समिति की अध्यक्षता चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त इकबाल खान करेंगे। समिति द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण और घटना के सभी पहलुओं की समीक्षा के बाद अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने की उम्मीद है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर शोक जताते हुए कहा कि राज्य सरकार इस घटना की उच्च स्तरीय जांच करवाकर यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में कहीं भी ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति नहीं हो।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री...

न देने के लिए दबाव डाला और इसके लिए उन्हें एक लाख रुपए की रिश्वत देने की कोशिश भी की। धमकी के इस घटनाक्रम से भयभीत होकर गवाह बलविंदर सिंह अपनी जमीन ठेके पर देकर उत्तर प्रदेश छोड़कर पंजाब चले गए थे। बलविंदर सिंह का यह भी आरोप था कि स्थानीय पुलिस द्वारा उनका मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी कर रही है। जिसके बाद उन्होंने न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद, पढुआ थाने में पुलिस ने पूर्व मंत्री अजय मिश्र टेनी, उनके बेटे आशीष मिश्रा, और अमनदीप सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अब मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। यह घटनाक्रम खीरी कांड से जुड़े कानूनी और राजनीतिक गलियारों में एक बार फिर हलचल पैदा कर गया है।

### स्वच्छता कर्मियों का...

आदित्यनाथ ने कहा कि कोई जनप्रतिनिधि अत्यधिक दो से तीन या सात दिन तक कोई सामाजिक कार्यक्रम चलाता है। दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने पूरे 75 दिन तक हर वार्ड वार्ड घूमकर स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया, इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। सभी जनप्रतिनिधि को ऐसा ही करना चाहिए। जिससे लोग यह न कह सकें कि चुनाव के समय ही दिखते हैं। मुख्यमंत्री ने वाराणसी दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के समस्त पार्षद, स्वच्छताकर्मी को भी इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इन लोगों ने सेवा पखवाड़ा को 75 दिन तक चलाया और समाज के भीतर स्वच्छता के लिए जागरूकता का कार्य किया।

# मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर जिले में 1,333 करोड़ रुपये की लागत से 22 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुजफ्फरपुर जिले के सकरा वाजिद पंचायत भवन परिसर से 1,333.29 करोड़ रुपये की लागत से कुल 22 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 83.32 करोड़ रुपये की लागत से 6 योजनाओं का उद्घाटन तथा 1249.97 करोड़ रुपये की लागत से 16 योजनाओं का शिलान्यास / कार्यारंभ शामिल है। इनमें 32.32 करोड़ रुपये की लागत से राज्य स्कीम के तहत मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवास निर्माण, 26 करोड़ रुपये की लागत से एमआईटी मुजफ्फपुर में छात्र एवं छात्राओं के लिए (कुल 2 अदद) 200 बेडेड वाले छात्रावास का निर्माण, 13.28 करोड़ रुपये की लागत से विद्युत शक्ति उपकेंद्र, वाजिदपुर, बोचहां, केरमा एवं कुढनी का निर्माण, 2.32 करोड़ रुपये की लागत से बघनगरी एवं कांटी (गोंविद्पुर फुल्कांहा) में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का निर्माण, 4.70 करोड़ रुपये के लागत से औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पश्चिमी मुजफ्फपुर का निर्माण तथा 4.70 करोड़ रुपये की लागत से महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला मुख्यालय, मुजफ्फपुर का निर्माण कार्य । इसके अलावा 589.05 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत गंडक नदी पर फतेहाबाद (पारू ब्लॉक) से चंचलिया (सरैया ब्लॉक) तक उच्च स्तरीय पीएससी बॉक्स सेल सुपर स्ट्रक्चर मेन पुल एवं पहुंच पथ में 3 अदद पीएससी सुपर स्ट्रक्चर पुल निर्माण कार्य, 199.45 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फपुर जिला अंतर्गत प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह-आवासीय परिसर, कंाटी, पारू, साहेबगंज, सरैया, मोतिपुर, सकरा, औराई, बोचहां, मुसहरी, गायघाट, मड़वन एवं बंदरा के निर्माण कार्य, 184.32 करोड़ रुपये की लागत से मुजफ्फपुर जिला अंतर्गत राज्य स्कीम मद से डॉ भीमराव अंबेडकर टेन प्लस टू आवासीय विद्यालय प्रखंड सह अंचल, मोतिपुर, सकरा, पारू, एवं बंदरा में विद्यालय भवन (720 आसन) का निर्माण कार्य सहित अन्य कई महत्वपूर्ण विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास / कार्यरंभ शामिल है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित जीविका दीदियों, पेंशनधारी लाभुकों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त राज कुमार, जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक चंदन कुशवाहा, वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरीय अधिकारी गण, लाभार्थी गण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भाजपा ने पंजाब सरकार को तीन साल में लिए गए कर्ज पर घेरा, श्वेत पत्र जारी करने की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अरविंद खन्ना ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार को कर्ज के मुद्दे पर घेरते हुए श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। अरविंद खन्ना ने सोमवार को एक बयान में कहा कि पंजाब सरकार गुपचुप तरीके से अगले तीन माह के भीतर 5093 करोड़ रुपये का कर्ज लेने जा रही है। इसी तैयारी हो चुकी है। खन्ना ने कहा कि आज पंजाब के वित्तीय हालत इस तरह से बिगड़ चुके हैं कि पंजाब सरकार पुराना कर्ज उतारने के लिए नया कर्ज ले रही है और सरकारी संपत्तियों को नीलाम किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी सरकार के मंसूबे किसी भी सूरत में कामयाब नहीं होने देगी। खन्ना ने कहा कि 5093 करोड़ रुपये की धनराशि राज्य की प्रतिभूतियों की बिक्री के माध्यम से खुले बाजार से जुटाई जाएगी। राज्य सरकार के उधार कैलेंडर के अनुसार अक्टूबर में दो किस्तों में 1500 करोड़, नवंबर में 1,500 करोड़ और दिसंबर में 2093 करोड़ उधार लिए जाएंगे। इन नए ऋणों के साथ अप्रैल से दिसंबर के बीच राज्य सरकार की उधारी 23,000 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। राज्य सरकार ने अप्रैल और अगस्त के बीच 13,326 करोड़ रुपये जुटाए थे और पिछले महीने अतिरिक्त 4,000 करोड़ रुपये उधार लिए गए थे। अगर यही हालात रहे तो मार्च 2026 तक 4.17 लाख करोड़ कर्ज हो जाएगा। पंजाब के हालात यह हैं कि कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। अरविंद खन्ना ने कहा कि पंजाब की पूर्व कंाग्रेस सरकार की तरह आम आदमी पार्टी की सरकार भी कर्ज के सहारे सरकार चला रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब के वित्त मंत्री बिना किसी देरी के पंजाब की जनता के सामने तीन साल के दौरान लिए गए कर्ज पर श्वेत पत्र जारी करें। पंजाब विधानसभा के भीतर और बाहर अन्य राजनीति दलों को कर्ज के मुद्दे पर घेरने वाली पंजाब सरकार आज पंजाब की जनता को तीन साल में लिए गए कर्ज पर श्वेत पत्र जारी करके सच्चाई से अवगत करवाए।

# एक करोड़ तीस लाख की राशि से बनेगा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चपरांव का नया भवन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सहरसा। जिले में सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड क्षेत्र के कंाठो पंचायत स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चपरांव पिछले कई दशकों से जर्जर अवस्था में था। क्षेत्रवासियों द्वारा कई वर्षों इसके जीर्णोद्धार करने की मांग की जा रही थी। लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा था। गत वर्ष 19 दिसम्बर 2024 को पंचायत समिति सदस्य परितोष कुमार सिंह के नेतृत्व में अस्पताल के जीर्णोद्धार व बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था की मांग को लेकर आमरण अनशन किया गया था। सासंद प्रतिनिधि रितेश रंजन भी आंदोलन का हिस्सा बनकर मुद्दा को आगे बढ़ाते हुए लगातार पहल करते रहे। उस समय खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के सासंद राजेश वर्मा द्वारा ठोस आश्वासन के बाद अनशन समाप्त हुआ था। गत दिनों राज्य सरकार द्वारा 1.30 करोड़ रुपये अस्पताल के नए भवन के लिए स्वीकृत किया गया। जिस खुशी में पंसस परितोष सिंह के नेतृत्व में युवाओं ने आपस में मिठाई बांटकर खुशी जाहिर करते हुए सांसद राजेश वर्मा व सासंद प्रतिनिधि रितेश रंजन के अथक प्रयास के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चपराव की भवन नहीं रहने से करीब दस हजार की आबादी प्रभावित हो रही थी और उन्हें इलाज के लिए करीब 12 किलोमीटर दूर अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर या फिर 15 किलोमीटर दूर सदर अस्पताल सहरसा जाना पड़ता था। अब जब स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लेते हुए नए भवन निर्माण की स्वीकृति मिल जाने से लोगों में खुशी का माहौल है।

# शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और स्रोत पर कूड़ा संग्रहण सुनिश्चित करें सभी निकाय: जिलाधिकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पौड़ी गढ़वाल। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने सभी नगर निकायों की समीक्षा बैठक लेते हुए स्वच्छता, कूड़ा निस्तारण, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, यूसीसी पंजीकरण एवं ई-ऑफिस प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी निकायों को शत-प्रतिशत घरों से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित करने, कूड़े के स्रोत संग्रहण पर विशेष ध्यान देने तथा अतिक्रमण हटाने में सक्रियता बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन निकायों में शतप्रतिशत हाउसहोल्ड्स से डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण हो रहा है, वह इस सम्बन्धी प्रमाणपत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कूड़े का स्रोत संग्रहण सुनिश्चित करवाने के लिए निकायों के अधिकारियों को कैंप लगाकर जागरुकता फैलाने के साथ साथ प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गीला व सूखा कूड़ा स्रोत पर ही अलग-अलग संग्रहीत हो, इस हेतु निकाय कार्मिकों की टीम गठित कर लोगों को जागरुक करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने सख़्त निर्देश दिए कि जल निकायों के आसपास डंपिंग जोन न बनें, इस हेतु सभी नगर निकायों द्वारा शीघ्र कार्रवाई की जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि कूड़ा निस्तारण में कंाट्रेक्टर स्तर की लापरवाही या नियमानुसार कार्य न करने पर पेनाल्टी की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कॉन्ट्रेक्टरों द्वारा रखे गए सफाई कर्मियों को निर्धारित किट सेफ्टी (बूट, जैकेट, ग्लब्स आदि) को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के साथ-साथ हर सफाई कर्मी का पहचान सत्यापन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी नगर निकायों को कूड़े के प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एकल प्रयोग प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाए जाने की कार्रवाई सुचारु करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेकिंग का अभियान चलाकर कम लागत वाले वैकल्पिक प्लास्टिक के उपयोग हेतु जागरुकता फैलाने को कहा। जिलाधिकारी ने निकायों से सेप्टेज प्रबंधन और सीवर लाइन बिछे होने की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस हेतु भूमि हस्तांतरण करने के लिए वन विभाग के साथ लगातार समन्वय करें। साथ ही उन्होंने नगर निकाय पौड़ी को इस हेतु डीपीआर तैयार करवाने जबकि सतपुली को शासन स्तर पर भेजी गई डीपीआर का निरंतर फॉलोअप करते रहने के निर्देश दिए।

## फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग घोटाले का पर्दाफाश, गुजरात से दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए निर्दोष नागरिकों को लुभाने वाले साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। बाहरी-उत्तरी जिला की साइबर थाना पुलिस ने गुजरात से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपित ऑनलाइन निवेश घोटाले में शामिल थे, जिसमें ठगों द्वारा शेयर बाजार में उच्च लाभ का लालच देकर पीड़ितों को ठगा गया था। इस कार्रवाई से 11.20 लाख रुपये की ठगी का पर्दाफाश हुआ और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए। पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि 13 मई को एनसीआरपी पोर्टल पर एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि फ़ेसबुक ग्रुप के जरिए फर्जी लाभ के स्क्रीनशॉट दिखाकर उन्हें ब्लिंकमैक्स नामक फर्जी ट्रेडिंग ऐप में निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया। इसमें प्रतिदिन 5-10 प्रतिशत रिटर्न का वादा किया गया था। पुलिस ने मामला दर्ज आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की।

## दरभंगा में अनुकम्पा के आधार पर 52 अभ्यर्थियों को मिली नियुक्ति, जिलाधिकारी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

दरभंगा। दरभंगा जिला अंतर्गत माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अनुकम्पा के आधार पर कुल 52 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें 44 विद्यालय लिपिक एवं 8 विद्यालय परिचारी के पद शामिल हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी कौशल कुमार ने नियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग में नियुक्त यह कर्मी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि अनुकम्पा पर मिली नियुक्ति केवल अवसर नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है, जिसका निर्वहन पूरी निष्ठा से किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के साथ किया संवाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



उत्तरकाशी। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के साथ संवाद किया।

सोमवार को जिला मुख्यालय में आयोजित संवाद सत्र कार्यक्रम में सतत विकास एवं नीतिगत निर्माण से संबंधित विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। तथा प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सवाल पूछे और अपने विचार साझा किए। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सस्टेनेबल डेवलपमेंट सिर्फ एक लक्ष्य नहीं,बल्कि प्रशासनिक निर्णयों का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। उन्होंने कहा कि विकास की किसी भी प्रक्रिया में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता और आर्थिक सशक्तिकरण को समाविष्ट करना अनिवार्य है।जिलाधिकारी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे जल संरक्षण,हरित ऊर्जा, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, कृषि, बागवानी, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं के सतत विकास में योगदान पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशिक्षुओं को नीति निर्माण की जमीनी चुनौतियों एवं उसके समाधान से भी अवगत कराया। सीमांत वाइब्रेट विलेज के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के बाद वापस लौटे 42 प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी इस अवसर पर विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सवाल पूछे और अपने विचार साझा किए। जिलाधिकारी ने उनके प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्हें प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में नवाचार और जनसहभागिता को प्राथमिकता देने की सलाह दी।जिलाधिकारी ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप आने वाले समय में न केवल बेहतर प्रशासक बनें,बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले प्रेरक बनें। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर एडीएम मुक्ता मिश्र, डीसी आईटीबीपी प्रकाश सिंह, डॉ.अक्षय, आपदा समन्वयक जय पंवार सहित अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षु आईएएस उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की तीसरी किस्त जारी, जीविका दीदियों में उत्साह



अररिया। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 21 लाख महिलाओं के बैंक खातों में डीबीट के माध्यम से दस-दस हजार की राशि सोमवार को भेजी गई। जिसमें अररिया की 60 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हैं। इस योजना के तहत अबतक प्रदेश में 1 करोड़ 21 लाख महिलाओं को इसका लाभ दिया जा चुका है। इस योजना के प्रथम चरण में 26 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 75 लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार की राशि भेजी गयी थी। जबकि, दूसरे चरण में 03 अक्टूबर 25 को मुख्यमंत्री ने 25 लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार की राशि भेजी थी। पटना में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया। वहीं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मौके पर बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी एवं श्रवण कुमार भी उपस्थित रहे। इस क्रम में जिले में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन परमान सभागार में किया गया। जहां जिलाधिकारी अनिल कुमार, उप विकास आयुक्त रोजी कुमारी, डीपीएम जीविका नवीन कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित रहीं। वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान जीविका दीदियां काफी उत्साहित दिखीं।

# मुख्यमंत्री वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में हुए एनडीएमसी के कार्यक्रम में शामिल हुई


**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सोमवार को आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य पर कन्वेंशन सेंटर में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। इस अवसर पर एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत चहल उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, महर्षि वाल्मीकि ने अपनी रचना रामायण के माध्यम से यह संदेश दिया कि समाज की वास्तविक शक्ति उसमें निहित करुणा, समानता और श्रम की गरिमा में है। उन्होंने उस युग में भी बताया कि किसी की उत्पत्ति नहीं, बल्कि उसका कर्म ही उसकी पहचान है। उन्होंने कहा, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यही भाव अंत्योदय के रूप में साकार हो रहा है जहां समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की हर किरण पहुंचाना ही हमारा धर्म है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीएमसी द्वारा हजारों मेहनती कर्मचारी भाई-बहनों का नियमितीकरण इसी समता, सम्मान और श्रम के मूल्यों को सशक्त बनाने का उत्कृष्ट उदाहरण है। महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि जब हर व्यक्ति को अवसर और सम्मान मिलेगा, तभी समाज और राष्ट्र सच्चे अर्थों में विकसित होगा।

## हिमांशु उर्फ भाऊ का अपराध सिंडिकेट ध्वस्त, 10 आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली में सक्रिय कुख्यात गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ के अपराध सिंडिकेट को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ध्वस्त करते हुए 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की है। वहीं गैंग लीडर हिमांशु उर्फ भाऊ और उसके साथी साहिल को अदालत ने घोषित बदमाश करार दिया है। पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ गैरहाजिरी में ट्रायल चलाने की अर्जी भी अदालत में दाखिल की है। क्राइम ब्रांच के संयुक्त पुलिस आयुक्त सुरेंद्र कुमार ने सोमवार को बताया कि गैंग का सरगना हिमांशु उर्फ भाऊ भारत से फरार होकर विदेश में अज्ञात स्थान से गिरोह का संचालन कर रहा था। वह फर्जी पासपोर्ट के जरिए पुर्तगाल होते हुए विदेश भागा था। पुलिस अब उसके ठिकाने का पता लगाने में जुटी है। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि 06 मई 2024 की शाम को दिल्ली के तिलक नगर थाना क्षेत्र में फायरिंग की घटना हुई थी। फ्यूजन कार शोरूम में तीन हमलावरों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर दहशत फैलाई थी, ताकि व्यापारी वर्ग में अपने गैंग लीडर हिमांशु भाऊ का खौफ कायम रहे। इस घटना में छह निर्दोष लोग घायल हुए थे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063